Page 11

खेल

जन-जन की वाणी...

हिन्दी दैनिक

सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित

Page 10

देश

कृष्ण पक्ष, अश्विनी, विक्रम संवत् 2081

• औरंगाबाद • सोमवार • 03 जून 2024 • वर्ष 26 • अंक 173 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00

विरोधी पर ध्यान देने के बजाये अपनी क्षमता से खेले भारतीय टीम : युवराज सिंह

ध्रुव राठी का आप से लिंक, लीडरशीप का करीबी, स्वामी मालीवाल ने बताया कनेक्शन

सोना चांदी

सोना	चांदी
10 ग्राम 24 कैरेट	1 किलो चांदी
₹72,550	₹93,500

आज का इतिहास

- 1818 : भारत में ब्रिटिश और मराठा संघों के बीच मराठा युद्ध समाप्त हुआ।
- 1972 : पहला भारत निर्मित आधुनिक युग के युद्धपोत आईएनएस नीलगिरी को भारतीय नौसेना में शुरू किया गया।

न्यूज बाइट्स

एनएच 30 पर आज से बढ़ा टोल टैक्स

पटना (नि। सं।)। राष्ट्रीय उच्च पथ संख्या 30 पर दीदारगंज के समीप स्थित पटना बख्तियारपुर टोल प्लाजा से रविवार की आधी रात यानी तीन जून से बढ़ गया। एक अप्रैल से लागू होने वाली नयी दर पर लगायी गई रोक सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा हटा ली गई है। अब वाहनों में लगे फास्टैग से बढ़े हुए दर से ही टैक्स की कटौती होगी। यह जानकारी शनिवार को टोल प्लाजा के महाप्रबंधक बीएन चौधरी ने दी। उन्होंने बताया कि टोल टैक्स में बढ़ोतरी ढाई से तीन प्रतिशत यानी पांच से 30 रुपये तक की हुई है।

ईवीएम मशीन ले जा रहे दरोगा की मौत

पटना (नि। सं।)। लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण के मतदान के बाद चुनावी ड्यूटी के दौरान ईवीएम मशीन ले जा रहे दरोगा की इलाज के दौरान पटना एम्स में मौत हो गई। घटना के बाद उनके शव को पोस्टमार्टम के लिए पटना एम्स में रखा गया है। घटना की पुष्टि नवादा थाना के कौवाकोल के प्रभारी प्रदीप कुमार ने की है। कौवाकोल थाने में पदस्थापित दरोगा राम भजन सिंह को चुनावी ड्यूटी के लिए औरंगाबाद में लगाया गया था। ड्यूटी खत्म करने के बाद राम भजन सिंह एवं मशीन लेकर जा रहे थे। इस दौरान अचानक उनकी तबीयत खराब हो गई।

सीबीएसई 10वीं-12वीं सप्लीमेंट्री परीक्षा के लिए आवेदन शुरू

पटना (नि। सं।)। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा 10वीं और 12वीं सप्लीमेंट्री परीक्षा के लिए आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। केवल वे छात्र जिनका नाम ऑनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से जमा किया गया है। वे ही सीबीएसई सप्लीमेंट्री एग्जाम 2024 में शामिल हो पाएंगे। बोर्ड ने कहा कि सीबीएसई सप्लीमेंट्री एग्जाम में शामिल होने वाले छात्रों से संपर्क करना स्कूलों की जिम्मेदारी है। स्टूडेंट्स सीबीएसई की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर सप्लीमेंट्री एग्जाम के लिए आवेदन 15 जून तक कर सकते हैं।

बिहार के पैक्सों में एफपीओ गठित होने में देरी

पटना (नि. सं.)। पहले चरण में राज्य के 100 पैक्सों में एफपीओ का गठन होना है। इसकी प्रक्रिया पिछले वर्ष जून में शुरू हुई थी। पैक्सों को ऑडिट कराने के बाद निबंधन कराना था। अभी तक इसके लिए आवेदन सिर्फ 12 पैक्सों ने ही किया है। अब विभाग ने निर्देश दिया है कि चयनित प्रखंडों के पैक्सों से आवेदन मंगाए जाएं। उन प्रखंडों के पैक्सों में एफपीओ का गठन होना है, जहां पहले से कोई एफपीओ कार्यरत नहीं हैं। इसलिए राज्यस्तरीय चयन समिति ने बीस जिलों के 100 पैक्सों का चयन किया था।

बिहार में शिक्षक भर्ती परीक्षा टीयर-3 की तिथि जारी

27 से 30 जून के बीच होगी परीक्षा

बीपीएससी ने जिलाधिकारियों से परीक्षा केंद्रों की मांगी लिस्ट, 87, 722 पदों पर होनी है बहाली

- वर्ग 1 से 5, वर्ग 6 से 8, वर्ग 9 से 10 और वर्ग 11 से 12 के लिए फिर से होगी परीक्षा

निज संवाददाता | पटना

बिहार में शिक्षक भर्ती परीक्षा-3 की तारीख आ गई है। 27 जून से 30 जून तक एक पाली में परीक्षा आयोजित की जाएगी। इसको लेकर बीपीएससी ने सभी जिलों के जिलाधिकारी को पत्र भेजा है। सभी जिलों को परीक्षा केंद्रों की सूची फाइनल करने के निर्देश दिए है। वर्ग 1 से 5, वर्ग 6 से 8, वर्ग 9 से 10 और वर्ग 11 से 12 के लिए फिर से परीक्षा होगी। सभी जिलाधिकारी से 6 जून तक परीक्षा केंद्रों की सूची मांगी गई है। हालांकि, परीक्षा की फाइनल तिथि की घोषणा अभी नहीं हुई है। सूची प्राप्त होने पर परीक्षा तिथि में थोड़ा बदलाव हो सकता है। इस परीक्षा में कुल सवा 5 लाख अभ्यर्थी शामिल होंगे। आपको बता दें कि पेपर लीक होने के बाद ये परीक्षा रद्द कर दी गई थी।

सरकार का क्या है प्रावधान

बिहार सरकार की नौकरियों में कॉन्ट्रैक्ट पर बहाल कर्मियों को वेटेज देने का प्रावधान है। 1 साल के लिए 5 अंक और अधिकतम 25 अंक तक का प्रावधान किया गया है। संविदा कर्मी को यह लाभ मिलता है। राज्य सरकार की तमाम नियुक्ति एजेंसियां इस प्रावधान को फॉलो करती है। बिहार के प्लस टू स्कूल समेत अन्य शिक्षण संस्थानों में गेस्ट फैकल्टी टीचर की नौकरी खत्म कर दी गई है। इस फैसले के विरोध में गेस्ट फैकल्टी सड़क पर उतरे थे। इसके बाद हाई कोर्ट में रिट याचिका दायर की थी।

हाईकोर्ट ने भी लगाई थी रोक

पटना हाईकोर्ट ने 29 मई को शिक्षक भर्ती परीक्षा (टीयर-3) पर रोक लगा दी थी। री एग्जाम से पहले हाईकोर्ट ने गेस्ट फैकल्टी को अनुभव के आधार पर वेटेज नहीं देने को लेकर स्टे लगाया था। टीयर-3 में कुल 87,722 पदों पर भर्ती निकली थी। हाईकोर्ट ने प्लस 2 स्कूल के गेस्ट टीचर को वेटेज देने के मामले पर भी स्टे लगाया गया है। याचिका पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने कहा है कि गेस्ट टीचर और कॉन्ट्रैक्ट टीचर के कार्य समान हैं। दोनों में कोई फर्क नहीं है। यदि आप नियोजित शिक्षकों को कार्य अनुभव पर मार्क वेटेज देते हैं तो फिर गेस्ट टीचर को वेटेज क्यों नहीं दिया जा सकता है।

गेस्ट फैकल्टी को देना होगा वेटेज

कोर्ट ने कहा कि गेस्ट फैकल्टी को कम से कम पांच अंक का वेटेज देना होगा। 1 साल के लिए 5 अंक 5 सालों के लिए 25 अंक का प्रावधान लागू करना होगा। गेस्ट फैकल्टी संदीप कुमार झा समेत दस लोगों ने याचिका दायर की थी, जिस पर हाईकोर्ट के जस्टिस अंजनी कुमार शरण की अदालत में सुनवाई हुई थी।

20 मार्च को रद्द हुई थी परीक्षा

तीसरे चरण में 87,722 पदों पर वैकेंसी निकली थी। 15 मार्च को बीपीएससी ने परीक्षा लिया था। इसके बाद पेपरलीक होने के आरोप लगा। जांच के बाद 20 मार्च को बिहार लोक सेवा आयोग ने तीसरे चरण की शिक्षक भर्ती परीक्षा को रद्द कर दिया। बीपीएससी की ओर से इसके लिए नोटिस जारी किया गया था। नोटिस में लिखा था कि आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) द्वारा लिखित सूचना दी गई कि 15 मार्च को दो पालियों में ली गई शिक्षक भर्ती परीक्षा के प्रश्न-पत्र परीक्षा के पूर्व ही संगठित गिरोह के पास पहुंच गए थे। आर्थिक अपराध इकाई द्वारा विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

पीएम नरेन्द्र मोदी ने की देश में भीषण गर्मी व मानसून की स्थिति की समीक्षा बैठक

- पीएम ने पूर्वोत्तर राज्यों में चक्रवात के बाद की स्थिति की समीक्षा
- अगली सरकार को लेकर भी किया बैठक

एजेंसी | नयी दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में भीषण गर्मी की स्थिति के साथ साथ मानसून से संबंधित स्थिति से निपटने की तैयारियों की रविवार की सुबह अपने आवास पर एक बैठक में समीक्षा की। प्रधानमंत्री को बताया गया कि मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार राजस्थान, गुजरात और मध्य प्रदेश के कुछ हिस्सों में भीषण गर्मी और लू जारी रहने की संभावना है। मानसून के बारे में बताया गया कि इस वर्ष देश के अधिकांश हिस्सों में मानसून के सामान्य और सामान्य से ऊपर रहने तथा प्रायद्वीपीय भारत के कुछ हिस्सों में सामान्य से कम रहने की संभावना है। श्री मोदी ने निर्देश दिया है कि गर्मी के मौसम में आग की घटनाओं को रोकने और उनसे निपटने के लिए उचित अभ्यास नियमित आधार पर किया जाना चाहिए। अस्पतालों और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर अग्निशमन सुविधाओं की जांच और विद्युत सुरक्षा की जांच नियमित रूप से की जानी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि जंगलों में 'फायर-लाइन' के रखरखाव और बायोमास के सदुपयोग के लिए नियमित अभ्यास की योजना बनाई जानी चाहिए। प्रधानमंत्री को जंगल की आग की समय पर पहचान और उसके प्रबंधन में मददगार 'वन अग्नि' पोर्टल की उपयोगिता के बारे में भी बताया गया।

पीएम ने हाल में आए चक्रवात के बाद की स्थिति, खासकर पूर्वोत्तर राज्यों के संबंध में समीक्षा के लिए एक बैठक की अध्यक्षता की। चक्रवात रेमल के आने के बाद आठ पूर्वोत्तर राज्यों में से चार में भारी बारिश और भूस्खलन में कम से कम 36 लोगों की मौत हो गई, जिससे सामान्य जीवन अस्त-व्यस्त हो गया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ये बैठकें लोकसभा चुनाव के आखिरी चरण का मतदान संपन्न होने के अगले दिन हो रही है। मतदान संपन्न होने के बाद अधिकांश 'एक्जिट पोल' में अनुमान लगाया गया है कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) फिर से सत्ता में वापसी कर सकता है। लोकसभा चुनाव शुरू होने से पहले ही मोदी ने नयी सरकार के लिये 100 दिन का एजेंडा तैयार करने के वास्ते विभिन्न सरकारी मंत्रालयों को काम सौंपा था। उन्होंने अपनी मंत्रिपरिषद से पहले 100 दिनों के लिए कार्यक्रमों और पहल को प्राथमिकता देने के लिए कहा है। बैठक में प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव, कैबिनेट सचिव, गृह सचिव, पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के सचिव, एनडीआरएफ के महानिदेशक और एनडीएमए के सदस्य सचिव के साथ-साथ प्रधानमंत्री कार्यालय तथा संबंधित मंत्रालयों के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

केके पाठक का अवकाश, एस सिद्धार्थ को मिला शिक्षा विभाग का अतिरिक्त प्रभार

- शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव की 28 दिनों की छुट्टी मंजूर कर ली गई है।

निज संवाददाता | पटना

बिहार शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव केके पाठक ने सामान्य प्रशासन विभाग को 28 दिनों की छुट्टी के लिए आवेदन दिया था, जिसे स्वीकार कर लिया गया है। वे 3 जून से 30 जून तक अर्जित अवकाश पर रहेंगे। अब केके पाठक के छुट्टी पर जाने के बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रधान सचिव एस सिद्धार्थ को शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव का प्रभार सौंपा गया है। बता दें कि केके पाठक ने लंबी छुट्टी के लिए आवेदन दिया था। जिसे स्वीकृत करते हुए सामान्य प्रशासन विभाग ने पत्र भी जारी कर दिया है। वहीं केके पाठक के अचानक से अवकाश पर जाने को लेकर तमाम तरह की बातें सामने आ रही हैं। कुछ का कहना है कि पाठक नाराज होकर अवकाश पर जा रहे हैं। कुछ मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक वह शुक्रवार को रिटायर हुए माध्यमिक शिक्षा निदेशक कन्हैया प्रसाद श्रीवास्तव को एक्सटेंशन चाहते थे, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। वहीं, कुछ लोग केके पाठक के छुट्टी पर जाने का कारण स्कूल की टाइमिंग और शिक्षकों की छुट्टी को लेकर हुए विवाद से भी जोड़कर कर देख रहे हैं। दरअसल, भीषण गर्मी की वजह से स्कूल में बच्चों की तबीयत खराब हो रही थी। जिसे देखते हुए सीएम ने स्कूलों में छुट्टी का आदेश जारी किया था। जिसके बाद शिक्षा विभाग ने बच्चों को तो छुट्टी दे दी थी, लेकिन शिक्षकों की ड्यूटी लगा दी थी। जिसका काफी विरोध हुआ। इसी बीच केके पाठक ने छुट्टी का आवेदन दे दिया। इसके अलावा केके पाठक की छुट्टी पर जाने की और भी चर्चाएं हैं।

औरंगाबाद में 150 किलो मीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हाइवा-कार की टक्कर

तीन की मौत, दो गंभीर रूप से घायल

निज संवाददाता | औरंगाबाद

औरंगाबाद में सड़क हादसे में 3 दोस्तों की मौत हो गई। कार से 5 दोस्त वाटर पार्क जा रहे थे। इस दौरान तेज रफ्तार कार ने सड़क किनारे खड़े हाइवा में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। ड्राइविंग सीट के बगल में बैठे युवक का शव गाड़ी में ही फंसा रह गया। हादसा नगर थाना क्षेत्र में एनएच-19 पर शनिवार को हुआ। मरने वालों में से दो युवक सन्नी और सोनू की मौत घटना स्थल पर ही हो गई थी। जबकि एक युवक राजा की मौत देर शाम अस्पताल में इलाज के दौरान हुई। 2 अन्य की स्थिति नाजुक बनी हुई है। परिजनों ने बताया कि हादसे के वक्त गाड़ी की रफ्तार 140 से 150 किमी प्रति घंटे थी। हाई स्पीड होने के कारण परखच्चे उड़ गए।

जानकारी के अनुसार सभी युवक रोहतास के डेयरी के कचौड़ी गली के रहने वाले हैं। घायलों और मरने वालों की उम्र 20 से 30 साल के बीच बताई जा रही है। कार में सवार सभी युवक वाटर पार्क गए थे और वहां से वापस लौटने के दौरान घटना हो गई। मौके पर पहुंची नगर थाना की पुलिस ने वाहन में फंसे घायलों को निकाल कर अस्पताल में भर्ती कराया। थानाध्यक्ष उपेंद्र सिंह ने बताया कि तीनों शवों का पोस्टमॉर्टम कराकर मृतक के परिजनों को सौंप दिया गया है। अस्पताल पहुंचे मृतक के परिजनों ने बताया कि शनिवार को सभी दोस्त घर से कार में सवार होकर औरंगाबाद के चतरा मोड़ के पास स्थित वाटर पार्क घूमने के लिए निकले थे। वाटर पार्क से घर लौट रहे थे। इस दौरान क्षत्रिय नगर के पास एनएच 19 पर कार हाइवा से टकरा गई। कार की स्पीड 140 -150 के बीच थी। इस वजह से वाहन के परखच्चे उड़ गए हैं।

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने तिहाड़ जेल में किया सरेंडर

नई दिल्ली (ए.)। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने रविवार को तिहाड़ जेल में सरेंडर किया। इससे पहले वे आम आदमी पार्टी के दफ्तर गए और कार्यकर्ताओं से मिले। उन्होंने कहा कि मैं देश बचाने के लिए जेल जा रहा हूं। मुझे नहीं पता कब वापस आऊंगा। वहां मेरे साथ क्या-क्या होगा, मुझे नहीं पता। दिल्ली सीएम ने कहा कि 2024 लोकसभा चुनाव के एग्जिट पोल कल सामने आए। लिखकर ले लीजिए, ये सभी एग्जिट पोल फर्जी हैं।

सीएम नीतीश कुमार दिल्ली हुए रवाना, सेहत का कराएंगे इलाज

निज संवाददाता | पटना

सीएम नीतीश कुमार रविवार को दिल्ली के लिए रवाना हो गए हैं। यह उनकी निजी यात्रा है। चुनाव के दौरान कई बार उनकी तबीयत बिगड़ी थी। वहां जाकर वह इलाज भी कराएंगे। इस यात्रा के दौरान एनडीए के कुछ नेताओं से भी मुलाकात कर सकते हैं। सोमवार देर शाम सीएम नीतीश पटना लौट आएंगे। वहीं, पटना पहुंचे मध्य प्रदेश के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि इंडिया गठबंधन का सपना 4 जून को टूट जाएगा। देश की जनता भारत को ऊंचाइयों पर देखना चाहती है। पीएम मोदी देश को ऊंचाइयों पर ले जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी फिर से प्रधानमंत्री बनेंगे। बीजेपी नेता कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि बिहार में गोली-बम चलाना लालू जी के राज में बहुत हुआ था। यह बिहार में बहुत सामान्य सा हो गया था। रामकृपाल यादव बहुत ही सक्षम नेता हैं। बहुत अच्छे नेता हैं। हो सकता है जीत के कारण कहीं ना कहीं लोगों में कुछ ऐसा भाव आया हो कि उन पर गोली चलाई गई है।

तीन करोड़ से अधिक का डोडा जब्त

निज संवाददाता | चाईबासा (झारखंड)

पश्चिमी सिंहभूम के चाईबासा में पुलिस ने नशे के कारोबार पर बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने टोबो थाना क्षेत्र के चाकी नदी किनारे 2100 किलो डोडा बरामद हुआ है। दरअसल ये डोडा तस्करी करने के लिए जंगल की झाड़ियों में छिपा कर रखा गया था। इस मामले में पुलिस ने अज्ञात अपराधियों के खिलाफ टोबो थाना में मामला दर्ज किया है। बरामद हुए डोडा के बारे में जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर ने बताया कि पुलिस मादक द्रव्य पदार्थ संबंधी कारोबारियों से निपटने के लिए लगातार छापेमारी की जाती रही है। 1 जून 2024 को गुप्त सूचना पर टोबो थाना अंतर्गत परैया से करीब एक किलोमीटर दक्षिण दिशा में चाकी नदी के किनारे से अवैध डोडा (पोस्ता का छिलका) का तस्करी के उद्देश्य से भंडारण किया गया है। पुलिस अधीक्षक चाईबासा के निर्देशानुसार एक छापामारी दल का गठन किया गया।

अरुणाचल में बीजेपी की प्रचंड जीत, 46 सीट जीतकर तीसरी बार सत्ता में की वापसी

नि.स. | ईटानगर (अरुणाचल प्रदेश)

राज्य में 60 में से 50 विधानसभा सीट के लिए 19 अप्रैल को लोकसभा चुनाव के साथ मतदान हुआ था। भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) ने 10 सीट पहले ही निर्विरोध जीत ली थीं। अधिकारियों के अनुसार, जिन 50 सीट पर मतदान हुआ, उनमें से भाजपा ने 46 सीट पर जीत दर्ज की और मुख्यमंत्री पेमा खांडू निर्विरोध जीतने वाले 10 उम्मीदवारों में से एक हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भाजपा की जीत पर राज्य के लोगों का धन्यवाद व्यक्त किया। उन्होंने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, धन्यवाद अरुणाचल प्रदेश! इस अद्भुत राज्य की जनता ने विकास की राजनीति को स्पष्ट जनादेश दिया है। अरुणाचल में भाजपा पर एक बार फिर अपना विश्वास जताने के लिए उन्हें मेरा आभार। हमारी पार्टी राज्य के विकास के लिए और भी अधिक उमंग के साथ काम करेगी। पीएम मोदी ने आगे लिखा, मैं चुनाव अभियान में अरुणाचल के असाधारण भाजपा कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत की सराहना करना चाहूंगा। जिस तरह वे पूरे राज्य में गए और लोगों से जुड़े, वह सराहनीय है। नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) को पांच सीट मिलीं, जबकि पीपुल्स पार्टी ऑफ अरुणाचल ने दो और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) ने तीन सीट पर जीत दर्ज की। कांग्रेस ने एक सीट जीती और तीन सीट पर निर्दलीय उम्मीदवार विजयी हुए हैं। भाजपा ने अरुणाचल प्रदेश में 2019 के विधानसभा चुनाव में 41 सीट पर जीत हासिल की थी। अरुणाचल विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत के बाद राज्य के सीएम पेमा खांडू ने कहा, यह अरुणाचल प्रदेश के लिए ऐतिहासिक दिन है, खासकर भाजपा के लिए। पार्टी ने इन विधानसभा चुनावों में नया रिकॉर्ड बनाया है। भाजपा में सत्ता के पक्ष में रुझान है। 2019 में हमने 41 सीटें जीती थीं और 2024 में हम 46 सीटें जीतेंगे। उन्होंने यह भी कहा, 4 जून को लोकसभा चुनाव की मतगणना होगी। उसके बाद सभी विजयी उम्मीदवार यहां ईटानगर पहुंचेंगे। दिल्ली से वरिष्ठ नेता भी आ सकते हैं। पार्टी की औपचारिकताओं के बाद हम नई सरकार बनाने का दावा पेश करेंगे। उन्होंने कहा, हमें पूरा भरोसा है कि हम राज्य की दोनों लोकसभा सीटें जीतेंगे।

सावधान : बिहार के 10 जिलों में एक बार फिर से बदलने वाला है मौसम

आम लोगों और किसानों को सावधान रहने की दी गई है सलाह

निज संवाददाता | पटना

बिहार में चल रही खतरनाक लू के बीच मौसम विभाग ने लोगों के लिए राहत की खबर दी है। मौसम विभाग के मुताबिक बिहार के 10 जिलों में मौसम बिगड़ने के आसार हैं और तेज बारिश की संभावना जताई गई है। हालांकि, कई जिलों में अब भी लू का कहर जारी रहेगा। इसलिए लोगों को पूरी तरह से अलर्ट रहने की सलाह दी गई है। कटिहार, खगड़िया, बेगूसराय, पूर्णिया, सहरसा, मधुबनी, दरभंगा, समस्तीपुर, भागलपुर और सुपौल के आसमान में बादल छाए हुए हैं। यहां मध्यम से लेकर तेज बारिश की संभावना जताई गई है। आरा, पटना, पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण, बक्सर, सारण में भीषण लू चलने के आसार हैं। यहां लोगों को सावधान रहने की सलाह दी गई है। इन जिलों में लोगों को दोपहर में घर से बाहर निकलने से परहेज करने के लिए कहा गया है। पश्चिम चंपारण जिले में धूप व गर्मी के भीषण प्रकोप विगत कई दिनों से बढ़ रहा है। इस दौरान शनिवार को को तापमान 41 डिग्री सेल्सियस पर था। जिससे दोपहर में आम लोगों का घरों से निकलना मुश्किल था। सुबह से ही धूप चढ़ा हुआ था।

सामानों की खरीद पर 80 प्रतिशत मिलेगा अनुदान

पटना (नि।सं।)। खेती में लागत कम करने एवं मुनाफा बढ़ाने के लिए कृषि विभाग खेती में कृषि यंत्रों के उपयोग को बढ़ावा दे रही है। इसके लिए कृषि यंत्रों की खरीद पर अनुदान भी दिया जा रहा है। ताकि खेती में कृषि यंत्रों का उपयोग कर किसान अधिक समृद्ध हो सके। विभाग द्वारा कृषि यंत्रों की खरीद पर 40 से 80 प्रतिशत तक का अनुदान दिया जा रहा है। ताकि किसान कृषि यंत्रों की आसानी से खरीद कर सकें। विभागीय रिपोर्ट के मुताबिक, रोटरी मल्चर की खरीद पर सामान्य श्रेणी के किसानों के लिए 75 प्रतिशत एवं अनुसूचित जाति व जनजाति के किसानों के लिए 80 प्रतिशत अनुदान का प्रविधान किया गया है। इसी तरह सुपर सीडर पर सामान्य श्रेणी के किसानों को 75 एवं अनुसूचित जाति व जनजाति के किसानों के लिए 80 प्रतिशत, जीरो टीलेज की खरीद पर सामान्य श्रेणी के किसानों को 75 एवं अनुसूचित श्रेणी व जनजाति के किसानों को 80 प्रतिशत, ट्रैक्टर चालित रीपर की खरीद पर सामान्य श्रेणी के किसानों को 50 प्रतिशत एवं अनुसूचित जाति व जनजाति के किसानों को 60 प्रतिशत अनुदान का प्रविधान है। वहीं, ब्रस कटर की खरीद पर सामान्य श्रेणी के किसानों को 40 एवं अनुसूचित श्रेणी व जनजाति के किसानों को 50 प्रतिशत, पोटैटो प्लांटर की खरीद पर सामान्य श्रेणी के किसानों को 50 एवं अनुसूचित जाति व जनजाति श्रेणी के किसानों को 60 प्रतिशत का प्रविधान है। इसके अलावा स्वचालित पैडी ट्रांसप्लांटर की खरीद पर सामान्य श्रेणी के किसानों को 40 एवं अनुसूचित जाति व जनजाति श्रेणी के किसानों को 50 प्रतिशत, मखाना पापिंग मशीन की खरीद पर सामान्य जाति के किसानों को 70 एवं अनुसूचित जाति व जनजाति के किसानों को 80 प्रतिशत अनदान देने का प्रविधान है। वहीं, राईस मिल कम पल्वेराईजर की खरीद पर सामान्य जाति के किसानों को 40 एवं अनुसूचित जाति व जनजाति के किसानों को 50 प्रतिशत, मिनी दाल मिल एवं आयल मिल की खरीद पर सामान्य जाति के किसानों को 50 एवं अनुसूचित जाति व जनजाति के किसानों को 60 प्रतिशत अनुदान देने का प्रविधान है।

बिहार सरकार स्वास्थ्य विभाग एवं स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय द्वारा मान्यता प्राप्त

श्री राज नर्सिंग एंड पारा मेडिकल इंस्टीच्यूट

मीठापुर बस स्टैंड रोड, जक्कनपुर पुलिस थाना के पास, पटना

Paramedical Course

» BPT » BOT

» BMLT » BHM

Students Credit Card Facility Available

Nursing Courses

» B।Sc। Nursing

» GNM

» ANM

Registration for Session 2024

प्रशिक्षण हेतु संस्थान का अपना आधुनिक अस्पताल

Ph। 0612-2360081, 9155558888, 9162413233

E-mail: srthospital@gmail com, Web : www biharparamedical org

संक्षिप्त समाचार

खैरा में मतदान केंद्र संख्या 226 पर पड़े मात्र तीन वोट, ग्रामीणों ने किया वोट बहिष्कार

परवलपुर। लोकसभा चुनाव के दौरान बेन प्रखंड के मतदान केन्द्र संख्या 226 खैरा गांव के लोगों ने वोट बहिष्कार किया। इस बूथ पर पोलिंग एजेंट द्वारा अपने दो परिवार के साथ वोट डाला गया। बूथ पर मात्र तीन वोट ही पड़े। ग्रामीण दीपक सिंह, कामता पासवान, राजन पंडित, राम सिंहासन सिंह, इम्तियाज अहमद, रणवीर कुमार, उपेंद्र प्रसाद आदि ने बताया कि अंग्रेजी हुकूमत के समय से खैरा गांव आदर्श गांव के रूप में जाना जाता रहा है। खैरा गांव के नाम पर पंचायत है। खैरा तीन वार्ड का गांव है। ग्रामीणों का कहना है कि तीन हजार से अधिक आबादी वाले इस गांव में पंचायत सरकार भवन न बनाकर बगल के एक टोला धरनीधाम में बनाया जा रहा। ग्रामीणों ने बताया कि जिस जमीन में पंचायत सरकार का निर्माण किया जा रहा वह गांव के विद्यालय की जमीन है। ग्रामीणों ने बताया कि एक पोलिंग एजेंट सुजीत पासवान के परिवार को छोड़ सभी लोगों द्वारा सामूहिक रूप से वोट का बहिष्कार किया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव से पंचायत सरकार भवन को अलोकतांत्रिक तरीके से खींचकर दूसरे गांव में ले जाया गया है। ग्रामीणों ने बताया कि विरोध करने वाले पांच लोगों में पूर्व मुखिया संजय कुमार सिंह, संतोष सिंह, कुलेश पासवान, रंजीत साव, शिवनाथ पंडित को दूसरे थाना में ले जाकर बैठाया गया है। एक दर्जन से अधिक लोगों पर 107 के तहत कार्रवाई की गयी है। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि पंचायत सरकार नहीं बनाये जाने और गांव पांच के ग्रामीणों को इसलामपुर थाना में बैठाने को लेकर प्रशासन के प्रति गुस्सा चरम पर है। पीठासीन पदाधिकारी विनोद चौधरी ने बताया कि मतदान कर्मी सुबह से ही वोटरों के इंतेजार में बैठे हुए हैं। शाम पांच बजे तक बाहर से एक भी मतदाता मतदान करने नहीं पहुंचे। सिर्फ दो पोलिंग एजेंट में से एक पोलिंग एजेंट ने अपने परिवार के साथ तीन वोट दिया है। उन्होंने कहा कि गांव में आला अधिकारी का भी आगमन हुआ। लेकिन ग्रामीण किसी की बात नहीं मानें।

श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ सह वार्षिकोत्सव महोत्सव शुरू

गया। शहर के डेल्हा संगम चौक स्थित नारायणी मंदिर में श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ सह वार्षिकोत्सव महोत्सव शुरू हो गया है। शनिवार को भागवत भास्कर श्रीश्री 1008 स्वामी पुरुषोत्तमाचार्य जी महाराज ने सानिध्य में संस्कृत पारायण पाठ किया गया, इस पाठ में काफी संख्या में भक्त शामिल हुए। मंदिर समिति महावीर कॉलोनी की माने तो पाठ प्रत्येक दिन सुबह सात से 12 बजे तक चल रहा है। इसके बाद शाम में महाराज जी द्वारा प्रवचन भी दिया जा रहा है। इधर महाराज जी ने अपने प्रवचन में हिरण्याक्ष और हिरण्यकश्यप कथा का प्रसंग सुनाया। कहा कि कश्यप ऋषि की दो पत्नियां दीप्ति और अदिति थी। एक दिन दीप्ति कामासक्त हो गई और संध्या के समय में कश्यप के साथ समागम किया। परिणाम स्वरुप दीप्ती के गर्व में दो राक्षस पलने लगे। स्वामी जी महाराज ने कहा कि संध्या के समय में भोजन, शयन अध्ययन व मिथुन क्रिया नहीं करनी चाहिए, परंतु दीप्ती ने इन नियमों को पालन नहीं किया और उनके गर्व से हिरण्याक्ष और हिरणकश्यप का जन्म हुआ। इस मौके पर अध्यक्ष सत्येन्द्र शर्मा, अजीत शर्मा, महेंद्र शर्मा, मनोज शर्मा, अरुण शर्मा, पिंटू शर्मा, सुभाष शर्मा, रविन्द्र शर्मा आदि मौजूद थे।

एएनएमएमसीएच ने पहले ही दिन उड़ाई डीएम के निर्देश की धज्जियां

गया। आलाधिकारियों के निर्देश के पालन के प्रति अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज सह अस्पताल के अधिकारी व कर्मी कितने सजग हैं। इसका नजारा शनिवार को देखने को मिला। दरअसल जिले में लगातार पड़ रही भीषण गर्मी के कारण मौसम विभाग ने हीट वेव की चेतावनी जारी की है। इसे देखते हुए डीएम डॉ. त्यागराजन एसएम ने अस्पताल प्रशासन को प्रतिदिन शाम में हीट वेव के मरीजों से संबंधित हेल्थ बुलेटिन जारी करने का निर्देश दिया था। लेकिन, पहले ही दिन अस्पताल प्रशासन ने डीएम के आदेश की धज्जियां उड़ाते हुए देर रात करीब आठ बजे हेल्थ बुलेटिन जारी किया। हैरानी की बात है कि जारी हेल्थ बुलेटिन पर न तो अस्पताल के अधीक्षक के हस्ताक्षर थे। न ही अन्य किसी के। वहीं दूसरी ओर डीएम के निर्देश के बाद शुक्रवार की देर शाम से ही अस्पताल परिसर में नवनिर्मित पीडिया वार्ड में डॉ. एके झा सुमन एवं डॉ. केके सिन्हा के सर्जरी यूनिट के इनडोर मरीजों की शिफ्टिंग का कार्य शुरु कर दिया गया था। इसे शनिवार को पूरा कर लिया गया। हालांकि इस दौरान भी अस्पताल कर्मियों की लापरवाही के कारण मरीजों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। शुक्रवार को डीएम ने किया था एएनएमएमसीएच का निरीक्षण जानकारी हो कि शुक्रवार को डीएम डॉ. त्यागराजन एसएम ने अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज सह अस्पताल में भर्ती होने वाले हीट वेव के मरीजों की चिकित्सा व्यवस्था सहित अन्य सुविधाओं को लेकर अस्पताल का निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मरीजों की सहूलियत के लिए कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए थे। इनमें प्रतिदिन शाम में हीट वेव के मरीजों से संबंधित हेल्थ बुलेटिन जारी करने का निर्देश भी शामिल था। लेकिन, डीएम के निर्देश के दूसरे ही दिन शनिवार को अस्पताल प्रबंधन ने उनके आदेश की धज्जियां उड़ा दी। अस्पताल प्रशासन द्वारा देर शाम करीब आठ बजे हेल्थ बुलेटिन जारी किया गया। मरीज हो गए शिफ्ट, पर दवाएं नहीं पहुंची दरअसल अस्पताल प्रबंधन द्वारा डॉ. एके झा सुमन एवं डॉ. केके सिन्हा के सर्जरी यूनिट के मरीजों को पीडिया वार्ड में शिफ्ट तो कर दिया गया। लेकिन, बार-बार कहने के बावजूद अस्पताल के आउटसोर्सिंग कर्मियों ने वहां से उक्त वार्ड में दवाएं नहीं पहुंचाई। इसके कारण मरीजों को देर से दवाएं दी गई। अंततः इसकी शिकायत जब अधीक्षक से की गई। तो आनन-फानन में दवाओं को नए वार्ड में पहुंचाया गया। हालांकि शनिवार की देर शाम तक वार्ड के फ्रीज और आलमीरा को नए वार्ड में शिफ्ट नहीं किया जा सका है। इसके चलते कई आवश्यक दवाएं जिसे रखने के लिए फ्रीज आवश्यक होता है। वह अभी भी वार्ड में उपलब्ध नहीं हैं।

नहर निर्माण कंपनी से रंगदारी मांगने वाला हुआ गिरफ्तार

टिकारी। नहर का निर्माण करने वाली कम्पनी से रंगदारी मांगने व जान मारने की धमकी देने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। टिकारी एसडीपीओ सुशांत कुमार के चंचल के नेतृत्व गठित टीम में शामिल मउ एसएचओ राहुल कुमार सहित अन्य द्वारा अपराधी की गिरफ्तारी डेल्हा थानाक्षेत्र से की गई। एसडीपीओ श्री चंचल ने बताया कि विगत वर्ष 2022 में मातेश्वरी कंस्ट्रक्शन के इंजीनियर राकेश कुमार द्वारा सात से आठ अज्ञात लोगों के विरुद्ध रंगदारी मांगने व जान मारने की धमकी का शिकायत दर्ज कराया गया था। कम्पनी द्वारा लोहानीपुर से घंघइला तक सोन उच्च स्तरीय नहर का पक्कीकरण किया जा रहा था। पुलिस द्वारा कांड संख्या 81/22 दर्ज कर अनुसंधान की जा रही थी। अनुसंधान के क्रम में तकनीकी शाखा की मदद से अपराधियों की पहचान कर ली गई थी। शुक्रवार को गुप्त सूचना मिली कि एक अपराधी अपने घर पर आया हुआ है। सूचना का सत्यापन कर एसडीपीओ सुशांत कुमार चंचल व मउ एसएचओ राहुल कुमार सहित अन्य जवानों ने अपराधी को डेल्हा थानाक्षेत्र के छोटकी डेल्हा स्थित घर से गिरफ्तार किया गया। अपराधी की पहचान प्रमोद ठाकुर के पुत्र पप्पू कुमार के रूप में हुई। एसडीपीओ ने बताया कि अन्य अपराधियों की भी गिरफ्तारी की जा रही है।



पानी पीने को लेकर हुआ विवाद, रोड़ेबाजी और मारपीट की

4 लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है पुलिस

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा में रविवार को बदमाशों ने मामूली विवाद को लेकर घर पर चढ़कर रोड़ेबाजे की घटना को अंजाम दिया है। मामला बिहार थाना क्षेत्र के सकुनत कला मोहल्ले की है। रोड़ेबाजी की घटना पवन कुमार के घर पर हुई है। घटना के संबंध में पीड़ित युवक के भाई सुमन कुमार ने बताया कि शनिवार की शाम उसका भाई चाऊमीन खाने के लिए स्टेशन रोड गया हुआ था, जहां कुछ और लड़के भी चाऊमीन खा रहे थे। चाऊमीन खाने के बाद वह मौजूद एक लड़का जग में मुंह लगाकर पानी पी रहा था। जब उसके भाई ने मना किया तो युवक उसके भाई से उलझ पड़ा। सभी नशे की हालत में थे। इसके बाद विवाद होने लगा। बीच बचाव कर मामले को शांत कर लिया गया। आज पुनः उन लोगों के द्वारा उसके घर पर चढ़कर रोड़ेबाजी कर दी, जहां उसके भाई को अकेला पाकर बदमाशों ने उसके साथ मारपीट कर दी। जब मोहल्लेवासी जुटने लगे तो सभी बदमाश मौके से फरार हो गया।

मोहल्लेवासियों ने बदमाशों को खदेड़ाः मोहल्ले में घर पर चढ़कर रोड़ेबाजी की घटना होता देख आसपास के लोग आक्रोशित हो गए और एकजुट होकर बदमाशों को वहां से खदेड़ दिया। रोड़ेबाजी की सूचना मिलने के उपरांत डायल 112, लहेरी,बिहार थाना की पुलिस दलबल के साथ मौके पर पहुंची और मामले की छानबीन में जुट गई।

क्या बोले थानाध्यक्षः इस मामले में बिहार थाना अध्यक्ष रामाशंकर सिंह बताया कि दो पक्षों के बीच मामूली बात को लेकर झड़प हुई थी। इस मामले में चार लोगों को हिरासत में लिया गया है। फिलहाल विधि व्यवस्था सामान्य है। पुलिस पूरे मामले की अनुसंधान में जुट गई है।

डिप्रेशन में आकर अधेड़ ने की खुदकुशी

निज संवाददाता। नालंदा

- नालंदा में फंदे से लटका मिला शव, 22 साल पहले हुई थी शादी, छोड़कर चली गई थी पत्नी

नालंदा में एक अधेड़ ने फांसी लगा रविवार को खुदकुशी कर ली। मामला लहेरी थाना क्षेत्र अंतर्गत आलमगंज खरादी मोहल्ले का है। मृतक की पहचान सारे थाना क्षेत्र के सारे निवासी बृजेंद्र शर्मा के बेटे नवीन कुमार शर्मा (47) के रूप में की गई है। जो वर्तमान में आलमगंज के खरादी मोहल्ला में रह रहा था। घटना के संबंध में मृतक के परिजन ने बताया कि डिप्रेशन के कारण नवीन कुमार शर्मा ने फांसी लगा खुदकुशी कर ली। वह कई वर्षों से अकेले ही रह रहा था। यही कारण है कि उसने खुद को कमरे में बंद कर लिया और फांसी लगा खुदकुशी कर ली। जब बहुत देर तक दरवाजा नहीं खुला तो घर मे मौजद परिवार के सदस्यों को संदेह हुआ। जब उन्होंने दरवाजा खुलाने का प्रयास किया तो अंदर से किसी प्रकार की प्रतिक्रिया नहीं आई। इसके बाद जब खिड़की से झांककर देखा गया तो अंदर अधेड़ फंदे से लटका हुआ था। इसके बाद स्थानीय थाना को इस बात की जानकारी दी गई। दरअसल 22 साल पूर्व नवीन कुमार शर्मा की शादी हुई थी। कुछ समय तक वैवाहिक जीवन ठीक-ठाक चला।

इसके बाद से पत्नी छोड़कर चली गई तब से वह अकेले ही रह रहा था।

क्या बोली पुलिसः वहीं इस मामलें लहेरी थानाध्यक्ष रंजीत कुमार रजक ने बताया कि फांसी लगा आत्महत्या की सूचना पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल भेज दिया गया। जहां पोस्टमार्टम करा कर शव को परिजनों को सुपुर्द करा दिया गया है। आवेदन मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

नेशनल यूथ अवार्ड से सम्मानित होंगे नालंदा के दीपक

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा के हरनौत प्रखंड स्थित श्रीचंदपुर निवासी समाजसेवी दीपक कुमार को एकता परिषद ट्रस्ट बानपुर, उड़ीसा एवं प्रोजेक्ट पॉइंट उड़ीसा के द्वारा आयोजित तीन दिवसीय इंटरनेशनल ट्राइबल कल्चरल यूथ फेस्टिवल (8 जून से 10 जून) के दौरानपुरस्कार चयन समिति के निर्णयानुसार 9 जून को एकता नेशनल यूथ अवार्ड 2024 से सम्मानित किया जाएगा।

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल भी होंगे शामिलः इस फेस्टिवल में छत्तीसगढ़ के राज्यपाल सहित अनेकों गणमान्य लोग समल्लित होंगे। समाजसेवी दीपक कुमार विगत 15 वर्षों से अधिक समय से समाज में शांति, सद्भावना और राष्ट्रीय एकता को लेकर संपूर्ण भारतवर्ष में कार्य कर रहे हैं। समाज के प्रति उनके समर्पण और त्याग को देखते हुए राष्ट्रीय स्तर का सम्मान नेशनल एकता यूथ अवार्ड 2024 प्रदान करने का निर्णय लिया गया।दीपक को इस अवार्ड के लिए नाम चयन होने पर नालंदा जिला वासियों सहित संपूर्ण बिहार राज्य के लिए गौरव की बात है। साथ ही दीपक कुमार को नेशनल यूथ अवार्ड की घोषणा होने से जिले सहित राज्य भर के समाजसेवियों, बुद्धिजीवियों में खुशी की लहर है।पढ़ने लिखने में काफी तेज तर्रार दीपक ने सरकारी नौकरी नहीं करने और आजीवन समाजसेवा करने का फैसला किया । अति साधारण परिवार में जन्मे दीपक अनेकों विषम परिस्थितियों का सामना करते हुए भी समाजसेवा का कार्य जारी रखा।

हाथापाई के कारण पावापुरी मेडिकल कॉलेज में लटका ताला, बिना इलाज लौट रहे लोग

निज संवाददाता। नालंदा

दोषियों पर कार्रवाई की मांग, इमरजेंसी सेवा ठप

नालंदा के पावापुरी मेडिकल कॉलेज में इमरजेंसी वार्ड सेवा बंद है। दरअसल कॉलेज में शनिवार को डॉक्टर और मरीज के परिजनों के बीच हाथापाई हो गई थी। इसके बाद रविवार को नाराज डॉक्टरों की ओर से कॉलेज के मुख्य गेट पर तालाबंदी कर दी गई। रविवार होने के कारण ओपीडी सेवा वैसे भी बंद रहती है लेकिन इमरजेंसी सेवा चालू रहती है। अब सेवा बंद होने से लोगों को परेशानी हो रही है।

तीन जिला के मरीज पहुंचते है पावापुरीः नालंदा, नवादा और शेखपुरा के मरीज यहां बड़ी संख्या में इलाज के लिए पहुंचते हैं। औसतन इमरजेंसी में हर रोज 100 मरीज आते हैं। रविवार को ओपीडी बंद रहने के कारण यह संख्या बढ़ जाती है।इमरजेंसी में डॉक्टर के साथ मारपीट का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें साफ दिख रहा है कैसे डॉक्टर के साथ हाथापाई की गई।

क्या था मामलाः दरअसल पावापुरी ओपी क्षेत्र के पुरी गांव निवासी स्वर्गीय कमला सिंह के (55) वर्षीय पुत्र सुनील सिंह की तबीयत बिगड़ने पर उन्हें इलाज के लिए पावापुरी मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। इससे परिजन आक्रोशित हो गए और ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर के साथ हाथापाई करने लगे। डॉक्टरों ने बताया कि मरीज को मृत लाया गया था। परिजन मृत्यु प्रमाण पत्र और पर्ची की मांग कर रहे थे। इस कारण मारपीट व हंगामा हो गया। वहीं परिजनों का आरोप था कि डॉक्टर की लापरवाही के कारण मरीज की जान चली गई। पावापुरी सहायक थाना प्रभारी रवि कुमार गुप्ता ने बताया कि मेडिकल कॉलेज के अधीक्षक की ओर से आवेदन मिला है। इसमें तीन नामजद और कुछ अज्ञात लोगों के खिलाफ डॉक्टर के साथ मारपीट करने का आरोप लगाया गया है। प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। सीसीटीवी फुटेज से अन्य लोगों की पहचान भी की जा रही है। वहीं कॉलेज के सुपरिनटैंडैंट अरुण कुमार सिंह ने बताया कि डॉक्टर से बातचीत की जा रही है। बातचीत के बाद कोई समाधान निकाल लिया जाएगा।

जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट, 6 घायल, हिस्सेदारी मांगने पर चले लाठी डंडे

- गया के परैया थाना की घटना

निज संवाददाता। गया

गया के परैया थाना क्षेत्र में पिपरा टोला महद्दीचक गांव में भूमि विवाद को लेकर मारपीट हो गई। घटना शनिवार शाम की बताई जा रही है। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि पुरखों की जमीन में हिस्सेदारी मांगी तो घर में घुस कर मारपीट की घटना को अंजाम दिया। घटना में घर के मुखिया सत्येंद्र यादव को मार कर अधमरा कर दिया। सिर में कई टांके लगे हैं। इसके अलावा घर के अन्य सदस्यों के साथ भी मारपीट की गई है। इसमें सुरेश यादव, प्रमिला देवी, लुर्की देवी, मोहन यादव, गंभीर रूप से घायल है। सभी घायलों का इलाज मगध मेडिकल कॉलेज सह अस्पताल में कराया जा रहा है। वहीं गंभीर रूप से घायल सत्येंद्र यादव की स्थिति चिंता जनक बताई जा रही है। घटना को लेकर सत्येंद्र यादव ने बताया कि पुरखों की 2 एकड़ 72 डिसमिल धन खेती की जमीन है। आरोपी पक्ष के मिथिलेश यादव और उपेंद्र यादव, कमलेश कुमार, मिथलेश यादव, मनीष कुमार, उपेंद्र यादव ने मारपीट की घटना को अंजाम दिया है। इसके अलावा परैया के कुरमन गांव के रहने वाले अपने रिश्तेदारों व सगे संबंधियों को भी आरोपी पक्ष ने बुला कर मारपीट की है। इसमें आधा दर्जन लोग घायल हो गए हैं। सभी का इलाज मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल में चल रहा है। पीड़ित परिवार ने परैया थाना की पुलिस समेत गया के पुलिस कप्तान आशीष भारती से न्याय की गुहार लगाई है। थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया कि पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। जांच के बाद केस दर्ज आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी।

हीट वेव वार्ड में भर्ती दो मरीजों ने तोड़ा दम

निज संवाददाता। गया

गया के मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल के हीट वेव वार्ड में भर्ती मरीजों में से दो मरीजों की मौत शनिवार शाम को हो गई। अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि मरने वाले दो में से एक शुगर पेशेंट था और दूसरा बीपी का मरीज था। शनिवार को हीट वेव के कारण 6 मरीज अस्पताल में भर्ती हुए। जबकि 14 स्वस्थ होकर घर वापस चले गए। मौजूदा समय में हीट वेव के कुल 27 मरीज वार्ड में भर्ती हैं। उनका इलाज चल रहा है। अस्पताल के डॉक्टरों का कहना है कि शनिवार को मौसम का मिजाज कुछ ठीक रहने की वजह से हीट वेव की शिकायत वाले मरीजों की संख्या में कमी आई है। इसी तरह से मौसम का हाल रहा तो हीट वेव की शिकायत दूर हो जाएगी। कुल मिलाकर अब अब तक सात मरीजों की मौत हो चुकी है। प्रभारी अधीक्षक डॉ एनके पासवान ने बताया कि हीट वेव वार्ड में भर्ती मरीजों में से दो बुजुर्ग मरीज की मौत हो गई है। उनकी मौत की मूल वजह का पता किया जा रहा है। डॉक्टर पासवान के अनुसार हीट वेव वार्ड में भर्ती सभी मरीजों का बेहतर इलाज चल रहा है। संभवत रविवार को भी आधा दर्जन से अधिक मरीज को डिस्चार्ज कर दिया जाएगा। उन्होंने आगे बताया कि हीट वार्ड में पर्याप्त दवाइयां उपलब्ध हैं। इसके साथ ही स्वास्थ्य कर्मी भी पर्याप्त संख्या में तैनात है। उस वार्ड में 48 बेड सुरक्षित रखे गए हैं।

पूमरे के 43 स्टेशनों पर लगाये गए 127 ATVM, 40 और मशीन लगेगी

निज संवाददाता। नालंदा

यात्रियों को आसानी से टिकट उपलब्ध कराने के लिए स्टेशनों पर ऑटोमेटिक टिकट वेंडिंग मशीन (ATVM) लगाये जा रहे हैं। इसी क्रम में पूर्व मध्य रेल के 43 प्रमुख स्टेशनों पर 127 एटीवीएम स्थापित किये गये हैं। इनमें दानापुर मंडल के 13 स्टेशनों पर 38 एटीवीएम, समस्तीपुर मंडल के 09 स्टेशनों पर 29 एटीवीएम, सोनपुर मंडल के 08 स्टेशनों पर 24 एटीवीएम, पं.दीनदयाल उपाध्याय मंडल के 06 स्टेशनों पर 18 एटीवीएम तथा धनबाद मंडल के 07 स्टेशनों पर 18 एटीवीएम कार्य कर रहे हैं । इसके साथ ही जल्द ही पूर्व मध्य रेल के विभिन्न स्टेशनों पर 40 और एटीवीएम स्थापित किये जाने की प्रक्रिया अंतिम चरण में है।

दो भाषाओं में उपलब्ध रहेगी सेवाः एटीवीएम के जरिए रेल यात्री टिकट काउंटर पर बिना लाईन में लगे अनारक्षित टिकट खरीद कर यात्रा कर सकते हैं । प्रमुख स्टेशनों पर स्वचालित अनारक्षित टिकट वेंडिंग मशीन टिकट काउंटर के आसपास स्थापित किए गए है। कई स्टेशनों पर ये एटीवीएम टिकट घर के अलावे स्टेशन के प्रवेश परिसर में भी स्थापित किये गये हैं, जिससे यात्रियों को टिकट लेने और ट्रेन पकड़ने के बीच कम समय लगेगी । एटीवीएम से प्लेटफॉर्म टिकट भी कटाया जा सकता है । ये एटीवीएम चौबीसों घंटे कार्य करती है । साथ ही इस सिस्टम में हिंदी एवं अंग्रेजी दोनों भाषा चुनने की सुविधा उपलब्ध है।



- बिहार शरीफ में यात्रियों को आसानी से उपलब्ध होगा टिकट

UPI के माध्यम से भी होगा पेमेंटः यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए स्टेशनों पर एटीवीएम के माध्यम से रेल टिकट खरीदने हेतु फैसिलिटेटर भी तैनात किए गए हैं। यात्री एटीवीएम से स्वयं टिकट बना सकते हैं या जरूरत पड़ने पर तैनात एटीवीएम फैसिलिटेटर के माध्यम से भी टिकट खरीद सकते हैं। यात्रियों द्वारा बुकिंग कार्यालय से जारी किए गए स्मार्ट कार्ड से या एटीवीएम पर प्रदर्शित क्यूआर कोड को स्कैन करके यूपीआई के माध्यम से किराए का भुगतान किया जा सकता है। दानापुर मंडल के पटना, राजेंद्रनगर, दानापुर, पाटलिपुत्र, आरा, बक्सर, मोकामा, जहानाबाद, दिलदारनगर, पटना साहिब, झाझा, बिहार शरीफ, लखीसराय स्टेशनों पर कुल 38 ऑटोमेटिक टिकट वेन्डिग मशीन उपलब्ध हैं। सोनपुर मंडल के हाजीपुर, मुजफ्फरपुर, बरौनी, खगड़िया, सोनपुर, मानसी, नवगछिया, बेगुसराय स्टेशनों पर 24 ऑटोमेटिक टिकट वेन्डिग मशीन उपलब्ध हैं। समस्तीपुर मंडल के समस्तीपुर, दरभंगा, सहरसा, रक्सौल, बेतिया, बापूधाम मोतिहारी, मधुबनी, नरकटियागंज, सीतामढ़ी स्टेशनों पर 29 ऑटोमेटिक टिकट वेन्डिग मशीन उपलब्ध हैं।धनबाद मंडल के धनबाद, कोडरमा, डालटनगंज, नेसुब गोमो, गढ़वा रोड, पारसनाथ, सिगरौली स्टेशनों पर 18 ऑटोमेटिक टिकट वेन्डिग मशीन उपलब्ध हैं।पं.दीनदयाल उपाध्याय मंडल के गया, पं.दीनदयाल उपाध्याय जं., डेहरी ऑन सोन, सासाराम, अनुग्रह नारायाण रोड एवं भभुआ रोड स्टेशनों पर 18 ऑटोमेटिक टिकट वेन्डिग मशीन उपलब्ध हैं।

शराब पीकर बिहार प्रवेश करने वाले 19 लोग हुए गिरफ्तार

निज संवाददाता

रजौली (नवादा)। थाना क्षेत्र के चितरकोली पंचायत अंतर्गत बिहार-झारखण्ड सीमावर्ती समेकित जांच चौकी से उत्पाद एसआई सन्नी कुमार ने एक कार से स्प्राइट के बोतल में बन्द शराब को जब्त किया। साथ ही कार में सवार रहे तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया। वहीं विभिन्न वाहनों से शराब पीकर बिहार प्रवेश करने वाले 19 लोगों को भी हिरासत में लिया गया। बिहार में शराब बंदी के आठ वर्ष से भी अधिक हो गए हैं। इसके बावजूद शराब के शौकीन लोग तरह-तरह के जुगाड़ कर उत्पाद बलों के आंखों में धूल झोंककर बिहार प्रवेश करने की हिमाकत करते हैं। किंतु उत्पाद बलों के चौकन्ने रहने से सभी जुगाड़ों का भंडाफोड़ किया जाता है। समेकित जांच चौकी प्रभारी सह उत्पाद एसआई पिन्टू कुमार ने कहा कि उत्पाद अधीक्षक नवादा के निर्देश पर बिहार मद्दनिषेध को लेकर प्रत्येक दिन तीन पालियों में उत्पाद बलों के सहयोग से सघन वाहन जांच किया जाता है। वाहन जांच में झारखण्ड की ओर से आनेवाली सभी छोटी एवं बड़ी वाहनों की जांच होती है। ट्रकों एवं अन्य मालवाहक वाहनों की जांच हेतु हैंड स्कैनर का भी इस्तेमाल किया जाता है। साथ ही आसपास के क्षेत्रों में गश्त कर शराब सम्बंधित गतिविधियों पर पैनी नजर बनी होती है। बीती शनिवार की रात्रि एसआई सन्नी कुमार ने वाहन जांच के दौरान झारखण्ड के पूर्वी सिंहभूम जिले से बिहार जाने वाली स्विफ्ट कार संख्या जेएच05सीजे4711 को जांच के लिए रोका गया।जांच के दौरान एक स्प्राइट के बोतल में 750 एमएल रंगीन शराब बरामद किया गया। वहीं कार में सवार रहे तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार लोगों में झारखण्ड के सिंहभूम जिले के सिद्धगोडा थाना क्षेत्र के नानक रोड बागुन नगर निवासी राम लक्ष्मण ठाकुर के पुत्र अशोक कुमार ठाकुर, अशोक कुमार ठाकुर के पुत्र केशव किशोर एवं कमल किशोर शामिल हैं। कार एवं शराब को जब्त करते हुए गिरफ्तार तीनों लोगों के विरुद्ध बिहार उत्पाद अधिनियम के सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। साथ ही तीनों गिरफ्तार लोगों को रविवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। उत्पाद एसआई ने कहा कि विभिन्न वाहनों से शराब पीकर बिहार प्रवेश करने वाले कुल 19 लोगों को हिरासत में लिया गया है। जिसे न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। जहां शराब पीने वाले लोगों से जुर्माना राशि वसूल उन्हें छोड़ दिया गया। इस मौके पर उत्पाद एएसआई अमित कुमार, उत्पाद सिपाही, सैप बल एवं होमगार्ड के जवान मौजूद रहे।

चुनाव ड्यूटी पर तैनात कौआकोल के सब इंस्पेक्टर की मौत

निज संवाददाता

नवादा। लोकसभा चुनाव के सभी चरणों का मतदान संपन्न हो चुका है। 4 जून को मतगणना होने वाला है। पहले चरण से लेकर अंतिम चरण के मतदान में मतदानकर्मियों को कड़ी धूप में लगातार काम करना पड़ा। ऐसे में कई मतदान कर्मियों की तबीयत खराब होने की खबर भी सामने आई। इस बीच औरंगाबाद में चुनावी ड्यूटी पर तैनात एक एसआई की तबीयत बिगड़ गई जिसके बाद उन्हें इलाज के लिए औरंगाबाद के अस्पताल में भर्ती कराया गया था। एसआई की गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें पटना एआईआईएमएस में रेफर कर दिया था। इलाज के क्रम में आज उनका देहांत हो गया। करीब एक महीने से जिंदगी और मौत की जंग लड़ रहे एसआई आज जिंदगी की जंग हार गए। एसआई की मौत की खबर से परिवार में कोहराम मच गया है। परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। एसआई रामभजन सिंह नवादा जिला बल अंतर्गत कौआकोल थाना में पदस्थापित थे। चुनावी ड्यूटी औरंगाबाद जिला में लगा था। चुनाव के दरम्यान ईवीएम ले जाते वक्त एकाएक तबियत खराब हो जाने के कारण उनको तत्काल औरंगाबाद हॉस्पिटल में दिखाकर पटना एम्स लाकर इलाज चल रहा था। जानकारी के अनुसार रविवार की सुबह उनका देहांत हो गया। मौत के बाद परिवार में मातम पसर गया है। बिहार पुलिस एसोसिएशन् के प्रदेश अध्यक्ष मृत्युंजय कुमार सिंह ने सरकार से तत्काल उचित राशि के साथ परिवार को नौकरी और बच्चे को शिक्षा की घोषणा की मांग की।

10 जून को वारिसलीगंज से नवादा स्टेशन तक स्पीड ट्रायल संभावित

निज संवाददाता

नवादा। किउल-गया रेलखंड पर ट्रेनों में सफर करने वाले यात्रियों की सुविधाओं में निरंतर बढ़ोतरी हो रही है। यात्रियों को सफर में परेशानी नहीं हो, इस पर विभाग की ओर से विशेष नजर रखी जा रही है। इसी कड़ी में विभाग की ओर से दोहरी पटरी पर ट्रेनों का परिचालन शुरू करने की तैयारी चल रही है। बता दें कि किउल-गया रेलखंड पर 129 किमी. मानपुर से लक्खीसराय स्टेशन तक दोहरीकरण कार्य काफी तेज गति से चल रहा है। इस साल 2024 के अंतिम माह तक दोहरीकरण कार्य पूर्ण होने की संभावना है। दोहरीकरण कार्य पूरा होने के बाद ट्रेनों में सफर करने वाले यात्रियों की सुविधाओं में बढ़ोत्तरी हो जाएगी। 10 जून को दोनों पटरी पर वारिसलीगंज से नवादा स्टेशन के बीच आगामी 10 जून को दोहरी पटरी पर ट्रेनों का स्पीड ट्रायल होने की संभावना है। अगर स्पीड ट्रायल होने के बाद सबकुछ ठीक-ठाक रहा तो दोहरी पटरी से ट्रेनें दौड़ने लगेगी। रेलवे के अधिकारियों के अनुसार वारिसलीगंज से नवादा स्टेशन तक दोहरीकरण कार्य पूरा कर लिया गया है। नन-इंटरलाकिंग का कार्य तेजी से किया जा रहा है। नन-इंटीलाकिंग कार्य पूरा होने के बाद ट्रेनों का स्पीड ट्रायल किया जाएगा। इसके बाद वरीय अधिकारियों के आदेश बाद दोहरी पटरी से ट्रेनों का परिचालन शुरू हो जाएगा। नए स्टेशन पर ट्रेनों का स्पीड ट्रायल के बाद नवादा स्टेशन तक दोहरी पटरी पर ट्रेनों का परिचालन शुरू होने के साथ नवादा के नए स्टेशन पर ट्रेनों का ठहराव शुरू हो जाएगा। नए स्टेशन पर दो नंबर प्लेटफार्म का कार्य पूरा कर लिया गया है। इसी प्लेटफार्म पर ट्रेनें रूकेंगी। इसके बाद एक नंबर प्लेटफार्म का बाकी बचा काम को पूरा किया जाएगा। मात्र 18 किमी. दोहरीकरण रेलवे विभाग नवादा के यातायात निरीक्षक राजेश कुमार सिन्हा ने बताया कि किउल-गया रेलखंड पर वर्तमान में 37 किमी. दोहरीकरण कार्य होना बाकी था। जिसमें वारिसलीगंज से नवादा स्टेशन तक 19 किमी दोहरीकरण कार्य पूरा हो चुका है। संभावित 10 जून से वारिसलीगंज से नवादा स्टेशन तक दोहरी पटरी से परिचालन शुरू हो जाएगा। इसके बाद नवादा से तिलैया स्टेशन तक मात्र 18 किमी. तक दोहरीकरण होना शेष रह जाएगा। संभावना है कि वर्ष 2024 के अंतिम माह तक दोहरीकरण कार्य पूरा कर लिया जाएगा। दोहरीकरण काफी तेज गति से चल रहा है।

मतगणना प्रेक्षकों की हुई प्रतिनियुक्ति

नवादा (नि.सं.)। प्रशांत कुमार सी.एच. जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी, नवादा द्वारा बताया गया कि लोक सभा आम निर्वाचन 2024 के अवसर पर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र संख्या 39-नवादा के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतगणना प्रेक्षकों की प्रतिनियुक्ति की गयी है, जससे संबंधित सूचना निम्नवत् है। सी.एन. श्रीधरा मतगणना प्रेक्षक (आईएएस) (जी-34439), निर्वाचन क्षेत्र संख्या-237-नवादा, 238-गोविंदपुर एवं 239-वारिसलीगंज, मोबाईल नम्बर -8409903867 एवं फैक्स नम्बर-06324-210023, सम्पर्क पदाधिकारी-विवेक कुमार, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (मनरेगा) नवादा। निर्वाचन क्षेत्र संख्या-170-बरबीघा, 235-रजौली एवं 236-हिसुआ, मोबाईल नम्बर -7320014359 एवं फैक्स नम्बर-06324-210028, सम्पर्क पदाधिकारी-जय प्रकाश शर्मा, वरीय सहकारिता प्रसार पदाधिकारी नवादा। इनका आवासन स्थल-अतिथि गृह नवादा (गंगा) है।

चार जून को मतगणना केंद्र की तरफ नहीं चलेंगी गाड़ियां

निज संवाददाता

नवादा। नगर में इवीएम संग्रह स्थल केएलएस कॉलेज में बनाये गये स्ट्रांग रूम की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था को सुनिश्चित करते हुए मतगणना के लिए कर्मियों की तैनाती को लेकर प्रशिक्षण का सिलसिला जारी है। इसी कड़ी में मास्टर ट्रेनर के साथ-साथ सभी एआरओ के लिए प्रशिक्षण कार्य चलाया जा रहा है। तीन जून को अन्य मतगणना कर्मियों को प्रशिक्षित किया गया। लोकसभा सीट के लिए चार जून को केएलएस कॉलेज परिसर में होनेवाली मतगणना को लेकर प्रशासनिक तैयारियां शुरू हो गयी है। मतगणना हॉल में प्रकाश की व्यवस्था, प्रत्येक मतगणना टेबल पर बैरिकेट्स के लिए पारदर्शी सामग्री के लिए तार-जाल से मजबूती के साथ निर्माण कराया जा रहा है। सदर एसडीओ अखिलेश कुमार ने बताया कि डीएम प्रशांत कुमार सीएच के आदेशानुसार इवीएम स्ट्रांग रूम कि पर्यवेक्षकों, रिटर्निंग अधिकारियों, सहायक रिटर्निंग अधिकारियों, उम्मीदवारों या उनके एजेंटों की उपस्थिति में स्ट्रांग रूम खोला जायेगा जिसकी वीडियोग्राफी होगी। उन्होने बताया कि मतगणना शुरू करने के लिए सुबह आठ बजे का समय निर्धारित किया गया है, लेकिन मतगणनाकर्मियों को सुबह छह बजे तक केंद्र के अंदर प्रवेश कर जाना होगा। सबसे पहले पोस्टल बैलेट की गिनती शुरू की जायेगी, उसके पश्चात

इवीएम में डाले गये मतों की गणना होगी। इस दौरान स्ट्रांग रूम से गणना कक्ष तक पूरी सुरक्षा व्यवस्था के साथ मजदूरों द्वारा इवीएम को ले जाया जायेगा। गर्मी को देखते हुए सभी मतगणना हॉल में पंखा, कूलर व एसी लगाये गये हैं ताकि मतगणनाकर्मियों को कोई परेशानी न हो। मतगणना केंद्र पर विधानसभा क्षेत्रवार मतगणना कक्ष बनाये जा रहे हैं। सभी छह विधानसभा क्षेत्र के लिए कुल छह हॉल होंगे, सभी कमरों में काउंटिंग के लिए 14-14 टेबल लगाये जायेंगे, इसके अलावा आरओ के लिए एक व पोस्टल बैलेट गिनती के लिए एक अलग से टेबल लगाये जायेंगे। मीडिया के लिए अलग पंडाल की व्यवस्था रहेगी। साथ ही माइकिंग के जरिये मतगणना का अपडेट भी उपलब्ध कराया जायेगा। मतगणना केंद्र के आस पास धारा 144 लागू रहेगी। जिले के सभी थानों में क्यूक रिस्पॉन्स टीम तैनात होगी। चार जून को कोनिया पर मुहल्ला से लेकर कन्हाई इंटर विद्यालय के बीच किसी भी वाहन की आवाजाही पर प्रतिबंध रहेगी। कौआकोल, सिकंदरा, जमुई, पकरीबरावां की तरफ से आने वाली सभी वाहन, जो बिहार शरीफ, पटना, गया, हिसुआ, रजौली की ओर जायेगी, ऐसे वाहन वारसलीगंज होते हुए खरांट मोड़ से होकर जायेगी। राजनीतिक दल के उम्मीदवार व उनके प्रतिनिधि के लिए कन्हाई लाल साहू इंटर विद्यालय मैदान के पास पार्किंग स्थल बनाया गया है। केंद्र के अंदर मतगणना हॉल में 15 एसी 20 कूलर लगेंगेः- सभी मतगणना हॉल में दो-दो अग्निशमन यंत्र लगाये जा रहे हैं। केंद्र के अंदर भीषण गर्मी में परेशानी नहीं हो, इसके लिए मतगणना हॉल में कुल 15 एसी, 20 कूलर लगाये गये हैं। अग्निशमन के दो छोटी वाहन केंद्र के अंदर और चार वाहन बाहर रहेगा। एक डॉक्टर की टीम तैनात रहेगी। इन चीजों को अंदर ले मोबाइल, तम्बाकू, गुटखा इत्यादी किसी तरह के आपत्तिजनक समान ले जाना सख्त मना रहेगा। बाघीबरडीहा मोड, रोह, रूपौ मोड, कादिरगंज नदी पुल के पश्चिम, कोनियापर, जमुई नवादा पथ पर 200 मीटर पूरब, नवादा कादीरगंज पथ पर कन्हाई लाल साहू महाविद्यालय की ओर जाने वाले टी पॉइंट पर, कन्हाई इंटर स्कूल मैदान के पास मेन गेट के सामने, पश्चिम वाले खाली स्थान में अतौआ मोड़ के पास कुल 10 जगहों पर बैरिकेडिंग की व्यवस्था की गयी है। त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था के बीच 4 जून को होगा मतगणना -विजय जुलूस पर रहेगा प्रतिबंध नवादा समाहरणालय सभागार में डीएम प्रशांत कुमार सी.एच. एवं एसपी कार्तिकेय के शर्मा ने मतगणना को लेकर प्रेस वार्ता का आयोजन किया। प्रेस वार्ता में डीएम ने कहा कि 4 जून को सुबह 8 बजे से लोकसभा आम निर्वाचन का मतगणना कार्य KLS कॉलेज में निर्धारित है। जिसकी सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। उन्होंने कहा कि मतगणना को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष तरीके संपन्न करने के लिए जिला प्रशासन कटिबद्ध है। एसपी ने कहा कि मतगणना को लेकर काफी संख्या में केंद्रीय सुरक्षा बलों की तैनाती की गई है। सुरक्षा के तीन स्तरीय घेरे में मतगणना का कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि विजय जुलूस निकालने पर प्रतिबंध रहेगा। 19 अप्रैल को हुए लोकसभा चुनाव के बाद 4 जून को मतगणना होगी। जिसकी पूरी तैयारी कर ली गई है। डीएम प्रशांत कुमार सी.एच. ने बताया कि ईवीएम मतगणना एवं पोस्टल बैलेट मतगणना चार को होगी। इसके तहत ईवीएम मतगणना को प्रत्येक विधानसभा के लिए निर्धारित 14 टेबल पर प्रति टेबल 03 कर्मी यथा-मतगणना पर्यवेक्षक, मतगणना सहायक एवं माइक्रो ऑब्जर्वर प्रतिनियुक्त किये गये हैं। डाक मतपत्र की मतगणना हेतु कुल 14 टेबल पर 4 कर्मी यथा-मतगणना पर्यवेक्षक, 2 मतगणना सहायक एवं माइक्रो ऑब्जर्वर इस कार्य हेतु प्रतिनियुक्त किये गये हैं। मतगणना कार्य हेतु प्रतिनियुक्त कर्मियों का द्वितीय प्रशिक्षण निम्न प्रकार निर्धारित किया गया है। लोक सभा आम निर्वाचन 2024 हेतु नवादा जिलान्तर्गत मतगणना कार्य हेतु प्रतिनियुक्त मतगणना पर्यवेक्षक, मतगणना सहायक एवं माइक्रो ऑब्जर्वर तथा पोस्टल बैलेट हेतु प्रतिनियुक्त कर्मियों का द्वितीय प्रशिक्षण विधानसभा 3 जून की 10:00 बजे पूर्वा0 से 12:30 बजे अप0 तक मास्टर प्रशिक्षकों द्वारा मध्य विद्यालय केन्दुआ, नवादा में कुल आठ (08) कमरों में 48-48 के समुह में मतगणना से संबंधित प्रशिक्षण सम्पन्न किया जाएगा। प्रशिक्षणोपरांत प्रशिक्षणार्थियों की एक दक्षता जांच परीक्षा भी ली जाएगी। प्रशिक्षण स्थल पर विभिन्न कोषांग / कार्यालयों को कर्तव्य और दायित्व सौंपा गया है।

भीषण गर्मी से बीमार हो रही कस्तूरबा की छात्रायें

निज संवाददाता

नवादा। रोहिणी नक्षत्र हो और आसमान से मौत के शोले न बरसे, ऐसा भला हो सकता है क्या सो जिले में सुबह से ही तेज धूप निकल रही है। भीषण गर्मी के कारण लोगों का आवश्यक काम-काज प्रभावित हो रहा है। 10 बजे के बाद शहर की सड़कों पर सन्नाटा पसर जा रहा है। इस बीच लू से जिले के चार व्यक्ति की मौत हो चुकी है। रविवार को जिले का अधिकतम तापमान 43 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस रहा। इसके पूर्व शनिवार को अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस रहा था। बढ़ती गर्मी के कारण जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। सड़कें और गलियां दोपहर विरान जाती हैं। प्रचंड गर्मी के कारण घर से बाहर निकलते ही शरीर झुलस रहा है। आसमां से बरस रहे मौत के शोले के बीच कहीं आना-जाना मुश्किल हो गया है। सुबह से ही सूर्य की किरणों की तपिश बढ़ने लगती है। कूलर और पंखों से भी कूलर और पंखे से भी लोगों को राहत नहीं मिल रही है। बढ़ती गर्मी के चलते जन जीवन पर इसका गहरा असर देखने को मिल रहा है। पशु-पक्षी भी गर्मी से बेहाल हैं। सुबह से शाम तक अचानक गर्मी बढ़ने से राहगीरों को भी भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। जिले के प्रखंडों के ग्रामीण क्षेत्रों जैसे अकबरपुर, गोविन्दपुर, रजौली, सिरदला,वारिसलीगंज, पकरीवरावा, कौआकोल, मेसकौर आदि बाजारों पर भी गर्मी का असर है और दोपहर में बाजारों, सड़कों पर सन्नाटा छा जा रहा है। क्षेत्र के कई गांवों में तालाबों व आहर आदि में पानी नहीं रहने के कारण पशुओं और पक्षियों को प्यास बुझाने के लिए भारी दिक्कत हो रही है। कई गावों में हैण्डपंप की खराबियों के चलते लोगों को पानी के लिए फजीहत उठानी पड़ रही है। भीषण गर्मी दुकानदारों को मुनाफा कमाने का खूब मौका मिल रहा है। कपड़ा बाजार से लेकर इलेक्ट्रानिक सामान और शीतल पेय आदि की दुकानों पर कदम रखने तक की जगह नहीं है। गर्मी से राहत पाने के लिए लोग कुछ भी करने को तैयार हैं। इस बीच पकरीबरावां थाना क्षेत्र के ओदपुर गांव के रामजन्म चौहान के पुत्र मेवालाल चौहान की मौत लू लगने से हो गयी। दूसरी ओर मेसकौर कस्तूरबा विद्यालय की कई छात्रायें गर्मी के कारण बीमारी से जूझ रही है।

बच्चों की लड़ाई में संघर्ष, एक ही परिवार के पांच जख्मी

नवादा (नि.सं.)। मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के मोतनाजे गांव में बच्चों की लड़ाई में बड़ों के बीच जमकर मारपीट हो गया। मारपीट में एक ही परिवार के 05 लोग जख्मी हो गए। सभी जख्मी क़ो स्थानीय लोगों की मदद से सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के मोतनाज़े गांव की है ,जहां बच्चों की लड़ाई में एक परिवार के पांच लोगों के साथ मारपीट की गई। सभी लोग जख्मी हो गए जिसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायलों में चांदो चौहान की पत्नी चंपा देवी, श्रीराम चौहान की पत्नी बबीता देवी, रणजीत चौहान की पत्नी चंपा देवी, कमलेश चौहान की पत्नी गुड़िया देवी एवं कमलेश चौहान का पुत्र विपिन कुमार शामिल है। बताया जा रहा है कि बच्चों को लेकर दो पक्षों में विवाद हुआ। विवाद इतना बढ़ गया कि बड़े लोग आपस में भिड़ गए। मारपीट की घटना में एक परिवार के पांच लोग जख्मी हुए हैं। घायलों का इलाज सदर अस्पताल में जारी है। अभी तक किसी पक्ष द्वारा थाने में आवेदन नहीं दिया गया है। बहरहाल स्थिति तनावपूर्ण बनी है, स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस क़ो दी है।

भागवद्गीता पठन व भगवद्गीता कक्षा साप्ताहिक कार्यक्रम आयोजन

नवादा (नि.सं.)। अंतर्राष्ट्रीय कृष्ण भावनामृत संघ, नवादा संस्थापकाचार्यः कृष्णकृपामूर्ति ए.सी. भक्तिवेदान्त स्वामी प्रभुपाद के द्वारा संचालित साप्ताहिक कार्यक्रम हरे कृष्ण हरे कृष्ण, कृष्ण कृष्ण हरे हरे। हरे राम हरे राम, राम राम हरे हरे संकीर्तन (108 बार) करवाया जा रहा है। संपूर्ण दैनिक कार्यक्रम न्यू एरिया दुर्गा मंडप परिसर के पास किया जाएगा। भगवद्गीता पर आधारित प्रेरणादायक कक्षा आयोजित किया जाएगा।

अरुणाचल प्रदेश में जीत पर भाजपाइयों ने जताई ख़ुशी

निज संवाददाता

नवादा। भारतीय जनता पार्टी अरुणाचल प्रदेश में आपार जीत के खुशी में नवादा भाजपा में खुशी का लहर दौड़ गया। 46 सीट लाकर भाजपा अरुणाचल प्रदेश में एक मजबूत सरकार बनाने जा रहा है, साथ ही लोक सभा चुनाव में भी एक्जिट पोल के अनुसार भाजपा देश में 400 पार सीट लाने जा रहा है, देश में चारो तरफ भाजपा के प्रति जनता को विश्वास बढ़ते जा रहा है। आज अरुणाचल प्रदेश जीत के खुशी में नवादा भाजपा के कार्यक्रताओं ने जीत का मिठाई बाटा

और एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार व्यक्त किया। खुशी मानने वालों में निवर्तमान जिला अध्यक्ष संजय कुमार मुन्ना, महामंत्री विजय पांडेय, जिला उपाध्यक्ष अरविंद कुमार गुप्ता, जितेंद्र पासवान, प्रताप रंजन, युवा जिला अध्यक्ष अभिजीत कुमार सिन्हा, प्रदेश नेता तेजस सिन्हा, जितेंद्र बबलू, रजनीश सिंह, आलोक मिश्रा, अभय कुमार, कुंदन शर्मा इत्यादि उपस्थित रहें।

एक किलो गांजा के साथ किया गिरफ्तार

निज संवाददाता

नवादा। नगर थाना अंतर्गत गुप्त सूचना के आधार पर एक मोटरसाइकिल चालक एक पिठ्ठु बैग में गांजा लेकर पुरानी कचहरी रोड की तरफ़ जा रहा है। उक्त सूचना को वरीय पदाधिकारी को देते हुए नगर थाना द्वारा प्रतिनियुक्त पंचायती राज पदाधिकारी के साथ कचहरी रोड स्थित को-ऑपरेटिव बैंक के पास पहुँचा तो देखा एक व्यक्ति एक गुमटी के पास काला रंग का पिट्ठू बैग लिए हुए मोटरसाईकिल के साथ खड़ा है। पुलिस बल को देखते ही वह भागने लगा जिसको सशस्त्र बल की मदद से पीछा कर क़ब्ज़े में लिया गया। साथ गये पंचायती राज पदाधिकारी के द्वारा उक्त व्यक्ति की

तलाशी लिए जाने पर उसके पास से एककिलो सूखा गांजा बरामद किया गया। उस व्यक्ति के पॉकेट से वीवो कंपनी का एंड्राइड फ़ोन एवं एक मोटरसाइकिल बरामद किया गया जिसे विधिवत जप्ती सूची बनाकर जप्त किया गया। अग्रतर कार्रवाई की जा रही है गिरफ्तार किये आये अभियुक्त मोहित कुमार उम्र-22 वर्ष पिता चुनचुन सिंह ग्राम- गुरमा थाना मुफस्सिल ज़िला नवादा का बताया जाता है।

बाजार में है सामुदायिक शौचालय व यात्रीशेड की दरकार

नारदीगंज (नवादा) (नि. सं.)। प्रखंड के बस्ती बिगहा बाजार में सामुदायिक शौचालय व यात्री शेड नहीं रहने के कारण लोगों को काफी फजिहत हो रही है। उक्त स्थल पर अस्थायी बस स्टैण्ड है। यह बाजार राजगीर बोधगया राजमार्ग 82 पर अवस्थित है। इस स्थल पर मूलभूत आवश्यकता का घोर अभाव है। ऐसा जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों के अनदेखी के कारण लोग समस्या झेल रहे है। यह स्थिति है कि आजादी के कई दशक बीत जाने के बाद भी सामुदायिक शौचालय व यात्री शेड का निर्माण नहीं हो पाया। जबकि सरकार व जिला प्रशासन के द्वारा शौचालय निर्माण के लिए लोगों को जागरूक भी किया गया।

मतगणना को ले बनाये गये 14 टेबल प्रत्येक पर रहेंगे तीन-तीन कर्मी

निज संवाददाता

नवादा। लोक सभा आम निर्वाचन 2024 के अवसर पर 39-नवादा संसदीय लोक सभा क्षेत्र अन्तर्गत नवादा जिला में मतदान दिनांक 19.04.2024 को सपन्न हो चुका है। मतदान के उपरात इवीएम मतगणना एवं पोस्टल बैलेट मतगणना दिनांक 04.06.2024 को निर्धारित है। प्रशांत कुमार सी.एच. जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला अधिकारी के आदेश के आलोक में इवीएम मतगणना हेतु प्रत्येक विधानसभा के लिए निर्धारित 14 टेबल पर प्रति टेबल 03 कर्मी यथा-मतगणना पर्यवेक्षक, मतगणना सहायक एवं माइक्रो ऑब्जर्वर प्रतिनियुक्त किये गये है। डाक मतपत्र की मतगणना हेतु कुल 14 टेबल पर 4 कर्मी यथा-मतगणना पर्यवेक्षक, 2 मतगणना सहायक एवं माइक्रो ऑब्जर्वर इस कार्य हेतु प्रतिनियुक्त किये गये हैं। मतगणना कार्य हेतु प्रतिनियुक्त कर्मियों का द्वितीय प्रशिक्षण निम्न प्रकार निर्धारित किया गया है :- लोक सभा आम निर्वाचन 2024 हेतु जिलान्तर्गत मतगणना कार्य हेतु प्रतिनियुक्त मतगणना पर्यवेक्षक, मतगणना सहायक एवं माइको ऑब्जर्वर तथा पोस्टल बैलेट हेतु प्रतिनियुक्त कर्मियों का द्वितीय प्रशिक्षण विधानसभा वार दिनांक-03.06.2024 की 10:00 बजे पूर्वा0 से 12:30 बजे अप0 तक मास्टर प्रशिक्षकों द्वारा मध्य विद्यालय केन्दुआ में कुल आठ (08) कमरों में 48-48 के समुह में मतगणना से संबंधित प्रशिक्षण सम्पन्न किया जाएगा। प्रशिक्षणोपरांत प्रशिक्षणार्थियों की एक दक्षता जांच परीक्षा ली जाएगी। प्रशिक्षण स्थल पर विभिन्न कोषांग/ कार्यालयों को कर्तव्य और दायित्व सौंपा गया है। इसी तरह कार्मिक प्रबंधन कोषांग, ई०वी०एम० कोषांग, परिवहन कोषांग, विधि-व्यवस्था कोषांग को भी संबंधित कर्तव्य और दायित्वों का निर्वहन करने का निर्देश दिया गया है।कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद को साफ सफाई की जिम्मेवारी एवं सिविल सर्जन को प्रशिक्षण स्थल पर मेडिकल टीम की प्रतिनियुक्ति करने का निर्देश दिया गया है। लोकसभा चुनाव के दौरान शस्त्रों का सत्यापन नहीं कराने वालों का लाइसेंस सस्पेंड कर दिया गया है। ऐसे कुल 17 लोगों का मामला संज्ञान में आने के बाद डीएम के स्तर से उक्त कार्रवाई की गई है। बताया गया कि लोक सभा आम निर्वाचन 2024 को स्वच्छ, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने एवं विधि-व्यवस्था संधारण के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी के आदेश के आलोक में दिनांक 27.02.2024 से 29.02.2024 तथा 14.03.2024 से 15.03.2024 तक शस्त्र सत्यापन के लिए सामाचार पत्रों के माध्यम से सभी अनुज्ञप्तिधारियों को संबंधित थानों में उपस्थित होकर अपने शस्त्रों का भौतिक सत्यापन कराने के लिए सूचना दी गयी थी। साथ ही इसकी सूचना बस पड़ाव, सभी थाना भवन, प्रखंड कार्यालय के सूचना पट्ट पर चिपकाया गया था। उक्त सूचना के बावजूद कुछ शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों के द्वारा अपने शस्त्रों का भौतिक सत्यापन नहीं कराया गया है, जो आयुध नियम-2016 के नियम 30 तथा अनुज्ञप्ति की शर्त से संबंधित नियम-112 (1) (ख) का उल्लंघन है। अनुज्ञप्तिधारियों की सूची...

थाना-वारिसलीगंजः-
रामेश्वर प्रसार सिंह, बृजकिशोर प्रसाद सिंह, परमेश्वर लाल महेश्वरी, बालेश्वर सिंह, श्रीकान्त सिंह, विभूति भूषण सिंहा, नरेश चन्द्र।

थाना-नरहटः-
अम्बिका सिंह, सैयद शफीफ अहमद, नवल किशोर प्रसाद सिंह, पाटलिपुत्रा कलोनी पटना से शेख सब्बिर आलम।

संक्षिप्त समाचार

कठघरे से भागे दुष्कर्म के दोषी ने किया सरेंडर

मुजफ्फरपुर, एजेंसी। रिश्ते की नाबालिग बहन से दुष्कर्म के मामले में दोष सिद्ध होने के बाद शुक्रवार को कोर्ट के कठघरे से भागे दोषी बोचहां इलाके के सुनील महतो ने शनिवार को कोर्ट में आकर सरेंडर कर दिया। उसने कोर्ट को बताया है कि वह एक गंभीर बीमारी से ग्रसित है। कोर्ट ने फैसले में उसे जेल भेजने के लिए कहा था। उक्त बीमारी की दवा वह लेकर नहीं आया था। इसलिए वह भाग कर दवा लाने चला गया था। घर से दवा लेने में देर रात हो गई थी। इसलिए कोर्ट नहीं आया। अगले दिन कोर्ट में आकर सरेंडर कर रहा हूं। सरेंडर करने के बाद उसे कोर्ट ने न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। छह जून को मामले में सुनवाई होगी। विशेष लोक अभियोजक नरेंद्र कुमार ने बताया कि घटना नौ दिसंबर 2013 की है। पीड़िता के बयान पर बोचहां थाना में 27 मार्च को एफआईआर दर्ज की गई थी। इसमें पीड़िता ने पुलिस को बताया था कि नौ दिसंबर 2013 की रात करीब 12 बजे सुनील अपने वाहन चालक चकअब्दुल गांव निवासी रंजीत पासवान को लेकर घर में घुस गया। उसने चाकू निकालकर हत्या की धमकी दी। रंजीत चाकू लेकर खड़ा रहा और सुनील ने दुष्कर्म किया। इसके बाद दोनों ने धमकी दी कि इसकी चर्चा किसी से की तो हत्या कर देंगे। पुनः 24 मार्च 2014 की रात में सुनील घर में घुस गया। मुंह दबाकर ले जा रहा था तभी पांव से किंवार में झटका लगा। आवाज पर मां जग गई। शोर मचाने पर सुनील ने मां को गिरा दिया और फरार हो गया। पीड़ता ने पुलिस को बताया था कि सुनील के दुष्कर्म के बाद वह गर्भवती हो गई।

माही के भाई का मोबाइल जब्त, नानी से पूछताछ

मुजफ्फरपुर, एजेंसी। नगर थाने की पुलिस ने मथुरा में रेल से कटकर जान देने वाली तीन किशोरियों में शामिल माही के भाई के मोबाइल को जांच के लिए जब्त किया है। उसके पिता मनोज सहनी और नानी से भी नगर थाने की पुलिस ने घंटों पूछताछ की। माही के पिता ने पुलिस को बताया था कि वह बेटी को अखाड़ाघाट रोड में छोड़कर लालगंज चले गए थे। लेकिन, उसके मोबाइल का टॉवर लोकेशन काफी देर तक अखाड़ाघाट रोड में ही रहा। इसको लेकर मनोज से काफी देर तक पूछताछ की गई। बालूघाट इलाके से गायब युवक के संबंध में भी पुलिस को किशोरियों के परिजनों ने जानकारी दी है।

मारपीट में दो महिला सहित चार घायल

भागलपुर/कहलगांव , एजेंसी। अंतीचक और सनोखर थाना क्षेत्र में दो पक्षों के बीच जमीनी और आपसी विवाद के मारपीट में दो महिला समय चार लोग घायल हो गये। सनोखर थाना क्षेत्र के शाहुपाड़ा गांव में आपसी विवाद को लेकर हुई मारपीट में घायल हुई सोनू दास की पुत्री रजनी कुमारी एवं ऋषिचंद दास के पुत्र चंदन कुमार दास का उपचार अनुमंडल अस्पताल में कराया गया है। अंतीचक थाना क्षेत्र के नंदगोला गांव में जमीन विवाद को लेकर हुई मारपीट में घायल हुई संजय चौधरी की पत्नी पारो देवी एवं विशेश्वर चौधरी के पुत्र अंकित कुमार का उपचार अनुमंडल अस्पताल में कराया गया है। अभी तक दोनों मामले थाना में मुकदमा हेतु आवेदन नहीं दिया है।

नगर आयुक्त ने जनता दरबार में 15 लोगों की सुनी फरियाद

गया , एजेंसी। नगर निगम कार्यालय में शनिवार को जनता दरबार का आयोजन किया गया इस दौरान नगर आयुक्त अभिलाषा शर्मा शहर के विभिन्न क्षेत्रों से आए हुए 15 फरियादियों की फरियाद सुनी। जनता दरबार में आए हुए लोग जन्म, मृत्यु निबंधन, पेंशन, होल्डिंग टैक्स, अतिक्रमण, अनाधिकृत निर्माण नाला निर्माण आदि समस्या को नगर आयुक्त के सामने रखा। नगर आयुक्त ने गंभीरता पूर्वकों की शिकायतों को सुनने के बाद उनके आवेदनों को संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मचारी को आगे की कार्रवाई के लिए निर्देश दिया।

तालाब में गोताखोरों से हत्या का सबूत तलाश करवाया

भागलपुर/सबौर, एजेंसी। बाईपास थाना क्षेत्र के मुखेरिया तालाब में सेंट टेरेसा के छात्र मनीराज कुमार की हत्या कर शव फेंक देने के मामले में पुलिस विगत चार दिन से अनुसंधान कर रही है। इसको लेकर शनिवार को एसडीएम धनंजय कुमार बाईपास थाना पहुंचे और डीएसपी विधि व्यवस्था से चंद्रभूषण से दो घंटे तक बातचीत कर मुखेरिया तालाब घटनास्थल पहुंचे जहां गोताखोरों से पानी में तलाशी करवाई गई।

पटना यूनिवर्सिटी के छात्र ने जीता गोल्ड मेडल अंतराष्ट्रीय कराटे चैंपियनशिप में बाजी मारी

जाबीर अंसारी ने 75 किलो कैटेगरी में लाया पहला स्थान

पटना, एजेंसी। पटना यूनिवर्सिटी इन दिनों सुर्खियों में बना हुआ है। एक ओर जहां हर्ष हत्याकांड ने पीयू के दामन में दाग लगाया है, वहीं दूसरी ओर कराटा के खिलाड़ी जाबीर अंसारी ने इसका मान बढ़ाया है। दरअसल, जाबीर ने नेपाल में आयोजित 10वें अंतराष्ट्रीय कराटे चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल हासिल कर देश का मान बढ़ाया है। उन्होंने कुमिते इवेंट में 75 किलोग्राम कैटेगरी में पहला स्थान प्राप्त किया है। दूसरे स्थान पर नेपाल और भूटान रहा।

इस प्रतियोगिता में 7 देश के खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिसमें भारत, पाकिस्तान, श्रीलंका, बांग्लादेश, भूटान, अफगानिस्तान और नेपाल शामिल था। जाबीर ने अपना पहला मुकाबला नेपाल से खेला ओर उसको हराते हुए फाइनल में जगह बनाई। दूसरी तरफ से भूटान के खिलाड़ी फाइनल में जगह बना लिए थे। जाबीर का मुकाबला भूटान से हुआ और अंतिम समय में जाबीर ने भूटान को हराते हुए देश के लिए स्वर्ण पदक जीत लिया।

रोज 6 से 8 घंटे का करते थे कठिन अभ्यास

जाबीर ने बताया कि वह अपने कोच राहुल कुमार के साथ रोज 6 से 8 घंटे का कठिन अभ्यास करते थे। झाझा जमुई निवासी जाबीर ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी चैंपियन हैं। पिछले साल उन्होंने ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में 188 यूनिवर्सिटी को पछाड़ कर स्वर्ण पदक पर कब्जा किया था। फिलहाल जाबीर पटना कॉलेज में पढ़ाई कर रहे हैं, पर उनकी पहचान एक कराटे खिलाड़ी के रूप में ज्यादा है।

अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जीत चुके हैं कई मेडल

जाबीर राज्य स्तर से लेकर राष्ट्र और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपने प्रदर्शन के आधार पर कई पदक और पुरस्कारों से सम्मानित हो चुके हैं। वह लगातार छः बार बिहार स्टेट कराटे प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक विजेता रह चुके हैं। उन्होंने दो बार राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में रजत और कांस्य पदक जीता। इसके साथ ही वह पूर्वी जोनल कराटे प्रतियोगिता में कांस्य पदक और अंतर विश्वविद्यालय कराटे प्रतियोगिता में कांस्य पदक विजेता रह चुके हैं। जाबीर कई अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट में भी अपनी उपस्थिति दर्ज करवा चूके हैं। वह दक्षिण एशियाई कराटे प्रतियोगिता में रजत पदक विजेता रह चुके हैं। इसके साथ ही उनकी भागीदारी अलग-अलग देशों में आयोजित विश्व कराटे सिरिज में तीन बार रह चुकी है।

कुजापी में ट्रक और ट्रैक्टर में जोरदार टक्कर, हादसा टला,

गया, एजेंसी। चंदौती थाना के कुजापी में शनिवार को एक बड़ी हादसा टल गया। अपराह्न 3 बजे एक ट्रक और ट्रैक्टर में जोरदार टक्कर हो गई। दुर्घटना के बाद वहां ऑफर तफरी का मौहल बन गया। ट्रैक्टर चालक मामूली रूप से जख्मी हो गया है। इलाज के लिए उसे मगध मेडिकल कॉलेज भेजा गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि ट्रक टेकारी की ओर से तेज रफ्तार में आ रही थी। इस क्रम में कुजापी के पास विपरीत दिशा से आ रही मिट्टी लोड ट्रैक्टर से सीधी टक्कर हो गई। ट्रक पहले एक ठेला को रौंदते हुए पार किया फिर ट्रैक्टर में जोरदार टक्कर मारा। इसमें ट्रक का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। मौका पाकर ट्रक चालक फरार हो गया। इसमे ट्रैक्टर चालक जख्मी हो गया। जिस वक्त दुर्घटना हुई। उस वक्त वहां काफी लोगों का आना जाना लगा था। हादसा टल गया वरना बड़ी हादसा हो सकती थी। चंदौती थानाध्यक्ष रणविजय सिंह ने बताया कि ट्रैक्टर चालक इलाजरत है। उसकी हालत सुधार में है। वहीं दुर्घटनाग्रस्त दोनों वाहन को जब्त कर लिया गया है।

मां बोली- स्टेशन पर दिखें, ट्रेन से कहीं चले गए

पिता ने डांटा..तीन भाइयों को लेकर निकल गई बहन: वैशाली में 4 बच्चे लापता

हाजीपुर (वैशाली), एजेंसी। वैशाली में पिता के डांट के बाद 4 बच्चे घर से लापता हो गए। बताया जाता है कि पिता ने बच्चों को पढ़ाई को लेकर डांट लगाई थी। उसके बाद बड़ी बहन अंजली (13) अपने तीन छोटे भाइयों ओम कुमार(8), शिवम कुमार(5) और कृष कुमार(3) को लेकर घर से निकल गई। खोजबीन के दौरान पता चला कि चारों ट्रेन से कहीं निकल गए हैं। घटना शुक्रवार की सदर थाना क्षेत्र के बलवा कुवांरी गांव की है। पीड़ित का मां का कहना है कि वो लोग चाय-नाश्ते की दुकान चलाते हैं। उनके पांच बच्चे हैं। बच्चों के पिता दीपक साह ने बच्चों को पढ़ाई नहीं करने पर डांट लगाई थी। उसके बाद पति-पत्नी एक और बच्चे को लेकर दुकान पर चले गए थे।

12 बजे जब मां किरण देवी घर लौटी तो देखा कि चारों बच्चे घर पर नहीं हैं। इसके बाद उनकी खोजबीन शुरू की गई। गांव में सभी जगहों पर खोजा गया, लेकिन उनका कुछ पता नहीं चला। घरवालों ने रिश्तेदारों को भी फोन करना शुरू किया, लेकिन वहां भी उनके बच्चों से जुड़ी कोई जानकारी नहीं मिली। खोजबीन करने पर बाद लोगों ने बताया कि सभी घोसवर स्टेशन की तरफ देखें गए थे। इसके बाद परिजन घोसवर स्टेशन पर गए। वहां स्टेशन मास्टर से पूछा तो उन्होंने बताया कि एक पैसेंजर ट्रेन लगी हुई था। चारों बच्चे पैसेंजर ट्रेन में बैठकर निकल गए। इसके बाद घर वालों ने सदर थाना में बच्चों के लापता होने की शिकायत दर्ज कराई। सदर थानाध्यक्ष अरविंद प्रसाद ने बताया कि चार बच्चों के गायब होने की प्राथमिकी दर्ज की गई है। मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। आसपास में लगे सीसीटीवी को खंगाला जा रहा है।

पाटलिपुत्र के सतपरसा गांव में एक भी वोट नहीं पड़े

ग्रामीणों ने कहा- 30 साल से कोई विकास नहीं हुआ, सड़क-स्कूल तक नहीं है, किसी ने नहीं सुनी

पटना, एजेंसी। पाटलिपुत्र संसदीय क्षेत्र में मसौढ़ी स्थित सतपरसा गांव के बूथ संख्या 267 पर 700 वोटरों ने वोट का बहिष्कार किया। इस बूथ पर एक भी वोट नहीं पड़े। रोड और स्कूल की मांग को लेकर लोगों ने वोट नहीं डाला। ग्रामीणों का कहना है कि 30 साल से कोई विकास नहीं हुआ है। विधानसभा चुनाव में भी जनप्रतिनिधियों को सबक सिखाएंगे।

गांव में स्कूल और रोड तक नहीं है

सतपरसा गांव के साथ पंचायत भी है। इस पंचायत में 18 गांव शामिल है, जिसमें 6 हजार से अधिक आबादी है। इस गांव में स्कूल नहीं है। स्कूल बनाने के बजाय उसे दूसरे पंचायत में शिफ्ट कर दिया। ग्रामीण सतेंद्र शर्मा ने बताया कि गांव के बच्चे रामपुर पंचायत पढ़ने जाते हैं। हर हमेशा बच्चों की चिंता रहती है। गांव दर्धा नदी के तटबंध से घिरा है। नदी में बाढ़ आने पर पूरा गांव डूब जाता है।

आश्वासन के सिवा कुछ भी नहीं मिला

ग्रामीणों ने बताया क पहले ये बाढ़ संसदीय क्षेत्र का हिस्सा था। नीतीश कुमार जब सांसद बने तब भी इसका विकास नहीं हुआ। बाद में परिसीमन में ये पाटलिपुत्र संसदीय क्षेत्र में आ गया था। बीजेपी से रामकृपाल यादव दो बार से सांसद हैं और तीसरी बार चुनाव लड़ रहे हैं। उन्होंने आश्वासन दिया था कि सब ठीक हो जाएगा, लेकिन कुछ नहीं हुआ है।

हमलोगों के लिए किसी ने नहीं सोचा

लोगों ने नाराजगी जताते हुए कहा कि सरकार ने कभी हमलोगों के लिए नहीं सोचा। बीडीओ, सीओ से लेकर उच्च अधिकारियों तक गुहार लगा चुके हैं, लेकिन आज दिन तक कोई सुनवाई नहीं हुई। हमलोगों के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। यही नहीं गांव में ना कोई पंचायत भवन है और ना ही कोई सामुदायिक भवन। सड़क की भी हालत खराब है। इमरजेंसी में एंबुलेंस का आना मुश्किल हो जाता है। शादी समारोह के लिए दूसरे गांवों में जाना पड़ता है।

14 साल के बच्चे की सूझबूझ से टला ट्रेन हादसा, बिहार में बाघ एक्सप्रेस दुर्घटनाग्रस्त होते-होते बची

समस्तीपुर, एजेंसी। समस्तीपुर में एक बच्चे की सूझबूझ से समस्तीपुर-मुजफ्फरपुर रेलखंड पर शनिवार की सुबह हावड़ा से काठगोदाम जा रही बाघ एक्सप्रेस दुर्घटना का शिकार होने से बच गयी। रेल की टूटी पटरी देख एक किशोर ने सूझबूझ का परिचय दे गमछा हिला ट्रेन को रुकवाया। जिससे रेल हादसा टल गया। करीब एक घंटा विलंब से चल रही बाघ एक्सप्रेस शनिवार की सुबह 9.44 बजे समस्तीपुर स्टेशन पहुंची। उसके बाद 10.02 बजे आगे के लिए खुली।

स्टेशन से आगे बढ़ने पर भोला टाकीज गुमटी से आगे अप लाइन पर रेल की पटरी टूटी हुई थी। उसी समय न्यू कॉलोनी निवासी मो. शकील का 14 वर्षीय पुत्र मो. शाहबाज रेल लाइन होकर अपने घर जा रहा था। उसकी टूटी पटरी पर नजर पड़ी। उसी समय स्टेशन की ओर से आ रही ट्रेन भी दिखी। उसने अपने गले में लपेटा रंगीन गमछा हिलाना शुरू कर दिया। उसे गमछा हिलाते देख ट्रेन के चालक ने इमरजेंसी ब्रेक लगाया तब तक ट्रेन की तीन बोगी टूटी पटरी पार कर चुकी थी। ट्रेन रोकने के बाद लोको पायलट विद्यासागर नीचे उतरे और किशोर से गमछा हिलाने का कारण पूछा तो उसने पटरी टूटी होने की जानकारी दी। तब तक ट्रेन के गार्ड अरुण कुमार दुबे भी पहुंच चुके थे। लोको पायलट व गार्ड ने टूटी पटरी देखने के बाद विभाग को सूचना दी। जिसके बाद ट्रैक मेंटनेंस टीम पहुंची और पटरी की मरम्मत की। तब ट्रेन आगे बढ़ी। मरम्मत के कारण ट्रेन करीब 45 मिनट रुकी रही।

जमीनी विवाद में चली गोली, पांच लोग घायल

भागलपुर, एजेंसी। भागलपुर-कटिहार सीमा के मनिहारी थाना क्षेत्र में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई। घटना में गोलीबारी होने की भी बात सामने आ रही है। जानकारी के अनुसार दो लोगों के कान के पास से गोली निकली है। हालांकि दोनों की जान बच गई है। जबकि पांच लोग मारपीट में घायल है। सभी का इलाज भागलपुर के पिरपेंती रेफरल अस्पताल में चल रहा है। घायलों में कैलाश ठाकुर, सुजीत कुमार, सुभाष कुमार, रितेश कुमार और दिलीप ठाकुर शामिल है। लोगों का कहना है कि जमीनी विवाद को लेकर छह माह पहले भी इन लोगों के बीच मारपीट हुई थी। घायल सुभाष ठाकुर ने बताया कि जमीन विवाद को लेकर परिवार के लोगों ने ही गोली चलाई है। हम लोग जैसे ही घर से बाहर निकले उन लोगों ने हमला कर दिया। घटना में दो लोगों को गोली लगी है। इधर, घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस मामले की छानबीन में लग गई है।

लू लगने से व्यापारी की मौत:किसी काम के लिए घर से बाहर निकले थे, हीट स्ट्रोक से बिगड़ी थी सेहत

आरा (भोजपुर), एजेंसी। शहर के टाउन थाना क्षेत्र के महाजन टोली नंबर एक मोहल्ले में शनिवार को लू-लगने से एक व्यापारी की मौत हो गई। घटना को लेकर लोगों के बीच काफी देर तक अफरा-तफरी मची रही। जानकारी के अनुसार मृतक टाउन थाना क्षेत्र के महाजन टोली नंबर एक वार्ड नंबर 22 निवासी स्वर.अशोक कुमार सिन्हा के 50 वर्षीय पुत्र अनूप सिन्हा उर्फ़ अप्पू हैं एवं वह पेशे से व्यापारी थे।

क्या बोले परिजन

इधर मृतक के परिजन ने बताया कि वह कई वर्षो से महाराष्ट्र के पुणे में रहकर अपने पिता के साथ व्यापार करते थे। करीब छह महीने से वह यहां रहते थे। हीट-स्ट्रोक के कारण उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई। इसके बाद परिजन अभी उन्हें इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाने के लिए सोची रहे थे। इसके बाद उन्होंने दम तोड़ दिया। इसके पश्चात परिजन द्वारा इसकी सूचना स्थानीय थाना को दी गई। सूचना पाकर स्थानीय थाना मौके पर पहुंच शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया। जबकि पुलिस द्वारा बनाए गए मृत्यु समीक्षा रिपोर्ट के अनुसार मृत एक की मौत लू-लगने के कारण होना प्रतीत होता है। बताया जाता है कि मृतक अपने चार भाई व चार बहन में दूसरे स्थान पर थे। मृतक ने शादी नहीं की थी। घटना के बाद मृतक के घर में कोहराम मच गया है। घटी इस घटना के बाद मृतक के परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल था।

स्पेशल अभियान में 18 गिरफ्तार:भोजपुर पुलिस चला रही थी अभियान, कई मामलों में हैं आरोपी

आरा(भोजपुर), एजेंसी। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर कांडों में वांछित आरोपितों की गिरफ्तारी व शराब बरामदगी को लेकर चलाए गए छापेमारी अभियान में 18 पकड़े गए । इसमें हत्या में एक, लूट में दो, खनन में दो, वारंट में आठ, शराब में पांच पुलिस के हत्थे चढ़े है। अभियान के दौरान नौ शराब भट्ठियों को तोड़ा गया। 300 लीटर देसी शराब बरामद किया। करीब 23 वारंटों का निष्पादन किया गया। करीब 574 वाहनों की जांच की गई। 95 हजार रुपये जुर्माना वसूला गया।

अवैध खनन में दो गिरफ्तार : सहार थाना पुलिस ने हत्या के प्रयास व आर्म्स एक्ट में एक आरोपित परमात्मा राय को धर दबोचा। पकड़ा गया आरोपित पेरहाप गांव का निवासी है। संदेश थाना पुलिस ने लूट के मामले में एक बाइक व तीन मोबाइल के साथ दो को धर दबोचा। संदेश पुलिस ने चिल्होस निवासी जितेन्द्र कुमार व रेपुरा निवासी अमरनाथ चौधरी को पकड़ा है। तीस मई को लूट की घटना घटित हुई थी। संदेश व इमादपुर पुलिस ने अवैध खनन में दो को धर दबोचा।

आर्म्स एक्ट मामले में भी गिरफ्तारी : करनामेपुर थाना की पुलिस ने हत्या के प्रयास व आर्म्स एक्ट के मामले में एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। अजीमाबाद थाना पुलिस ने रंगदारी से जुड़े मामले में दो आरोपितों को धर दबोचा। हसन बाजार ओपी पुलिस ने हत्या के प्रयास में एक को गिरफ्तार कर लिया। जगदीशपुर पुलिस ने हत्या के प्रयास मामले में एक को धर दबोचा। तरारी पुलिस ने हत्या के प्रयास से जुड़े मामले में एक आरोपित को गिरफ्तार किया है

संक्षिप्त समाचार

अलग-अलग गठबंधन का पोलिंग एजेंट बनने पर झड़प

आरा। शहर के बलबतरा मुहल्ला में एक मतदान केंद्र पर अलग-अलग गठबंधन का पोलिंग एजेंट बनने पर दो युवक के परिवारों में झड़प हो गई। दोनों पक्ष के कुछ लोगों को चोट आईं। पुलिस ने पहुंचकर माहौल को शांत किया। बताया जाता है कि एक युवक किसी गठबंधन का पोलिंग एजेंट बना था। इसके बाद उस युवक से संबधित एक दूसरा युवक अगल गठबंधन का पोलिंग एजेंट बन गया। इससे विवाद व मारपीट हो गया। दूसरी तरफ, आरा शहर के वार्ड नंबर 25 में बोगस वोटिंग की शिकायत को पुलिस-प्रशासन ने निदान किया। बड़हरा प्रखंड में कृष्णागढ़ थाना अंतर्गत बलुआ गांव के क्षेत्र में मतदान की पूर्व रात वास्तविक चौकीदार के मृत्यु के बाद पुलिस द्वारा उसके पुत्र से काम करने और मतदान प्रक्रिया बाधित करने की शिकायत की गई।

ग्रामीण क्षेत्रों में लगेंगे स्मार्ट प्रीपेड मीटर

आरा। ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली उपभोक्ताओं के घरों व दुकानों मे स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य काफी तेजी होगा। गौरतलब हो कि भोजपुर जिले में 14 प्रखंड है। बिजली विभाग भोजपुर जिले के सभी 14 प्रखंडों के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में स्मार्ट मीटर लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। कई जगहों पर स्मार्ट मीटर लगाया जा चुका है। जबकि अन्य जगहों पर अभी स्मार्ट मीटर लगाना है। विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल, बिहिया प्रशाखा से जुड़े ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली उपभोक्ताओं के घरों व दुकानों मे स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य किया जा रहा है। इस संबंध में कनीय अभियंता उमाशंकर जी ने बताया कि बिहिया ग्रामीण क्षेत्रों एक हजार से ज्यादा घरों व दुकानों में स्मार्ट मीटर लगाया जा चुका है। सभी घरों व दुकानों में स्मार्ट मीटर लगाना है। इसके लिए टीम भ्रमण कर स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य कर रही है। कनीय अभियंता ने बताया कि बिहिया प्रशाखा में 28249 बिजली उपभोक्ता है। इसमें 3 हजार से अधिक शहरी उपभोक्ता है। शहरी उपभोक्ताओं के घरों व दुकानों में स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य लगभग पूरा हो चुका है। ग्रामीण क्षेत्रों के करीब 25 हजार उपभोक्ताओं के घरों व दुकानों में स्मार्ट मीटर लगाने का लक्ष्य है। इसी को लेकर तेजी से कार्य किया जा रहा है। संभावना है कि लक्ष्य को जल्द ही पूरा कर लिया जाएगा। भोजपुर जिले के अन्य प्रखंडों में भी स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य किया जा रहा है। मीटर लगाने के कार्य को अब और तेज किया जाएगा। गौरतलब हो कि पिछले दिनों बिहिया नगर में स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य किया गया था। अब ग्रामीण क्षेत्रों में स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य किया जा है। बिहिया के जेई ने बताया कि स्मार्ट मीटर लगाने से उपभोक्ता को काफी फायदा है। जितना खपत होगा उतना का ही चार्ज लगता है। बिहार बिजली स्मार्ट मीटर एप्प में खपत भी देखा सकता है। इसमें भुगतान करने पर 3 प्रतिशत का छुट भी मिलता है। जहां- जहां स्मार्ट मीटर लगा है वहा से उपभोक्ताओं का अच्छा रिस्पांस मिल रहा है।

ईवीएम में कैद हुआ 14 प्रत्याशियों का भाग्य

बक्सर। शनिवार को लोकसभा चुनाव का अंतिम चरण शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो गया। कुल चौदह प्रत्याशी चुनावी दंगल में ताल ठोक रहे हैं। इन प्रत्याशियों का भाग्य ईवीएम में कैद हो गया। नतीजा आगामी 4 जून को आएगा। यानी जीत हार के फैसले के लिए दो दिन इंतजार करना होगा। प्रत्याशी और उनके समर्थक वोट के गुणा-गणित में जुट गये हैं। किस इलाका से कितना वोट मिलने की संभावना है इसको लेकर अपने बूथ एजेंट से बात कर रहे हैं। बता दें कि लोकसभा चुनाव 2024 के मैदान में बसपा के अनिल कुमार, भाजपा के मिथिलेश तिवारी, राजद के सुधाकर सिंह, बहुजन मुक्ति पार्टी के राजू सिंह, जागरूक जनता पार्टी के हेम लता के अलावा निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में अखिलेश कुमार पांडेय, आनंद मिश्रा, आनंद मिश्र, ददन यादव, निरंजन कुमार राय, भगवान सिंह यादव, राम स्वरूप चौहान, सुधाकर मिश्रा और सुनील कुमार दुबे का भाग्य ईवीएम में बंद हो गया है।

महिला दारोगा की तबीयत हुई खराब

बक्सर। शहर के एमपी हाई स्कूल में लोकसभा चुनाव की ड्यूटी में तैनात महिला एसआई की तबीयत अचानक से खराब हो गई। महिला एसआई को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। महिला दारोगा गरीमा श्री एमपी हाईस्कूल में तैनात थी। काफी गर्मी के कारण अचानक से उसकी तबीयत खराब हो गई।

देह भले नईखे चलत, देश की गति न रुकी

बक्सर। सिकठी पंचायत के सुजायतपुर गांव में 90 वर्षीय लखरानों देवी अपने पोते सुमित कुमार सिंह के साथ ह्विल चेयर पर वोट देने के लिए पहुंची। इस दौरान उन्होंने कहा कि बबुआ देंह भले नईखे चलत लेकिन देश ना रुके देम, देश हमेशा चलत रही। एही से वोट देवे खातिर आईल बानी।.हमार वोट हमार ताकत ह देश के भी ताकत ह।

शरीर झुक गईल बा, लेकिन देश न झुके देम

इटाढ़ी। लोकतंत्र का महापर्व में बुजूर्ग वोटरों ने बुथ पर पहुंच कर संदेश दिया कि मताधिकार का प्रयोग करना जरूरी है। इटाढ़ी प्रखंड के मध्य विद्यालय खतीबा में अपने नाती के पीठ पर बैठ कर वोट देने पहुंची 80 वर्षीय वृद्ध महिला ने कहा कि शरीर भले झुक गईल बा, लेकिन देश ना झुके देम।

गोद में बच्चा के साथ वोट भी जरूरी

धनसोई। सिकठी हाई स्कूल पर बनाए गए मतदान केंद्र पर वोट डालने बुरका पहन कर पहुंची महिला वोटर गोद में बच्चा लिए थी। पूछने पर बताया कि बच्चा संभालने के साथ वोट देना भी जरूरी है। इसलिए वोट देने आ गई। धनसोई|शनिवार को लोकतंत्र के महापर्व के अवसर पर ग्रामीण इलाकों में अजब गजब हीं नजारा देखने को मिला। जहां मतदान केंद्र दूर होने के कारण बरहुटिया गांव के लोगों को ऑटो के माध्यम से जाना पड़ा। सिकठी मतदान केंद्र पर टेंपो से जा रहे हैं लगभग एक दर्जन से अधिक लोगों ने बताया कि मतदान केंद्र दूर है परंतु वोट डालना जरूरी है इसलिए सभी गांव के लोगों ने मिलकर भाड़े पर एक टेंपो किया है अपने खर्चे से मतदान केंद्र पर पहुंचकर वोट देने जा रहे हैं।

भोजपुर में वोटिंग के दौरान हिंसा, एक पक्ष ने पत्थर फेंका, दूसरे ने की फायरिंग

♦ जख्मी को उठाकर अस्पताल भागे परिजन

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर में शनिवार को वोटिंग के दौरान शाम में दो पक्षों के बीच हिंसक झड़प हो गई। दोनों और से जमकर ईंट-पत्थर और फायरिंग की गई। फायरिंग के दौरान चार लोग जख्मी हो गए। सभी घायलों को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना बड़हरा थाना क्षेत्र के पैगा गांव की है। पीड़ित पक्ष के अनुसार, वोट देने जाने के दौरान कुछ लोगों ने उनसे पूछा कि किसे वोट दोगे। इस सवाल का जवाब नहीं देने पर उसके साथ मारपीट की। इसके बाद ग्रामीणों ने भी लाठी-डंडे और ईंट पत्थर चलाना शुरू कर दिया। इसी दौरान दूसरे पक्ष की ओर से फायरिंग शुरू हो गई। घायलों में बड़हरा थाना क्षेत्र के पैगा गांव निवासी स्वर्गीय रामाधार राम के 56 वर्षीय पुत्र किशन दयाल राम, अमरजीत राम के 28 वर्षीय पुत्र राहुल कुमार, मुन्ना कुमार की 14 वर्षीय बेटी खुशी कुमारी और हरेंद्र प्रसाद राम के 16 वर्षीय पुत्र गौतम कुमार शामिल है। इधर, पुलिस भी मामले की जांच में जुट गई है और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

झड़प का वीडियो आया सामने: आरा में हुए इस घटना का वीडियो भी सामने आया है। वीडियो में दिख रहा है कि ग्रामीण की ओर से दूसरे पक्ष की ओर पथराव किया जा रहा है। इसी दौरान सामने से भी कई राउंड फायरिंग की गई। फायरिंग में एक अधेड़ को सीने में गोली लगती है, जिसके बाद कुछ लोग उन्हें सुरक्षित जगह पर ले जाते हैं। उसके बाद भी दूसरे पक्ष द्वारा फायरिंग की जा रही है। फायरिंग की आवाज वीडियो में साफ सुनाई दे रही है। जबकि जख्मी पक्ष के लोगों की ओर से आरोपियों पर पथराव की जा रही है। इधर, सूचना मिलने के बाद पुलिस भी जांच में जुट गई है।

बूथ पर दबंगों ने जाति सूचक शब्दों को इस्तेमाल किया: घायल किशन दयाल राम ने बताया कि पैगा गांव स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय में बूथ संख्या 115,116 और 118 बना था। शनिवार की शाम वे लोग वोट देने के लिए जा रहे थे। तभी वहां पर कुर्सी टेबल लगाकर बैठे कुछ दबंगों ने उन्हें जाति सूचक शब्द का इस्तेमाल करते हुए रोका। पूछा- कहां जा रहे हो तो उन्होंने कहा- वोट देने जा रहे हैं। आरोपियों ने पूछा- किसे वोट दोगे तो पीड़ित ने कहा- इससे तुम्हें क्या मतलब। बस इसी के बाद दोनों पक्ष में विवाद शुरू हो गया और बात फायरिंग और पथराव तक जा पहुंची। जख्मी किशन दयाल राम ने गांव के ही लाल सिंह और उनके साथ रहे अन्य लोगों पर वोट को लेकर हुए विवाद के कारण गोली मारने का आरोप लगाया है।

घायलों की स्थिति बेहतर: वहीं, सदर अस्पताल में इलाज कर रहे सर्जन डॉ.विकास सिंह ने बताया कि एक को बाएं साइड कंधे और दूसरे को दाहिने सीने में गोली लगी है। दोनों की स्थिति स्टेबल है। जिसे चेस्ट में गोली लगी है, उसका एक्स-रे कराया गया है। एक्स-रे में एक छोटा सा बुलेट का प्लेट पाया गया है। हम लोग सभी का इलाज कर रहे हैं।

आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी: इधर, एसपी नीरज कुमार ने बताया कि पैगा गांव में फायरिंग हुई है। इस घटना में चार लोग जख्मी हैं। सभी घायलों का इलाज आरा सदर अस्पताल में कराया जा रहा है। घटना में शामिल आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। घायलों ने लिखित आवेदन दिया है। आवेदन के आधार पर कार्रवाई की जा रही है।

निर्दलीय प्रत्याशी आनंद मिश्रा के साथ अभद्र व्यवहार, बक्सर में वोटिंग को लेकर पहुंचे थे

निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर में निर्दलीय प्रत्याशी आनंद मिश्रा के साथ कुछ असामाजिक तत्वों ने अभद्र व्यवहार किया। बताया गया की उन्हें भद्दी-भद्दी गालियां भी दी गई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आनंद मिश्रा को लोगों के बीच से निकालकर अपने साथ ले गई। हालांकि आनंद मिश्रा ने पुलिस से आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। जिसके बाद पुलिस कार्रवाई में जुटी है। बता दे की बक्सर लोकसभा क्षेत्र में इस बार एक ही नाम के दो प्रत्याशियों ने नामांकन किया था। एक पूर्व आईपीएस आनंद मिश्रा और दूसरा आनंद मिश्रा, हालांकि यह चर्चा था की की पूर्व आईपीएस आनंद मिश्रा के वोट को काटने के लिए इस आनंद मिश्रा को भाजपा ने खड़ा किया है।

भद्दी-भद्दी गालियां भी दी, कार्रवाई की मांग

कार्रवाई की मांग की: एक आनंद मिश्रा को क्रमांक 7 पर कैची तो पूर्व आईपीएस को 8 नंबर पर चुनाव चिन्ह सेब था। लोगो का अनुमान भी सही था। मतदान से एक दिन पूर्व दूसरा आनंद मिश्रा कैची चुनाव चिन्ह वाले ने मिडिया के समाने यह बयान दिया की मैं आनंद मिश्रा भाजपा का समर्थन करता हूं। जिसे खूब फैलाया गया। जिस पर आनंद मिश्रा के समर्थकों में काफी नाराजगी थी। हालांकि पूर्व आईपीएस ने प्रेस वार्ता कर यह जानकारी दिया की मैंने किसी का समर्थन नहीं किया है। यह भाजपा के द्वारा जो फर्जी प्रत्याशी खड़ा किया गया था, उसने ऐसा किया है। जिसकी आशंका मुझे पहले से था। वहीं कुछ युवाओं के बीच दूसरा आनंद मिश्रा मिल गए। जिस पर इस हरकत से नाराज युवाओं ने आनंद मिश्रा के साथ अभद्र व्यवहार किया है। बक्सर एसपी मनीष कुमार ने बताया कि एक शिकायत इंडिपेंडेंस कैंडिडेट आनंद मिश्रा से मिला है। जिसमें उन्होंने बताया है की कुछ लोगों ने उनके खिलाफ गलत शब्दों का इस्तेमाल किया है। जिसके बाद से पुलिस आगे की कार्रवाई कर रहे है।

स्पेशल अभियान में 18 गिरफ्तार, पुलिस चला रही थी अभियान

निज संवाददाता। आरा

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर कांडों में वांछित आरोपितों की गिरफ्तारी व शराब बरामदगी को लेकर चलाए गए छापेमारी अभियान में 18 पकड़े गए । इसमें हत्या में एक, लूट में दो, खनन में दो, वारंट में आठ, शराब में पांच पुलिस के हत्थे चढ़े है। अभियान के दौरान नौ शराब भट्ठियों को तोड़ा गया। 300 लीटर देसी शराब बरामद किया। करीब 23 वारंटों का निष्पादन किया गया। करीब 574 वाहनों की जांच की गई। 95 हजार रुपये जुर्माना वसूला गया।

अवैध खनन में दो गिरफ्तार: सहार थाना पुलिस ने हत्या के प्रयास व आर्म्स एक्ट में एक आरोपित परमात्मा राय को धर दबोचा। पकड़ा गया आरोपित पेरहाप गांव का निवासी है। संदेश थाना पुलिस ने लूट के मामले में एक बाइक व तीन मोबाइल के साथ दो को धर दबोचा। संदेश पुलिस ने चिल्होस निवासी जितेन्द्र कुमार व रेपुरा निवासी अमरनाथ चौधरी को पकड़ा है। तीस मई को लूट की घटना घटित हुई थी। संदेश व इमादपुर पुलिस ने अवैध खनन में दो को धर दबोचा। करनामेपुर थाना की पुलिस ने हत्या के प्रयास व आर्म्स एक्ट के मामले में एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। अजीमाबाद थाना पुलिस ने रंगदारी से जुड़े मामले में दो आरोपितों को धर दबोचा। हसन बाजार ओपी पुलिस ने हत्या के प्रयास में एक को गिरफ्तार कर लिया। जगदीशपुर पुलिस ने हत्या के प्रयास मामले में एक को धर दबोचा। तरारी पुलिस ने हत्या के प्रयास से जुड़े मामले में एक आरोपित को गिरफ्तार किया है।

लू लगने से व्यापारी की मौत, किसी काम के लिए घर से बाहर निकले थे

निज संवाददाता। आरा

शहर के टाउन थाना क्षेत्र के महाजन टोली नंबर एक मोहल्ले में शनिवार को लू-लगने से एक व्यापारी की मौत हो गई। घटना को लेकर लोगों के बीच काफी देर तक अफरा-तफरी मची रही। जानकारी के अनुसार मृतक टाउन थाना क्षेत्र के महाजन टोली नंबर एक वार्ड नंबर 22 निवासी स्वर.अशोक कुमार सिन्हा के 50 वर्षीय पुत्र अनूप सिन्हा उर्फ़ अप्पू हैं एवं वह पेशे से व्यापारी थे। इधर मृतक के परिजन ने बताया कि वह कई वर्षो से महाराष्ट्र के पुणे में रहकर अपने पिता के साथ व्यापार करते थे। करीब छह महीने से वह यहां रहते थे। हीट-स्ट्रोक के कारण उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई। इसके बाद परिजन अभी उन्हें इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाने के लिए सोची रहे थे। इसके बाद उन्होंने दम तोड़ दिया। इसके पश्चात परिजन द्वारा इसकी सूचना स्थानीय थाना को दी गई। सूचना पाकर स्थानीय थाना मौके पर पहुंच शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया। जबकि पुलिस द्वारा बनाए गए मृत्यु समीक्षा रिपोर्ट के अनुसार मृत एक की मौत लू-लगने के कारण होना प्रतीत होता है। बताया जाता है कि मृतक अपने चार भाई व चार बहन में दूसरे स्थान पर थे। मृतक ने शादी नहीं की थी। घटना के बाद मृतक के घर में कोहराम मच गया है। घटी इस घटना के बाद मृतक के परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल था।

4 जून को होगा 14 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला, बक्सर में लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न

निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर लोकसभा सीट पर आज मतदान खत्म हो चुका है। बक्सर लोकसभा के सभी 14 प्रत्याशियों की किस्मत का फैसला हो चुका है लेकिन इसके नतीजे ईवीइम में कैद हैं जो 4 जून को जनता के सामने लाए जाएगें। मतदान कर्मी कड़ी सुरक्षा के बीच ईवीएम लेकर बजार समिति में पहुंच रहे है। जहां अधिकारियों के देख रेख जमा करने की प्रक्रिया शुरू कर दिया गया है। जिसकी जमा करने की प्रक्रिया सुबह 4 बजे तक अनुमान लगाए जा रहा है। जिसकी जानकारी बक्सर निर्वाचन पदाधिकारी अंशुल अग्रवाल और बक्सर के एसपी मनीष कुमार द्वारा संयुक्त रूप से प्रेस वार्ता कर दिया गया।

सीसीटीवी से लैस रहेगा स्ट्रांग रूम: बक्सर निर्वाची पदाधिकारी सह डीएम अंशुल अग्रवाल ने कहा की आपलोगों को जानकारी देते हुए खुशी हो रही है की शांतिपूर्ण और निष्पक्ष वातावरण में 33 लोक सभा का मतदान सम्पन्न हुआ है। उन्होंने कहा की अभी तक जो अनुमानित आकड़े मिला है की जिले का मतदान 53.7 प्रतिशत है। उन्होंने कहा की 6 बजे के बाद सभी मतदान कर्मी अपने बूथ से प्रस्थान कर गए है। जितनी भी प्रयोग में आई ईवीएम है। उसे बजार समिति में।एकत्रित किया जायेगा। सारी ईवीएम आज रात को एकत्रित हो जायेगी तो बज्रगृह को सील करने की प्रक्रिया पर प्रारंभ किया जायेगा।राजनीतिक दलों को भी इसकी सूचना दे दी गई है। सील करने की प्रक्रिया हमारे समय प्रवेक्षक महोदिया है उसके देख रेख में किया जाना है। ईवीएम वेयर हाउस सीसीटीवी से लैस होगा।

♦ 53.7 प्रतिशत हुई वोटिंग

थ्री लेयर में की जा रही सुरक्षा: बक्सर जिला निर्वाची पदाधिकारी ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया की त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था में एवं को रखा गया है। बिहार पुलिस सशक्त बल के अधिकारी और कर्मी रहेगे। उसके बाद केंद्रीय सशक्त बल के जवान वहां तैनात रहेंगे। कोई भी प्रतिबंधित वस्तु परिसर में ले जाना वर्जित रहेगा। इसकी जानकारी सभी उम्मीदवारों और उनके प्रतिनिधियों को दे दी गई है। इसके साथ ही डीएम ने कहा 4 जून को होने वाले मतगणना की भी तैयारी लगभग पूर्ण होने वाली है।

मां-बेटे समेत 4 लोगों की पिटाई, चोरी का झूठा आरोप लगाकर पहले बेटा को पीटा

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर जिले के शाहपुर थाना क्षेत्र के होली छपरा गांव में शनिवार को चोरी करने का झूठा आरोप लगाकर मां-बेटे समेत चार लोगों की जमकर पिटाई कर दी गई। इससे चारों गंभीर रूप से जख्मी हो गए। इसके बाद ज़ख्मियों में दो लोगों को इलाज के लिए शाहपुर रेफरल अस्पताल से आरा सदर अस्पताल लाया गया, जहां उनका इलाज कराया जा रहा है। वहीं, जख्मी दो लोगों का इलाज शाहपुर रेफरल अस्पताल में कराया जा रहा है।

मोबाइल चोरी के लिए जा रहा था: जानकारी के अनुसार ज़ख्मियों में शाहपुर थाना क्षेत्र के होली छपरा गांव निवासी सुधन चौधरी की पत्नी धरमतिया देवी,दो पुत्री नीतू कुमारी,निशा कुमारी एवं एक पुत्र संदीप चौधरी है। इधर संदीप चौधरी ने बताया कि वह लघुशंका करने के लिए जा रहा था। तभी गांव का ही एक व्यक्ति उसे पर झूठा आरोप लगने लगा कि वह उसके घर में मोबाइल चोरी करने के लिए जा रहा था। इसके बाद उसने उसकी जमकर पिटाई शुरू कर दी।अपने बेटे को पिता देख जब उसकी मां और दो बहन उसे भी बचाने गई तो उन लोगों द्वारा उन तीनो की भी जमकर पिटाई कर दी। जिससे सभी गंभीर रूप से जख्मी हो गए।

पिटाई कर जख्मी किया: इसके बाद ज़ख्मियों में संदीप चौधरी और उसकी बहन नीतू कुमारी को इलाज के लिए शाहपुर ररेफरल अस्पताल से आरा सदर अस्पताल लाया गया। जबकि उसकी मां धरमतिया देवी एवं छोटी बहन निशा कुमारी का इलाज शाहपुर में ही कराया जा रहा है। वहीं, दूसरी तरफ जख्मी संदीप चौधरी ने गांव के ही भागदेव चौधरी नामक व्यक्ति पर मोबाइल चोरी करने का झूठा आरोप लगाकर सभी लोगों को पीट कर जख्मी करने का आरोप लगाया है। हालांकि पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है।

मतदान के दौरान सांसद प्रतिनिधि पर हमला

निज संवाददाता। आरा

लोकसभा चुनाव में मतदान के दौरान बड़हरा प्रखंड के सेमरा गांव के एक बूथ पर कब्जा और अधिकृत हस्ताक्षर के बावजूद पर्यवेक्षक द्वारा एनडीए के पोलिंग एजेंट को हटाने पर वार्ता के दौरान बवाल हो गया। दूसरा पोलिंग एजेंट रखने के लिए बात करने पहुंचे एनडीए के बड़हरा विधानसभा के चुनाव प्रभारी सह सांसद (केंद्रीय मंत्री आरके सिंह) प्रतिनिधि इंजीनियर धीरेंद्र सिंह के साथ एक दरोगा व पुलिस ने दुर्व्यवहार किया। उग्र लोगों ने धीरेंद्र पर जानलेवा हमला कर घायल कर दिया। पथराव किया, गाड़ी शीशा फोड़ दिये। हमले में धीरेंद्र को अंदरुनी चोट लगीं। भाजपा के बबुरा मंडल के अध्यक्ष रंजीत कुमार गुप्ता व बड़हरा मंडल के अध्यक्ष संतोष कुमार संटू संयोग से बचे। धीरेंद्र को इलाज के लिए बड़हरा सीएचसी से आरा सदर अस्पताल रेफर किया गया है। श्री धीरेंद्र ने बताया कि सेमरा गांव में बूथ संख्या-79, 80 और 81 है। मुझे पता चला कि बूथ संख्या-81 पर एनडीए के पोलिंग एजेंट जयप्रकाश पंडित को आब्जर्वर ने हटा दिया है। इस बात को मैंने आग्रहपूर्वक डीएम को सूचित किया। इस बीच सेमरा गांव से बार-बार फोन आने लगा। लेकिन एजेंट को बदलने वाला फॉर्म मेरे पास नहीं था। तब मैंने संतोष व रंजीत गुप्ता से संपर्क किया। संटू ने बताया कि हमारे पास फार्म है, लेकर आता हूं। इस बीच मैं मतदान कैंपस में गया और ऑब्जर्वर से पोलिंग एजेंट का मामला जानना चाहा। आब्जर्वर ने कहा कि फार्म पर हस्ताक्षर नहीं है। इसे स्वीकार नहीं करेंगे। मैंने कहा कि इस फार्म पर जिस व्यक्ति का हस्ताक्षर है, उसी के हस्ताक्षर से यहां के अन्य बूथों पर एनडीए के पोलिंग एजेंट हैं।

संक्षिप्त समाचार

स्कूलों में वार्षिक परीक्षा के बाद होगा दीक्षांत समारोह

भागलपुर। शिक्षा विभाग के निर्देश के अनुसार बीपीएससी के माध्यम से संगीत, नृत्य व ललित कला के विषय में जो शिक्षक नियुक्त किए गए हैं। वो मूल रूप से माध्यमिक विद्यालयों में पदस्थापित हैं। इन शिक्षकों की जिम्मेवारी होगी कि माध्यमिक विद्यालयों के अतिरिक्त अपने पोषक क्षेत्र के अंतर्गत पड़ने वाले प्रारंभिक विद्यालयों के बच्चों को संगीत, नृत्य एवं ललित कला का प्रशिक्षण दें। इस प्रकार उन्हें तैयार करें कि इन समारोहों में वे बेहतर प्रदर्शन कर सकें। प्राथमिक शिक्षा निदेशक के निर्देश ने पत्र लिख कर डीईओ को कहा कि वार्षिक परीक्षा के बाद दीक्षांत समारोह स्कूलो में कराया जाएगा। सरकारी विद्यालयों में बच्चों के बीच उत्साह होगा। शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव ने अधिकारियों के साथ विमर्श के बाद यह निर्णय लिया है कि सभी सरकारी विद्यालयों में प्रत्येक वर्ष शैक्षणिक सत्र की समाप्ति के बाद अप्रैल में दीक्षांत समारोह आयोजित किया जाय। अन्य गतिविधियों से भी बच्चों को जोड़ने की पहल विद्यालय में पढ़ रहे छात्र-छात्राओं की एक्सट्रा कैरिकुलर प्रतिभा को बढ़ावा देना इसका उद्देश्य है। इसमें मूल रूप से उनके पठन-पाठन के अतिरिक्त खेलकूद, वाद-विवाद, सामान्य ज्ञान, संगीत, नृत्य, पेंटिंग, कला, संगीत, रंगोली सहित अन्य शौक को बढ़ावा छात्र-छात्राओं को मिलेगा। इस पूरशिक्षण से बढ़ावा मिलेगा। त्रैमासिक एक्स्ट्रा करिकुलर समारोह आयोजित होगा प्रत्येक तीन माह पर त्रैमासिक एक्स्ट्रा करिकुलर समारोह आयोजित किया जाय, जो जुलाई, अक्टूबर व जनवरी व अप्रैल में संपन्न होगा। सरकारी स्कूलों में एकबार नहीं बल्कि हर तीन महीने पर अब दीक्षांत सह एकस्ट्रा कैरिकुलर समारोह होगा। इसमें हर महीने के कक्षावार सबसे ज्यादा उपस्थिति वाले बच्चों के साथ ही अभिभावकों को भी सम्मानित किया जाएगा। शिक्षा विभाग ने त्रैमासिक दीक्षांत समारोह को लेकर गाइडलाइन जारी की है। बच्चों की प्रतिभा को निखारने को लेकर दीक्षांत समारोह में अलग-अलग प्रतियोगिताओं का भी आयोजन कराया जाएगा।

वार्ड 39 के प्याऊ का स्टार्टर पार्षद प्रतिनिधि ने खोला

भागलपुर। वार्ड नंबर 39 के अशरफ आलम लेन में दो दिनों से प्याऊ बंद होने के कारण लोगों के बीच पानी की दिक्कत हो गई है। इलाके के मोहम्मद असलम, मोहम्मद जाबीर, मोहम्मद इश्तेयाक, राहिल कुरैशी आदि की शिकायत है कि दो दिन पहले वार्ड नम्बर 39 के पार्षद प्रतिनिधि मिंटू कुरैशी ने प्याऊ के स्टार्टर खोल दिए। अब दो दिनों से लोग पानी के लिए परेशान हैं। दूसरी जगह से पानी लाकर किसी तरह से काम चला रहे हैं। इन लोगों ने बताया कि कुछ घरों में पानी नहीं पहुंच रहा है। इसका मतलब यह नहीं है कि सभी के घरों के पानी को बंद कर दिया जाए। पूर्व पार्षद प्रतिनिधि मोहम्मद शाबीर खान ने बताया कि इलाके में पानी की संकट से आम लोग परेशान है। अशरफ आलम लेन में यही प्याऊ लोगों के लिए सहारा बना हुआ है। लेकिन दो दिनों से इलाके में पानी नहीं है। वहीं वार्ड नम्बर 39 के वर्तमान पार्षद प्रतिनिधि मिंटू कुरैशी ने बताया कि अशरफ आलम लेन में पानी के लिए विवाद हो रहा था। जिनके घर में पानी नहीं पहुंच रहा था, वे बार-बार शिकायत कर रहे थे। कई लोगों ने घर में मोटर लगा लिया, इसलिए पानी सभी के घरों तक नहीं पहुंच रहा है। लोगों में विवाद न हो इसलिए प्याऊ के स्टार्टर खोल दिए गए हैं।

दो शराबी गिरफ्तार

बरियारपुर। अलग-अलग स्थान से शराब पीकर हंगामा कर रहे दो शराबी को गिरफ्तार किया गया है। थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने देते हुए बताया कि शराब पीकर हंगामा कर रहे पैरू मंडल टोला निवासी मिथिलेश कुमार एवं गांधीपुर निवासी सदानंद मंडल को शराब के नशे में गिरफ्तार किया गया है। जिसे बिहार उत्पाद अधिनियम एक्ट के तहत मुंगेर न्यायालय भेज दिया गया।

मई में 62 मरीजों की मौत ICU में 21 की गई जान

मुंगेर। सदर अस्पताल के विभिन्न वार्डों सहित आईसीयू वार्ड में मई माह के दौरान 62 मरीजों की मौत विभिन्न बीमारियों के कारण हुई है, जो पिछले दो साल में सर्वाधिक है। जिसमें 21 मरीजों की मौत केवल आईसीयू वार्ड में हुई है. हालांकि आईसीयू वार्ड में मरने वाले 21 मरीजों में 16 मरीज वृद्ध हैं। जबकि केवल हीट वेब के कारण अबतक जिले में दो मरीजों की मौत हो चुकी है। जेठ माह के आरंभ से ही शुरू हुई बेतहाशा गर्मी ने मुंगेर में मौसमी बीमारी को भी काफी बढ़ा दिया है। जिसके कारण मरीजों की मौत भी हो गयी है। सदर अस्पताल में केवल मई माह में पिछले दो साल में सर्वाधिक 62 मरीजों की मौत हुई जिसमें 21 मरीजों की मौत केवल आईसीयू वार्ड में इलाज के दौरान हुई है। हालांकि इसमें 16 मरीजों की उम्र 62 से 90 साल के बीच थी। जबकि पूरे मई माह में सदर अस्पताल में इस साल के सर्वाधिक 1,740 मरीज इलाज के लिये भर्ती हुये हैं। इधर जिले में जहां हीट वेब के कारण बुधवार की देर रात पुलिस विभाग के एक दरोगा की मौत हो गयी, वहीं शनिवार की सुबह 5.30 बजे लखीसराय जिले के सूर्यगढ़ा निवासी मो. इब्राहिम की 75 वर्षीय पत्नी कमरूनिशा की मौत भी हीट वेब के कारण हो गयी। अस्पताल उपाधीक्षक डॉ रमन कुमार ने बताया कि गर्मी के कारण मौसमी बीमारी काफी अधिक बढ़ गयी है. हालांकि कुछ मरीजों की मौत लू या गर्मी के कारण हुई है। जबकि शेष मौत का कारण वृद्धावस्था में होने वाली लंबी बीमारी है।

11वीं में आवेदन की प्रक्रिया समाप्त

भागलपुर। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा 11वीं में नामांकन के लिए आवेदन प्रक्रिया समाप्त हो गई। 11वीं में नामांकन के लिए करीब 14 लाख आवेदन प्राप्त हुए हैं। 10वीं कक्षा में उत्तीर्ण विद्यार्थियों के लिए 11वीं में नामांकन के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 31 मई थी। विद्यार्थियों को विद्यालय आवंटन सात जून को किया जाएगा। सत्र 2024-26 के लिए आवंटन सूची ओएफएसएस वेबसाइट पर जारी कर दिया जाएगा। 12 जून तक नामांकन प्रक्रिया समाप्त हो जाएगी। स्पाट नामांकन की प्रक्रिया 16 जून को समाप्त हो जाएगी। 16 जून से ही 11वीं की पढ़ाई शुरू हो जाएगी। परीक्षा समिति ने कहा है कि राज्य के सरकारी विद्यालयों से कक्षा 10वीं में उत्तीर्ण विद्यार्थी का कक्षा 11वीं में नामांकन उसी विद्यालय में लिया जायेगा, जहां से वे 10वीं की परीक्षा में उत्तीर्ण हुए हैं। यदि किसी विद्यार्थी ने 11वीं कक्षा में नामांकन के लिए उस सरकारी विद्यालय का विकल्प नहीं दिया है, जहां से उसने 10वीं कक्षा की परीक्षा उत्तीर्ण की है तो भी उसका नामांकन उसके मूल सरकारी विद्यालय में ही आवेदन में दिए गए प्रथम विकल्प में अंकित संकाय में किया जाएगा।

स्वास्थ्य केंद्रों में पैथोलॉजी सेवाओं का होगा मूल्यांकन

मुंगेर। विगत दिनों पैथोलॉजी जांच में आ रही कई छोटी-बड़ी खामियों को लेकर अब स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह सजग हो चुका है। मरीजों को बेहतर और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधा मुहैय्या करवाने को लेकर अब पैथोलॉजी को पूरी तरह दुरुस्त करने की कवायद तेज कर दी है। सार्वजनिक स्वास्थ्य केंद्रों में गुणवत्तापूर्ण पैथोलॉजी की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने नई पहल की है। राज्य स्वास्थ्य समिति के कार्यपालक निदेशक ने सभी जिलों के सिविल सर्जन को पत्र लिख कर कहा है कि अपने-अपने जिलों में मौजूद इनहाउस मोड में संचालित पैथोलॉजी सेवाओं का मासिक स्व-मूल्यांकन करें। राज्य द्वारा भेजे गए चेक लिस्ट के अनुसार मूल्यांकन करना अनिवार्य होगा। रिपोर्ट के आधार पर जो भी कमी दिखेगी उसे अविलंब दूर किया जाएगा ताकि स्वास्थ्य केंद्रों पर हर स्तर पर गुणवत्तापूर्ण पैथोलॉजी जांच की सुविधा जरूरतमंदों को मिल सके। स्वास्थ्य विभाग के एसेंशियल डायग्नोस्टिक की सूची में 150 से अधिक तरह की जांच फैसिलिटी वाइज की जाती है। इसमें मेडिकल कॉलेज में 161, जिला अस्पताल में 148, अनुमंडलीय अस्पतालों में 91, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में 75, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में 66 तथा उससे निचले स्तर के स्वास्थ्य केंद्रों में 9 तरह के जांच निशुल्क किए जाते हैं।

छात्र दरबार में 221 को दी गई डिग्री

भागलपुर। टीएमबीयू के सीनेट हॉल में आयोजित छात्र दरबार में 221 छात्रों को डिग्री दी गई।इस में छात्रों से जुड़े 275 आवेदन आए थे। इनमें पीजी के पेंडिंग रिजल्ट के दो, स्नातक के 32, अंक पत्र के चार, एडमिट कार्ड में सुधार के तीन और उत्तरपुस्तिका की छाया प्रति के 13 मामले थे। कुलपति के प्रभार में प्रो. अशोक कुमार ठाकुर ने कहा कि छात्र दरबार में डिग्री सहित 275 मामलों का निष्पादन किया गया है। छात्र दरबार से छात्रों को ठगने वाले दलाल पर अंकुश लगा है। इस मौके पर प्रॉक्टर डॉ. अर्चना साह, परीक्षा नियंत्रक डॉ. आनंद कुमार और परीक्षा विभाग के कर्मचारी मौजूद थे।

सभी स्वास्थ्य केंद्रों में पैथोलॉजी सेवाओं का अब होगा मूल्यांकन

निज संवाददाता। मुंगेर

मुंगेर विगत दिनों पैथोलॉजी जांच में आ रही कई छोटी-बड़ी खामियों को लेकर अब स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह सजग हो चुका है। मरीजों को बेहतर और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधा मुहैय्या करवाने को लेकर अब पैथोलॉजी को पूरी तरह दुरुस्त करने की कवायद तेज कर दी है। सार्वजनिक स्वास्थ्य केंद्रों में गुणवत्तापूर्ण पैथोलॉजी की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने नई पहल की है। राज्य स्वास्थ्य समिति के कार्यपालक निदेशक ने सभी जिलों के सिविल सर्जन को पत्र लिख कर कहा है कि अपने-अपने जिलों में मौजूद इनहाउस मोड में संचालित पैथोलॉजी सेवाओं का मासिक स्व-मूल्यांकन करें। राज्य द्वारा भेजे गए चेक लिस्ट के अनुसार मूल्यांकन करना अनिवार्य होगा। रिपोर्ट के आधार पर जो भी कमी दिखेगी उसे अविलंब दूर किया जाएगा ताकि स्वास्थ्य केंद्रों पर हर स्तर पर गुणवत्तापूर्ण पैथोलॉजी जांच की सुविधा जरूरतमंदों को मिल सके। स्वास्थ्य विभाग के एसेंशियल डायग्नोस्टिक की सूची में 150 से अधिक तरह की जांच फैसिलिटी वाइज की जाती है। इसमें मेडिकल कॉलेज में 161, जिला अस्पताल में 148, अनुमंडलीय अस्पतालों में 91, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में 75, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में 66 तथा उससे निचले स्तर के स्वास्थ्य केंद्रों में 9 तरह के जांच निशुल्क किए जाते हैं।

> जारी दिशा-निर्देश के तहत सभी स्वास्थ्य केंद्रों में पैथोलॉजी सेवाओं का मूल्यांकन किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग के एसेंशियल डायग्नोस्टिक की सूची में 150 से अधिक तरह की जांच फैसिलिटी वाइज की जाती है। राज्य स्तर से मिले चेकलिस्ट के अनुरूप इनकी निगरानी की जाएगी तथा जो भी कमियां मिलेगी उसे तुरंत दुरुस्त किया जाएगा।
>
> **- डॉ. विनोद कुमार सिन्हा,** सिविल सर्जन मुंगेर।

JDU नेता पिटाई मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर में शनिवार को जमीन विवाद में जदयू नेता की पिटाई मामले में पुलिस ने आरोपी पक्ष से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से अवैध हथियार भी बरामद किया है। बता दे कि विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र के परवती मोहल्ले में जमीन विवाद को लेकर चन्दर यादव के चारों बेटों ने राजा यादव के साथ मारपीट की थी। इसमें राजा यादव घायल हो गया था। घटना की जानकारी के बाद विश्वविद्यालय ततारपुर और ललमटिया और दंगा बाल सीआईएटी- टू घटनास्थल पर पहुंचकर विधि व्यवस्था को नियंत्रण में किया गया था। घटना के बाद से पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सभी सीसीटीवी फुटेज को खंगाल लिया है। मामले में पीड़ित के आवेदन पर विश्वविद्यालय थाना में कांड दर्ज भी कर दिया गया है। वहीं अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। मालूम हो कि घटना में एक देसी कट्टा तीन कारतूस और एक एयर गन बरामद किया गया है। चन्दर यादव फिलहाल हिरासत में है। इसके अलावा घटनास्थल पर पुलिस बल कैंप कर रही है और वर्तमान की स्थिति सामान्य है। मामले को लेकर डीएसपी अजय कुमार चौधरी ने बताया कि हर एंगल से जांच की जा रही है। इसके बाद दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

बदमाशों ने 1 परिवार के 5 लोगों को पीटा

निज संवाददाता। मुंगेर

मुंगेर के शामपुर थाना क्षेत्र में एक परिवार के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। बताया जाता है कि यहां तेज रफ्तार बाइक चला रहे युवक को मना करने पर उन्होंने मारपीट की है। लोहारी गांव स्थित एक बाइक पर सवार चार युवक तेज रफ्तार से बाइक चला रहे थे। इसी दौरान चंदन कुमार को उन्होंने ठोकर मार दी। इसका विरोध चंदन कुमार ने किया, तो बाइक सवार युवक गाली-गलौज करने लगे और वहां से वापस चले गए। इसके थोड़ी देर बाद अन्य 12 युवक के साथ इन्होंने चंदन कुमार के परिजनों पर हमला कर दिया।

घायलों का अस्पताल में इलाज जारी: इसमें चंदन कुमार, पिता शिवन साह, पत्नी पूजा देवी, पिता शिवन साह, प्रिया रानी, निशा कुमारी गंभीर रूप से घायल हो गई। इन्हें ग्रामीणों के सहयोग से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हवेली खड़गपुर लाया गया। यहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर, दो लोगों को हायर ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया। मामले को लेकर शामपुर थाना को सूचना दी गई है। थानाध्यक्ष नीतीश कुमार ने बताया कि आवेदन प्राप्त हुआ है। इस तरह के लोगों की पहचान की जा रही है। जल्द ही कार्रवाई की जाएगी।

भागलपुर में 20 दिवसीय आचार्य प्रशिक्षण का होगा आयोजन, 17 जिलों से 250 प्रतिभागी लेंगे भाग

◆ विद्या भारती दक्षिण बिहार के प्रदेश सचिव ने दी जानकारी

निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर के नाथनगर भारती शिक्षा समिति एवं शिशु शिक्षा प्रबंध समिति के द्वारा आयोजित नवीन आचार्य प्रशिक्षण वर्ग सेवा स्थायित्व वर्ग एवं शारीरिक खेलकूद प्रशिक्षण वर्ग की पूर्व संध्या पर गणपत राय सलारपुरिया सरस्वती विद्या मंदिर नरगाकोठी सैनिक स्कूल के विशाल सभागार में विद्या भारती दक्षिण बिहार के प्रदेश सचिव प्रदीप कुमार कुशवाहा की अध्यक्षता शनिवार को में प्रेस कॉन्फ्रेंस हुआ।

20 दिवसीय होगा प्रशिक्षण: प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान प्रदीप कुमार कुशवाहा ने कहा कि विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा समिति की प्रांतीय इकाई भारती शिक्षा समिति एवं शिशु शिक्षा प्रबंध समिति दक्षिण बिहार में प्रत्येक वर्ष आचार्य के अंदर एक नवाचार और नवीनता को निखारने के लिए 20 दिवसीय आचार्य प्रशिक्षण वर्ग लगाते हैं। प्रशिक्षण वर्ग 2 जून से 19 जून तक इस वर्ष चलने वाला है। विशेष रूप से आने वाले समय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति को ध्यान में रखकर यह प्रशिक्षण बहुत ही आवश्यक हो गया है। समय-समय पर विद्या भारती अपने पाठ्यक्रम सिलेबस में नवाचार का प्रयोग करती रहती है। नवाचार, शोध, और शिक्षक के उन्नयन को ध्यान में रखकर उत्कृष्टता को बढ़ाने के लिए यह प्रशिक्षण वर्ग आयोजित है। पूरे दक्षिण बिहार प्रांत के सात विभाग (भागलपुर ,मुंगेर, नालंदा, पटना, गया, रोहतास और भोजपुर) के 17 जिलों से लगभग 250 प्रतिभागी भाग लेने वाले हैं। इसमें अखिल भारतीय, क्षेत्रीय, प्रांतीय एवं विभिन्न क्षेत्रों से शिक्षाविद आकर प्रशिक्षण देंगे। 21वीं सदी के बालक के विकास के लिए, 21वीं सदी के शिक्षक निर्माण के लिए यह प्रशिक्षण वर्ग है। इस अवसर पर प्रदेश सचिव प्रदीप कुमार कुशवाहा ,उमाशंकर पोद्दार, सतीश कुमार सिंह, ब्रह्मदेव प्रसाद, विनोद कुमार ,निर्माल्य कुमार, वीरेंद्र कुमार ,राजेश कुमार, परमेश्वर कुमार ,प्रधानाचार्य नीरज कुमार कौशिक एवं शशि भूषण मिश्र उपस्थित थे।

कुएं में डूबने से पंचायत समिति प्रत्याशी की मौत, भागलपुर में पानी भरने के दौरान हुआ हादसा

◆ घंटों मशक्कत के बाद निकाला गया शव

निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर में शनिवार को कुएं में डूबने से पंचायत समिति प्रत्याशी चंदन मंडल की मौत हो गई। घटना इसीपुर प्रखंड के हरदेवचक पंचायत के है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि चंदन मंडल काम करने के लिए गया हुआ था। कुएं से पानी निकालने के वक्त बैलेंस खो गया, जिसके कारण वह कुएं में डूब गए। घटना की जानकारी के बाद आसपास के लोगों ने किसी तरह घंटों मशक्कत के बाद कुएं से शव को बाहर निकाला। तब तक उसकी मौत हो चुकी थी, इधर लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की छानबीन में जुट गई है। मरने वाले की पहचान चंदन मंडल के रूप में की गई है। वहीं शव को पोस्टमार्टम के लिए भागलपुर के जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया गया है।

परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल: मामले को लेकर मृतक के परिजन ने बताया कि शनिवार को मृतक चंदन काम करने के लिए हरदेवचक पंचायत गया हुआ था। इसी दौरान कुएं से पानी निकाल रहा था। इधर, घटना की जानकारी लोगों ने परिजनों को भी दिया। जिसके बाद आनन-फानन में पहुंचे। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया है।

जमीनी विवाद में चली गोली, पांच लोग घायल

निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर-कटिहार सीमा के मनिहारी थाना क्षेत्र में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई। घटना में गोलीबारी होने की भी बात सामने आ रही है। जानकारी के अनुसार दो लोगों के कान के पास से गोली निकली है। हालांकि दोनों की जान बच गई है। जबकि पांच लोग मारपीट में घायल है। सभी का इलाज भागलपुर के पिरपेंती रेफरल अस्पताल में चल रहा है। घायलों में कैलाश ठाकुर, सुजीत कुमार, सुभाष कुमार, रितेश कुमार और दिलीप ठाकुर शामिल है। लोगों का कहना है कि जमीनी विवाद को लेकर छह माह पहले भी इन लोगों के बीच मारपीट हुई थी। घायल सुभाष ठाकुर ने बताया कि जमीन विवाद को लेकर परिवार के लोगों ने ही गोली चलाई है। हम लोग जैसे ही घर से बाहर निकले उन लोगों ने हमला कर दिया। घटना में दो लोगों को गोली लगी है। इधर, घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस मामले की छानबीन में लग गई है।

84 टेबल पर मतगणना, 29 राउंड में गिनती, हर टेबल की वेबकास्टिंग

निज संवाददाता। मुंगेर

मुंगेर लोकसभा का मतगणना 4 जून को जिला मुख्यालय स्थित डीजे कॉलेज वज्र गृह सेंटर पर होगी। मतगणना को लेकर जिला प्रशासन के द्वारा सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। जिसमें अंबे चौक से लेकर पांच नंबर गुमटी के बीच धारा 144 के तहत एक जगह लोगों का एकत्रित होना वर्जित रहेगा। इसके लिए प्रशासन के द्वारा पहले से ही बांस-बल्ला लगाकर जगह-जगह पर बेरिकेडिंग कर दिया गया है। मतगणना को लेकर पांच नंबर गुमटी से लेकर अंबे चौक तक सभी तरह के वाहनों के आवागमन पर रोक रहेगी। जबकि मतगणना केंद्र के आसपास धारा 144 लागू रहेगी। सुबह 8 बजे से डीजे कॉलेज वज्र गृह सेंटर पर मतगणना शुरू होगी। जिसमें पहले पोस्टल बैलेट पेपर की गिनती होगी।

इसके बाद इवीएम के वोटों की गिनती होगी। वहीं मतगणना केंद्र पर मुंगेर लोकसभा क्षेत्र के छह विधानसभा मुंगेर, जमालपुर, सूर्यगढ़ा, लखीसराय, बाढ़ और मोकामा के कुल 2029 मतदान केंद्र के ईवीएम की गिनती होगी। मतदान केंद्र पर जिला निर्वाची पदाधिकारी अवनीश कुमार सिंह, एसपी सैयद इमरान मसूद के अलावा सभी प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहेंगे।

उप-राज्यपाल मनोज सिन्हा के भाई के घर में लगी आग, भागलपुर में शार्ट सर्किट के कारण हुई घटना

निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर के आदमपुर थाना क्षेत्र में आदमपुर चौक के पास रविवार की सुबह एक तीन मंजिल के घर में आग लग गई। स्थानीय लोगों ने बताया कि शॉर्ट सर्किट की वजह से हादसा हुआ है। हादसे के समय घर के कोई सदस्य नहीं था। आसपास के लोगों ने आग की लपटें देखी तो इसकी जानकारी मकान मालिक को दी। घटना की जानकारी मिलने के बाद स्थानीय पुलिस और डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची। इसके बाद दमकल की टीम भी स्थल पर पहुंची। दमकल की तीन छोटे बड़े गाड़ियों की मदद से आग पर काबू पा लिया गया है। हादसे में कोई हताहत की सूचना नहीं है। वहीं घटना में घर का सारा सामान जलकर पूरी तरह राख हो गया है। इसमें कितने का नुकसान हुआ इसका पता नहीं लग सका है। जानकारी के अनुसार जम्मू कश्मीर के मौजूदा उप राज्यपाल मनोज सिन्हा के भाई अविनाश राय का यह मकान बताया जा रहा है। हालांकि अविनाश राय ने घर को किराए पर लगाया है। वह खुद यहां नहीं रहते है।

दमकल ने पाया काबू

चुनाव में नीतीश ने दिखाया जंगलराज का डर

निज संवाददाता

पटना। संपन्न हुए आम चुनाव में जदयू के स्टार प्रचारकों ने पुराने मसलों को ही वोटरों के बीच आगे किए रखा। जदयू नेताओं के चुनावी मंच से लालू-राबड़ी के शासन काल के दौरान विधि-व्यवस्था, जंगल राज और फिर नीतीश कुमार के 18 वर्षों के शासन काल में आधारभूत संरचना और सोशल सेक्टर में हुए काम की चर्चा होती रही। कई जगहों पर दिखा कि डबल इंजन की सरकार पर भी बात हुई। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जब नवादा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चुनावी सभा को साझा किया तो उस दिन ही उन्होंने पूरे मनोयोग से जदयू के स्टार प्रचारकों के लिए चुनावी लाइन को तय कर दिया था। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सहित जदयू के सभी स्टार प्रचारकों ने अपनी चुनावी सभा में आए लोगों से लालू-राबड़ी के 15 वर्षों का जिक्र किया। मुख्यमंत्री ने तो इस मसले पर चुनावी सभा में आए लोगों से संवाद के अंदाज में अपनी बात कही। उन्होंने बार-बार यह सवाल किया कि 2005 के पहले क्या स्थिति थी? शाम होते ही लोग घर में बंद हो जाते थे। अपराधियों का खौफ इतना अधिक था कि पूछिए मत। उन्होंने कई बार अपनी चुनावी सभाओं में यह कहा कि जिन लोगों ने इसे भोगा है वह इस बारे में नयी पीढ़ी को बताएं। मुख्यमंत्री की इस लाइन को ही जदयू के स्टार प्रचारकों ने आगे बढ़ाया। अपहरण उद्योग की चर्चा की। यह सवाल भी उठाया कि तेजस्वी यादव अपनी चुनानी सभाओं में इस पर क्यों कुछ नहीं बोलते? जदयू के कुछ नेताओं ने मतदान के ठीक पहले राजद के पंद्रह वर्षों के शासनकाल के दौरान हुए नरसंहार के विषय को भी उठाया। अल्पसंख्यकों के विषय को भी चुनाव के दौरान जदयू के स्टार प्रचारकों ने खूब उठाया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जब नवादा के वारिसलीगंज स्थित माफी में अपनी पहली चुनावी सभा कर रहे थे तो इस दौरान उन्होंने कहा कि उन्होंने अपने शासनकाल में सांप्रदायिक सद्भाव को बरकरार रखा। अल्पसंख्यकों ले लिए कई महत्वपूर्ण योजनाएं चलायीं। उद्यमिता के लिए नीतिगत रूप से आर्थिक सहायता की। मुख्यमंत्री यह भी पूछा कि हमने जब इतना किया है तो हमको नहीं दीजिएगा क्या? जदयू के कई स्टार प्रचारकों ने बार-बार यह कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पहल पर भागलपुर दंगा के दोषियों को सजा मिली। पीड़ितों को आर्थिक मदद की गयी। यह भी जोड़ा कि पूर्व की सरकार ने इस दंगे से जुड़ी फाइल को बंद कर दिया था। जदयू के चुनावी मंच से आधारभूत संरचना को लेकर भी खूब बातें हुईं। सड़क और पुल के अतिरिक्त इस बार इंजीनियरिंग और पॉलिटेक्निक संस्थानों के भवन व अस्पतालों के निर्माण पर चर्चा हुई। जदयू के चुनावी मंच पर संवाद के नए तत्व में जाति आधारित जनगणना को नोटिस में लिया गया। वोटरों को जदयू के स्टार प्रचारकों ने यह बताया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पहल पर जाति आधारित गणना हुई। इसके आधार पर आरक्षण के दायरे को बढ़ाया गया।

फ्रीज अकाउंट से रुपए निकालने पहुंचा था बैंक हुआ गिरफ्तार

पटना (नि.सं.)। पुलिस ने इंडियन बैंक से रुपए निकालने पहुंचे दो साइबर फ्रॉड को पकड़ा है। जिसकी पहचान बुद्धा कॉलोनी थाना क्षेत्र निवासी संतोष के तौर पर हुई है। जबकि दूसरा आरोपी नाबालिग है। इस मामले में तीन अन्य आरोपी फिलहाल फरार है। मामला कोतवाली थाना क्षेत्र का है। पुलिस के मुताबिक फरार चल रहे मुख्य सरगना मोबाइल दुकानदार राजू का पाकिस्तान कनेक्शन भी सामने आ रहा है। इस एंगल पर भी छानबीन की जा रही है है। कुल मिलाकर इस मामले में 5 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। इसमें 4 नामजद और एक अज्ञात शामिल है। पुलिस के मुताबिक संतोष मास्टर माइंड है। वो दूसरे आरोपी के अकाउंट से रुपए निकालने के लिए बैंक पहुंचा था। विड्रॉल फॉर्म भरकर जमा भी कर दिया था, लेकिन अकाउंट से रुपए नहीं निकला तो वो बैंक के कर्मियों से उलझ गया। बात मैनेजर तक पहुंची। मैनेजर ने दोनों को बैंक में बैठाकर इसकी सूचना कोतवाली थाने को दी। दरअसल, जिस अकाउंट से दोनों रुपए निकालने पहुंचे थे, उस अकाउंट को पहले ही फ्रीज करा दिया गया था। जिसके बाद पुलिस दोनों को थाने पर लेकर आई। इस बीच मौके का फायदा उठाकर मास्टर माइंड संतोष साक्ष्य छिपाने के लिए अपने मोबाइल को भी चालाकी से फॉर्मेट कर दिया। कोतवाली पुलिस के मुताबिक शातिर अंजान लोगों को प्रलोभन देकर बैंक में खाते खुलवाते थे और उसी खाते में किसी और से रुपए मंगाते थे। जिन लोगों का अकाउंट खुलवाते थे, उन लोगों का पासबुक, एटीएम और बैंक से संबंधित सभी दस्तावेज अपने पास ही रख लेते थे। सरगना राजू बुद्धा कॉलोनी इलाके में मोबाइल की दुकान चलाता है। दुकान सिर्फ नाम के लिए है। धंधा वो साइबर फ्रॉड का करता है। इसका पाकिस्तान कनेक्शन भी सामने आ रहा है। एक धर्मेंद्र का नाम भी शामिल है। जो फतुहा का रहने वाला है। मामला सामने आने के बाद सभी आरोपी फरार है।

आखिर इंटरनेट मीडिया पर क्यों ट्रेंड होता रहा पटना

निज संवाददाता

पटना। छठे चरण चुनाव के बाद जब बारी पटना की आई तो लोगों ने मतदान के साथ इंटरनेट मीडिया पर अपनी धमक दिखाई। पटना साहिब और पाटलिपुत्र लोकसभा क्षेत्र में शनिवार को हुए मतदान के दिन आम से खास लोग दिन भर इंटरनेट मीडिया पर ट्रेंड करते दिखे। सातवें चरण की वोटिंग आरंभ होते हुए रविशंकर प्रसाद, रामकृपाल, तेजप्रताप, तेजस्वी, मीसा भारती समेत अन्य नाम के हैशटैग पर पूरे दिन चर्चा होती रही। चुनाव परिणाम भले ही कुछ दिनों में आएंगे पर इंटरनेट पर मतदान को लेकर समीकरण बनने लगे। मौसम के साथ मिलने के बाद मतदाता घरों से निकल मतदान कर इंटरनेट मीडिया (एक्स) पर तस्वीरें साझा कर लोगों को प्रोत्साहित करते रहे। वहीं, वोट देने के बाद प्रत्याशियों ने भी लोगों को जागरूक करने को अपनी तस्वीर को साझा किए। तेजस्वी यादव ने मतदान कर अंगुली में लगी स्याही की तस्वीर साझा करते हुए एक्स पर लिखा है कि नौकरी, बेरोजगारी, महंगाई और मुद्दों से ध्यान भटकाने एवं लोकतंत्र, आरक्षण और संविधान हटाने वालों को अब जनता हटा रही है। अपने मतदान के प्रयोग से जन समस्याओं को दूर एवं लोकतंत्र को मजबूत करें। वहीं, राजद सुप्रीमो अपने परिवार के साथ वोट डालने के बाद एक्स पर तस्वीर साझा करते हुए लिखते हैं कि संविधान व आरक्षण बचाने के लिए मतदान का प्रयोग अवश्य करें। हालांकि, इस बीच वह आचार संहिता के विवाद में भी फंसते दिखे।

मनोज झा ने बताया सीटों का अनुमान

निज संवाददाता

पटना। बिहार समेत पूरे देश में लोकसभा चुनाव का परिणाम 4 जून को आने वाला है। इससे पहले नेताओं के अनुमान आने शुरू हो गई है। इसी क्रम में आरजेडी से राज्यसभा सांसद मनोज झा ने महागठबंधन की सीटों को लेकर अपना अनुमान बता दिया है। मनोज झा के अनुमान से महागठबंधन में खुशी की लहर दौड़ सकती है। मनोज झा ने समाचार एजेंसी पीटीआई से बात करते हुए कहा कि मैंने जिंदगी में कभी और मेरी पार्टी ने भी कभी एग्जिट पोल को तवज्जो नहीं दी। 2015 देखिए, 2020 देखिए, आपको उदाहरण मिल जाएगा। कई लोग तो माफीनामा भी लिखते हैं। मनोज झा ने कहा कि ये एग्जिट पोल तो पीएमओ से आया है। कोई जोशी जी हैं जो तैयारी कर रहे हैं। मैंने तेजस्वी जी का कैंपेन देखा है। इस कैंपेन में आरजेडी के परिवर्तन पत्र ने हंगामा मचा दिया है। रोजगार, महंगाई, महिलाओं का सशक्तिकरण सब पर जोर दिया गया है। मनोज झा ने कहा कि जो भी आंकड़े आप देख रहे हैं, उनमें व्यापक उलटफेर होगा। मेरे अनुमान से महागठबंधन को 25 से अधिक सीटें मिल रही हैं। उन्होंने कहा कि 4 जून को एग्जिट पोल नहीं बल्कि वास्तविक परिणाम सामने होगा और हमलोग पूरी तरह से बढ़त बनाएंगे। मनोज झा ने कहा मैंने तेजस्वी यादव जैसा कैंपेन अभी तक नहीं देखा। मनोज झा ने कहा कि मैं आपलोगों को यकीन दिलाता हूं कि बिहार में हमलोग 25 से अधिक सीटें जीतने जा रहे हैं।

यूजीसी नेट का परीक्षा कार्यक्रम जारी

पटना (नि.सं.)। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने जून 2024 सत्र की यूजीसी नेट का परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया है। अभ्यर्थी ऑफिशियल वेबसाइट https://ugcnet.nta.ac.in/ पर जाकर चेक कर सकते हैं। यूजीसी नेट की परीक्षा 83 विषयों के लिए ओएमआर (पेपर पेन) मोड से 18 जून को होगी। यह परीक्षा दो पालियों में आयोजित की जाएगी। पहली पाली की परीक्षा सुबह साढ़े नौ बजे से दोपहर साढ़े 12 बजे तक और दूसरी पाली की परीक्षा दोपहर बाद तीन बजे से शाम छह बजे तक आयोजित होगी। अभ्यर्थियों को परीक्षा के 10 दिन पहले शहर की सूचना के लिए सिटी इंटीमेशन स्लिप जारी कर दी जाएगी। इसके आधार पर अभ्यर्थी अपने परीक्षा शहर की जानकारी हासिल कर उसी अनुसार अपनी यात्रा की तैयारी कर सकते हैं।

एनडीए सरकार की हुई विदाई : मीसा भारती

निज संवाददाता

मनेर (पटना)। राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव की सुपुत्री एवं बिहार के सबसे हॉट सीट माने जाने वाले पाटलिपुत्र लोकसभा की उम्मीदवार मीसा भारती ने कहा इस बार पाटलिपुत्र की जनता इस बार जवाब दे दिया है। मीसा भारती ने कहा कि सत्ता में बैठे एनडीए सरकार की विदाई हो गई। जीत प्रति आश्वस्त दिख रहीं डॉ मीसा भारती ने कहा कि पाटलिपुत्र की जनता इस बार बदलाव चाहती थी और इस बार बदलाव हो गया। जहां मीसा भारती ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि इस बार जनता की जीत होगी और जनता के बीच हम लोग जनता के मुद्दों के साथ चुनाव लड़े हैं, जहां एक तरफ देश में मोदी की 10 साल की सरकार थी और इन 10 सालों में जो जनता से वादे किए, वह पूरे नहीं किया। मीसा भारती ने कहा कि बिहार को विशेष राज्य के दर्जा देने की बात कही गई थी लेकिन वह भी पूरा नहीं हो पाया। देश की जनता हो या पाटलिपुत्र की जनता को हर बार बेवकूफ बनाते आए हैं। लेकिन इस बार जनता जवाब देने का काम कर रही है साथ ही कहा की बिहार में इंडिया गठबंधन की जीत होगी और जनता यही चाहती है। वहीं पीएम मोदी ध्यान मग्न और पूजा कर रहे हैं जिस पर मीसा भारती ने हमला करते हुए कहा कि हम लोग भी ध्यान व पूजा करते हैं लेकिन कैमरा और मीडिया के साथ नहीं करते वही मोदी जी ध्यान भी कर रहे हैं तो मीडिया और कैमरा के साथ कर रहे हैं।

कीजिए इंतजार, बनेगी आईएनडीआईए की सरकार : शत्रुघ्न सिन्हा

पटना (नि.सं.)। बिहार बाबू के नाम से प्रसिद्ध सिने अभिनेता शत्रुघ्न सिन्हा ने कहा कि चार जून का इंतजार कीजिए। इंडी गठबंधन ऐतिहासिक जीत हासिल करने जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विवेकानंद राक मेमोरियल पर ध्यान- साधना, मीडिया और मतदताओं का ध्यान आकृष्ट कराने के लिए कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि साधना करने में पीएम मोदी ने विलंब कर दिया है। अब उनकी विदाई तय है। पटना साहिब लोकसभा क्षेत्र में कदमकुआं स्थित संत सेवरीन हाई स्कूल में उन्होंने अपने बड़े पुत्र लव कुमार सिन्हा के साथ मतदान किया। सिन्हा ने कहा कि भाजपा के 400 पार नारे की दावे की पोल खुलने वाली है। पश्चिम बंगाल में भी टीएमसी बेहतर प्रदर्शन करने जा रही है। वहीं, पटना साहिब लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी रविशंकर प्रसाद ने पटना वीमेंस कालेज मतदान केंद्र पर मतदान करने के बाद कहा कि देशभर की जनता नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में स्थाई सरकार बनाने के लिए मतदान कर रही है।

राम कृपाल यादव पर मतदान के दौरान गोलीबारी

निज संवाददाता

पटना। पाटलिपुत्र से भाजपा सांसद राम कृपाल यादव पर पोलिंग बूथ के पास शनिवार की शाम मतदान के दौरान फायरिंग हुईओ। इस घटना के लिए भाजपा नेता ने राजद को जिम्मेदार ठहराया है। बता दें कि इस सीट से उनके खिलाफ राजद प्रमुख लालू यादव की बेटी मीसा भारती मैदान में हैं। राम कृपाल ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि शनिवार शाम वह क्षेत्र के पोलिंग बूथ का भ्रमण करने के लिए निकले थे, इस दौरान उन्हें सूचना मिली कि स्थानीय विधायक रेखा देवी बूथ पर मतदान को बाधित करने की कोशिश कर रही हैं। हंगामे के बाद वह मौके पर पहुंचे। इसके बाद, राम कृपाल दूसरे गांव के लिए निकले तो पहले से ही कुछ लोग बंदूक के साथ वहां मौजूद थे। राम कृपाल ने आगे बताया कि कुछ लोगों ने उनपर तीन-चार फायरिंग कर दी। इसके बाद जब भाजपा समर्थकों ने पूछा कि सांसद पर गोली क्यों कर रहे हो, इसपर उन्होंने समर्थकों पर भी राइफल के बट से हमला कर दिया। हालांकि, उनकी जान बच गई, ऐसा हो सकता है वह उनका भी जान मार देते। उन्होंने कहा कि हम कभी ऐसा सोच भी नहीं सकते थे। उन्होंने कहा कि पाली और दानापुर में भी उनके कार्यकर्ताओं को पीटा गया। बता दें कि पटना- गया- डोभी सड़क मार्ग (एनएच-22) स्थित थाना के तिनेरी मठ के समीप तिनेरी से लौट रहे भाजपा प्रत्याशी रामकृपाल यादव पर शनिवार की देर शाम कुछ बदमाशों ने फायरिंग कर दी। इसके अलावा, उनके दो समर्थकों में से एक कुणाल कुमार को बाइक सवार कुछ बदमाशों ने पिस्तौल की बट से मारकर सिर फोड़ दिया। तिनेरी पंचायत के मुखिया पति शशि कुमार के साथ भी मारपीट की। साथ ही उसे फोन से किसी ने धमकी भी दी। सूचना मिलने पर मौके पर फिर सांसद पहुंचे और एसएसपी को सूचना दी। इधर ग्रामीणों ने आरोपित युवकों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर तिनेरी के पास सड़क जाम कर दिया। इसबीच मौके पर सिटी एसपी (पूर्वी)भारत सोनी पहुंच गए और ग्रामीणों से बात की। अब इस मामले में पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

एग्जिट पोल आने के बाद सियासी सरगर्मी तेज

निज संवाददाता

पटना। एक्जिट पोल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की है-ट्रिक के दावे के बीच बिहार के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने एक बार फिर कहा कि जीत रहा है आईएनडीआईए। तो दूसरी ओर राजद के प्रवक्ताओं ने एक्जिट पोल के खिलाफ खाता ही खोल दिया है। राजद के कई प्रवक्ताओं ने आंकड़ों के खिलाफ हमलावर तेवर दिखाए और कहा कि सर्वे करने वाले भाजपा प्रवक्ताओं की तरह अपने आंकड़ों में मोदी की है-ट्रिक कर गुणगान कर रहे हैं। जबकि हकीकत कुछ और है। पूर्व उप मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा कि झूठ, छल, प्रपंच से अकेले लड़कर उन्होंने पूरे चुनाव बिहार के लोगों को साथ लेकर चलने की कोशिश की है और अपने मकसद में सफल भी रहे। उन्होंने दावा किया कि जीत रहा है आईएनडीआईए, जीत रही है जनता। तेजस्वी के दावे के बीच ही राजद के मुख्य प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव ने एक वीडियो जारी कर कहा कि सातवें चरण के चुनाव के बाद मोदी घराना एक्जिट पोल लेकर आया। लेकिन, जो आंकड़े एक्जिट पोल में दिखाए गए वे सच्चाई से परे हैं। शक्ति ने कहा कि चुनाव के दौरान जब कड़क गर्मी पड़ रही थी, उस दौरान अफरा-तफरी में एसी कमरों में बैठकर मोदी सरकार को खुश करने के लिए यह आंकड़े तैयार किए गए। जो सिवाय मोदी के गुणगान के और कुछ नहीं। वहीं, चितरंजन गगन ने कहा कि एक्जिट पोल तैयार करने वालों की आका है भाजपा। जाहिर है ये लोग उसी के मन के अनुरूप काम करेंगे। वहीं एजाज अहमद ने कहा एक्जिट पोल और सच के आंकडों में जमीन आसमान का अंतर देखने को मिलेगा।

बैंकर्स और बेकरी वाले के फ्लैट में लाखों की चोरी

निज संवाददाता

पटना। पटना के रूपसपुर थाना क्षेत्र के बिरला ओपेन माइंड के पास मानसरोवर रोड नंबर 9 में स्थित एक मकान के दो फ्लैट में भीषण चोरी हुई है। पीड़ित बेकरी संचालक अमन कुमार ने बताया कि बीवी उनकी मायके गई हुई थी। पूरा मकान खाली था। मकान में तीन फ्लैट है। मकान मालिक भी नहीं थे, ऊपर के फ्लैट वाले भी नहीं थे। मुख्य दरवाजे की चाबी सबके पास एक एक थी। 1 जून को वो मतदान करने अपने बूथ पर गए थे। उनकी बीवी मायके से लौटकर बेकरी पर चाबी के इंतजार में रुकी हुई थी। मतदान करने के बाद अमन जब बीवी के साथ बाइक से मकान पर आए तो देखा कि मुख्य दरवाजा पर ताला लटका हुआ है। अंदर से गेट बंद है। जब वो अंदर झांककर देखे तो ग्राउंड फ्लोर पर स्थित इनके फ्लैट का दरवाजा टूटा हुआ था। इसके बाद अमन पूरी तरह से घबरा गए। आसपास के लोगों से मदद की गुहार लगाई। सबके दरवाजे पर गए गेट खटखटाया। लेकिन किसी ने मदद नहीं की। इसके बाद अमन ने अपने परिचित को कॉल कर के इसके बारे में बताया। परिचित ने रूपसपुर थाने का नंबर दिया। बहुत कोशिश के बाद थाने के नंबर पर कॉल नहीं लगा तो परिचित ने डायल 112 से सहायता मांगने की सलाह दी। उनके बताए अनुसार अमन ने डायल 112 पर कॉल किया। लगातार मदद की गुहार लगाते रहे। बार बार कॉल करते रहे। लेकिन डेढ़ घंटे के बाद डायल 112 की टीम घटनास्थल पर पहुंची।अमन ने बताया कि बीवी एक ज्वेलरी दुकान में काम करती है। घर पर करीब 180000 रुपए कैश, शादी का बर्तन, शादी के गहने थे। जिसकी कुल कीमत लगभग 7 लाख रुपए थी। सब चोरी हो गई है। कुछ नहीं बचा है। अमन ने बताया कि इसी मकान के दूसरे फ्लैट में भी चोरों ने हाथ साफ किया है। यह फ्लैट मकान मालिक का है। मालिक बैंकर हैं। पटना से बाहर रहते हैं। उनके फ्लैट में भी कुछ नहीं बचा है। अभी मकान पर पूरा परिवार पहुंचा है। अमन के मुताबिक चोरों ने ऊपर वाले फ्लैट में कुछ नहीं किया है। केवल ताला काटकर छोड़ दिया है। अमन ने इस फ्लैट के रहने वाले लोगों पर शंका भी व्यक्त किया है।

पटना यूनिवर्सिटी के छात्र ने जीता गोल्ड मेडल

पटना (नि.सं.)। यूनिवर्सिटी इन दिनों सुर्खियों में बना हुआ है। एक ओर जहां हर्ष हत्याकांड ने पीयू के दामन में दाग लगाया है, वहीं दूसरी ओर कराटा के खिलाड़ी जाबीर अंसारी ने इसका मान बढ़ाया है। दरअसल, जाबीर ने नेपाल में आयोजित 10वें अंतराष्ट्रीय कराटे चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल हासिल कर देश का मान बढ़ाया है। उन्होंने कुमिते इवेंट में 75 किलोग्राम कैटेगरी में पहला स्थान प्राप्त किया है। दूसरे स्थान पर नेपाल और भूटान रहा। इस प्रतियोगिता में 7 देश के खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिसमें भारत, पाकिस्तान, श्रीलंका, बांग्लादेश, भूटान, अफगानिस्तान और नेपाल शामिल था। जाबीर ने अपना पहला मुकाबला नेपाल से खेला ओर उसको हराते हुए फाइनल में जगह बनाई।

पूमरे के 43 स्टेशनों पर लगाये गये 127 एटीवीएम मशीन

निज संवाददाता

हाजीपुर (वैशाली)। यात्रियों को आसानी से टिकट उपलब्ध कराने हेतु स्टेशनों पर ऑटोमेटिक टिकट वेन्डिग मशीन (एटीवीएम) लगाये जा रहे हैं। इसी क्रम में पूर्व मध्य रेल के 43 प्रमुख स्टेशनों पर 127 एटीवीएम स्थापित किये गये हैं। इनमें दानापुर मंडल के 13 स्टेशनों पर 38 एटीवीएम, समस्तीपुर मंडल के 09 स्टेशनों पर 29 एटीवीएम, सोनपुर मंडल के 08 स्टेशनों पर 24 एटीवीएम, पं.दीनदयाल उपाध्याय मंडल के 06 स्टेशनों पर 18 एटीवीएम तथा धनबाद मंडल के 07 स्टेशनों पर 18 एटीवीएम कार्य कर रहे हैं। इसके साथ ही जल्द ही पूर्व मध्य रेल के विभिन्न स्टेशनों पर 40 और एटीवीएम स्थापित किये जाने की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। एटीवीएम के जरिए रेल यात्री टिकट काउंटर पर बिना लाईन में लगे अनारक्षित टिकट खरीद कर यात्रा कर सकते हैं। प्रमुख स्टेशनों पर स्वचालित अनारक्षित टिकट वेंडिग मशीन टिकट काउंटर के आस-पास स्थापित किए गए है। कई स्टेशनों पर ये एटीवीएम टिकट घर के अलावे स्टेशन के प्रवेश परिसर में भी स्थापित किये गये हैं जिससे यात्रियों को टिकट लेने और ट्रेन पकड़ने के बीच कम समय लगेगी। एटीवीएम से प्लेटफॉर्म टिकट भी कटाया जा सकता है। ये एटीवीएम चौबीसों घंटे कार्य करती है। साथ ही इस सिस्टम में हिंदी एवं अंग्रेजी दोनों भाषा चुनने की सुविधा उपलब्ध है। यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए स्टेशनों पर एटीवीएम के माध्यम से रेल टिकट खरीदने हेतु फैसिलिटेटर भी तैनात किए गए हैं। यात्री एटीवीएम से स्वयं टिकट बना सकते हैं या जरूरत पड़ने पर तैनात एटीवीएम फैसिलिटेटर के माध्यम से भी टिकट खरीद सकते हैं। यात्रियों द्वारा बुकिंग कार्यालय से जारी किए गए स्मार्ट कार्ड से या एटीवीएम पर प्रदर्शित क्यूआर कोड को स्कैन करके यूपीआई के माध्यम से किराए का भुगतान किया जा सकता है। दानापुर मंडल के पटना, राजेंद्रनगर, दानापुर, पाटलिपुत्र, आरा, बक्सर, मोकामा, जहानाबाद, दिलदारनगर, पटना साहिब, झाझा, बिहार शरीफ, लखीसराय स्टेशनों पर कुल 38 ऑटोमेटिक टिकट वेन्डिग मशीन उपलब्ध हैं। सोनपुर मंडल के हाजीपुर, मुजफ्फरपुर, बरौनी, खगड़िया, सोनपुर, मानसी, नवगछिया, बेगुसराय स्टेशनों पर 24 ऑटोमेटिक टिकट वेन्डिग मशीन उपलब्ध हैं। समस्तीपुर मंडल के समस्तीपुर, दरभंगा, सहरसा, रक्सौल, बेतिया, बापूधाम मोतिहारी, मधुबनी, नरकटियागंज, सीतामढ़ी स्टेशनों पर 29 ऑटोमेटिक टिकट वेन्डिग मशीन उपलब्ध हैं। धनबाद मंडल के धनबाद, कोडरमा, डालटनगंज, नेसुब गोमो, गढ़वा रोड, पारसनाथ, सिगरौली स्टेशनों पर 18 ऑटोमेटिक टिकट वेन्डिग मशीन उपलब्ध हैं। पं.दीनदयाल उपाध्याय मंडल के गया, पं.दीनदयाल उपाध्याय जं., डेहरी ऑन सोन, सासाराम, अनुग्रह नारायाण रोड एवं भभुआ रोड स्टेशनों पर 18 ऑटोमेटिक टिकट वेन्डिग मशीन उपलब्ध हैं।

पाटलिपुत्र में मीसा और रामकृपाल के बीच कांटे की टक्कर

निज संवाददाता

पटना। पाटलिपुत्र संसदीय क्षेत्र में शनिवार को 56.91 प्रतिशत मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया। वोट का आंकड़ा बीते लोकसभा चुनाव से बढ़ा लेकिन मतदान का प्रतिशत पुराने आंकड़े के करीब आकर ठहर गया। छह विधानसभा वाले इस क्षेत्र में चौथी बार भाजपा और राजद के बीच कांटे का मुकाबला रहा और मतगणना रोमांचक होने की संभावना है। भाजपा के रामकृपाल यादव और राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद की पुत्री मीसा भारती तीसरी बार आमने-सामने मुकाबला है। चुनाव खत्म होने के बाद आए एग्जिट पोल में भी इस बात की संभावना जताई गई है कि पाटलिपुत्र सीट पर रामकृपाल यादव और मीसा भारती के बीच कांटे की टक्कर है। ऐसी भी संभावना है कि इस सीट पर शह और मात बेहद ही कम अंतर का होने वाला है। वर्ष 2019 की तुलना मतदाताओं की संख्या में 1.39 लाख वृद्धि हुई है। इस हिसाब से मतदान प्रतिशत तो पुराना ही रह गया लेकिन वोटरों की कुल संख्या में हुई वृद्धि से मतदान का आंकड़ा भी बढ़ गया है। ये नए वोटर चुनाव परिणाम को प्रभावित कर सकते हैं। पाटलिपुत्र संसदीय क्षेत्र का परिणाम रोमांचक रहा है। 2019 के चुनाव में राजद के मीसा भारती 11 वें चक्र तक बढ़त बनाए रही थी। 2014 में सातवें चरण के बाद मीसा भारती पिछड़ती चली गई थी।

एग्जिट पोल के आंकड़ों से बीजेपी उत्साहित

पटना (नि.सं.)। एक्जिट पोल के अनुसार देश में फिर से तीसरी बार एनडीए की सरकार बनने जा रही है। बीजेपी के कार्यकर्ता इसे लेकर काफी उत्साहित हैं। पटना में रविवार को पार्टी के कार्यकर्ताओं ने कदमकुआं स्थित मिठाई दुकान में एक क्विंटल लड्डू बनाने का ऑर्डर दिया है। इस मौके पर पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता कृष्णा सिंह उर्फ कल्लू ने कहा कि एनडीए के पक्ष में जो एक्जिट पोल आया है। उसी के आधार पर 4 जून के लिए जोधपुर लड्डू बनाने का ऑर्डर दिया है। उस दिन सभी व्यस्त रहेंगे। समय नहीं मिलेगा, इसलिए आज ही हमलोगों ने ऑर्डर दे दिया है। बिहार में एनडीए 40 सीट जीतने जा रही है। विपक्ष का खाता नहीं खुलेगा। वहीं, मिठाई दुकान के हेड कैशियर अंकित कुमार ने कहा कि 1 क्विंटल जोधपुर लड्डू बनाने का ऑर्डर मिला है। जिसकी कीमत 62000 रुपए है। प्रति किलो 620 रुपए पड़ रहा है। लड्डू शुद्ध देसी घी में तैयार किया जाएगा। डिलीवरी 4 जून की सुबह 10 बजे देना है। पटना लोकसभा चुनाव की ताजा खबरें पढ़ने के लिए दैनिक भास्कर ऐप डाउनलोड करें। इस लोकसभा सीट पर क्या हैं जनता के मुद्दे और क्या है चुनावी हवा। चुनाव का सबसे सटीक और डीटेल एनालिसिस।

संक्षिप्त समाचार

सिदगोड़ा से किशोर लापता

जमशेदपुर, एजेंसी। सिदगोड़ा थाना क्षेत्र के भुइयांडीह के नंदनगर निवासी लापता 13 वर्षीय मयूर उर्फ शुभम का 16 दिन से पता नहीं चला है। वह अबतक घर नहीं लौटा है। वहीं, उसके पिता ने पता बताने वाले को 10 हजार रुपये इनाम देने की घोषणा की है। उन्होंने बताया कि वे लगातार पुलिस, एसएसपी, डीएसपी के पास जा रहे हैं। थक-हारकर उन्होंने इनाम की घोषणा की। बच्चे के पिता भरत साहू ने बताया कि उन्हें आशंका है कि नाबालिग बेटे को कोई बहला-फुसलाकर ले गया है। गौरतलब है कि इससे पहले 20 मई को मां रूपा देवी ने बच्चे को खोजने की गुहार एसएसपी ऑफिस में लगाई थी। इसके बावजूद अबतक नहीं मिला। मयूर घर से चप्पल ढूंढने की बात कहकर निकला था, जो अबतक घर नहीं लौटा है।

पैसों के लेनदेन को लेकर हमला, दो घायल

जमशेदपुर, एजेंसी। साकची अग्रसेन भवन के निकट पैसों के लेन-देन को लेकर शुक्रवार को जमकर मारपीट हुई। इस मामले में एक केस साकची थाने में सलमान व अन्य लोगों के खिलाफ दर्ज किया गया है। आरोप है कि एक लड़की पर अरमान नामक युवक का छह लाख रुपये बकाया था। लड़की से जब अरमान पैसे लेने गया तो उसे लड़की के दोस्तों ने घेर लिया। खुद को घिरा देखकर अरमान ने इसकी सूचना फोन से अपने भाई सलमान को दी। सलमान तत्काल ही साथियों को लेकर आया और उसके भाई को जिनलोगों ने घेरा था, उनपर हमला कर दिया। इस हमले में दो लोगों को चोट लगी है। सूचना मिलने पर साकची पुलिस पहुंची और घायलों का इलाज एमजीएम अस्पताल में कराया।

आदिसप्तग्राम हावड़ा से धनबाद के दो बच्चे बरामद

धनबाद, एजेंसी। हावड़ा डिवीजन के आदिसप्तग्राम रेलवे स्टेशन से रेल पुलिस ने धनबाद के दो बच्चों को बरामद किया है। पूछताछ में बच्चों ने बताया कि दोनों पंपू तालाब धनबाद के रहनेवाले हैं। उनके पिता कोलकाता के मेतियाबुर्ज में गाड़ी चलाते हैं। पिता से मिलने के लिए दादा के साथ धनबाद से हावड़ा के लिए निकले थे। इसी दौरान दादा से दोनों बिछड़ गए। दोनों बच्चों में से एक की उम्र 10 वर्ष और दूसरे की उम्र नौ वर्ष है। रेल पुलिस ने हावड़ा चाइल्डलाइन की मदद से धनबाद चाइल्ड लाइन से संपर्क किया है।

हरली के ग्रामीणों ने थाना प्रभारी का किया स्वागत

बड़कागांव, एजेंसी। प्रखंड के हरली गांव में कुछ दिन पहले अपराधियों ने किसानों के पांच ट्रैक्टर जला दिए गए थे। पुलिस ने किसानों के शिकायत पर कार्रवाई करते हुए अपराधियों को पकड़ कर जेल भेज दिया। जिसके बाद हारली गांव के ग्रामीणों ने त्रिवेणी महतो के नेतृत्व में शनिवार को बड़कागांव थाना पहुंचकर थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह को माला पहनाकर व शॉल ओढ़ाकर एवं बुके भेंट कर अभिनंदन किया। त्रिवेणी महतो ने कहा कि पुलिस प्रशासन की जितनी भी तारीफ की जाए वह कम है। बड़कागांव पुलिस बधाई के पात्र हैं। मौके पर एसआई इंद्रजीत कुमार, सावित्री कच्छप, छोटू उरांव, ग्रामीणों में अनिल कुमार, फागुन महतो, रबिन्दर कुमार, अजय कुमार दांगी, सहेश्वर कुमार, पप्पु कुमार, रामेश्वर राम, प्रकाश भूइयां अशोक रवि, भूलन भूइयां व अन्य शामिल थे।

रांची में सड़क हादसे में युवक की मौत, लोगों का हंगामा

रांची, एजेंसी। रांची से सटे रातू इलाके में असंतुलित होकर बाइक सवार सड़क पर गिर गया। पीछे से आ रही सिटी राइडर बस का चक्का उसके सिर पर चढ़ गया। सड़क हादसे में युवक की मौके पर मौत हो गई, जबकि बाइक पर सवार बच्चा घायल हो गया। मृतक की पहचान संगम सिंह के रूप में हुई है। हादसे के बाद गुस्साए लोगों ने नेशनल हाइवे 75 को जाम कर दिया है। लोग सड़क पर ही बैठ गए हैं। हादसा रातू थाना क्षेत्र के तिलता चौक पर हुआ। जानकारी के अनुसार संगम सिंह मूल रूप से पांकी पलामू का रहने वाला है। वर्तमान में चटकपुर में किराया घर में रहकर टाइल्स मिस्त्री का काम करता था। आज भी वह काम के सिलसिले में ही जा रहा था कि हादसा हो गया। घटना के बाद गुस्साए लोगों ने सड़क पर बाइक और बांस आदि लगा उसे जाम कर दिया। शव को सड़क पर रखकर गुस्साए लोगों ने मुआवजे की मांग की। लोगों ने इस दौरान जमकर हंगामा किया।

झारखंड में 15 जून तक मानसून आने की संभावना, मानसून आने तक पारा चढ़ा रहेगा

रांची, एजेंसी। अभी मानसून केरल आ गया है। झारखंड में 15 जून तक मानसून आने की संभावना है। करीब 2 सप्ताह का समय शेष है। इस दौरान गर्मी से राहत मिलने की संभावना कम ही है। जब झारखंड में मानसून आएगा और पूरी तरह से सक्रिय होगा, तभी गर्मी से राहत मि। तब तक रांची समेत झारखंड के कई हिस्सों का पारा 40 डिग्री के अधिक रहने की संभावना है। वहीं, 15 जून तक रांची समेत आसपास में दोपहर बाद बीच-बीच में बादल छाएंगे। हवा चलने व बारिश से ठंडक मिलने की उम्मीद की जा सकती है।

रांची समेत आसपास में मई 2017 में रांची का सबसे अधिकतम तापमान साल 43 डिग्री रिकॉर्ड दर्ज किया गया। जबकि इस साल 2024 में मई महीने में अधिकतम तापमान 42.5 डिग्री रांची का रिकॉर्ड दर्ज किया गया है, यह बीते छह सालों में सबसे अधिक है। यानी 10 साल में हर साल का रिकॉर्ड के अनुसार रांची में अधिकतम 41 डिग्री तापमान रिकार्ड दर्ज किया गया है। लेकिन वर्ष 2017 के बाद 2024 में अधिकतम तापमान रांची का 42.5 डिग्री रिकॉर्ड दर्ज हुआ है।

हल्के बादल से तापमान में 40 की गिरावट हुई दर्ज : शनिवार को रांची और उसके आसपास में दोपहर बाद बादल छाने व तेज हवा चलने के कारण अधिकतम तापमान में 4 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई। रांची का अधिकतम तापमान 38.4 डिग्री रिकॉर्ड किया गया, जबकि पिछले दो-तीन दिनों में रांची का पारा 42.5 डिग्री तक गया था। वहीं, शनिवार को राज्य में सबसे अधिक गर्म डालटनगंज रहा। वहां का अधिकतम तापमान 45.4 डिग्री और न्यूनतम 30.6 डिग्री रिकॉर्ड दर्ज किया गया।

1 सप्ताह तक रांची व आसपास में ऐसा रहेगा मौसम : अगले एक सप्ताह रांची और आसपास में गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद कम ही है। इस दौरान रांची का अधिकतम तापमान 38 से 41 डिग्री और न्यूनतम 27 डिग्री के बीच रहने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार इस दौरान आसमान पर आंशिक बादल छाए रहने और गर्जन के साथ बारिश होने की संभावना भी जताई गई है।

धनबाद में भीषण गर्मी का प्रकोप जारी! एक दिन की राहत के बाद फिर तपने लगा जिला

धनबाद, एजेंसी। एक दिन के राहत के बाद फिर से धनबाद तपने लगा है। चिलचिलाती धूप लोगों को जहां परेशान कर रही है, वहीं उमस भरी गर्मी के कारण शरीर से लगातार पसीना आ रहा है। ऐसे में एक बार फिर लोग घरों से बाहर निकलने में कतरा रहे हैं। शनिवार को दोपहर एक बजे तक धनबाद का अधिकतम तापमान 37 डिग्री तक पहुंच गया था। शनिवार की सुबह आसमान पूरी तरह से साफ था। सुबह मौसम में थोड़ी ठंडक तो थी, लेकिन आठ बजे के बाद से मौसम में गर्महाट महसूस होने लगी थी। दिन के 11 बजे तक धूप की तपिश बर्दास्त के बाहर हो रही थी। इसके बाद भी लोग रोजमार्रा के कामों के लिए घरों से बाहर निकले। दोपहर के बाद सड़कों पर निकले लोग, लेकिन छांव तलाशते नजर आए। मौसम केंद्र रांची के अनुसार दोपहर दो बजे के बाद से आसमान में बादलों का आना-जाना शुरू होगा। इससे तापमान में थोड़ी गिरावट दर्ज की जाएगी। मौसम विभाग ने आने वाले तीन दिनों में गर्जन के साथ वज्रपात की संभावना वक्त किया है। वहीं, झारखंड के कई जिलों में भीषण गर्मी और लू का प्रकोप जारी है और गर्मी व लू के कारण पिछले चौबीस घंटे में 26 लोगों की मौत की जानकारी सामने आई है। सबसे ज्यादा राज्य के पलामू जिले में आठ लोगों ने दम तोड़ा है। इसके अलावा जमशेदपुर में तीन, गढ़वा में दो, हजारीबाग में तीन, सरायकेला खरसांवा में चार और चाइबासा में छह लोगों की मौत की जानकारी सामने आई है।

ब्लास्टिंग होने से छह/दस कॉलोनी के लोगों ने किया हंगामा

धनबाद/सिजुआ, एजेंसी। सिजुआ क्षेत्र के मोदीडीह कोलियरी में संचालित हिलटॉप नामक आउटसोर्सिंग पैच में शुक्रवार को ब्लास्टिंग होने से जोरदार कंपन हुआ। इस कंपन से मोदीडीह छह/दस कॉलोनी के लोग काफी भयभीत हो गए। स्थानीय लोगों ने जमकर हंगामा किया। कॉलोनी के लोगों ने बीसीसीएल प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

सूचना मिलते ही कोलियरी के मैनेजर दशरथ सिंह रावत, कर्मिक प्रबंधक मुकेश कुमार, ओवरमैन साजन महतो, सुनील सिंह, नीरज गुप्ता सहित जोगता थाना की पुलिस व सीआईएसएफ जवान पहुंचे। उत्तेजित ग्रामीणों को समझा बुझाकर कर शांत कराया। ग्रामीणों ने कहा कि बीसीसीएल प्रबंधन छह/दस कॉलोनी के लोगों के साथ पूरी तरह हिटलरशाही रवैया अपना रही है। कॉलोनी के काफी हिस्सा परियोजना के पेंच में आ गई है। एक साजिश के तहत कॉलोनी के समीप से ब्लास्टिंग की जा रही है। बीते दिनों प्रबंधन ने कॉलोनी के लोगों को आश्वासन दिया था कि उनलोगों को ब्लास्टिंग करने से पूर्व दूसरे जगह शिफ्ट कराया जाएगा। कहा कि क्वार्टर काफी जर्जर हो गया है। किसी भी वक्त अप्रिय घटना हो सकती है। उन लोगों ने तेतुलमारी में खाली पड़े आवास में शिफ्ट कराने की मांग की।

बताया जाता है कि मोदीडीह कोलियरी में चल रहे आउटसोर्सिंग के परियोजना के आसपास बाइस/बारह, तेतुलमुड़ी, सिजुआ कॉलोनी, तेतुलमुड़ी, डिनोबली बस्ती व छह/दस कॉलोनी अवस्थित है। परियोजना में होने वाली बलास्टिंग से आये दिनों इन बस्ती के लोग परेशान होते रहते हैं। इन बस्तियों व कॉलोनी के लोगों की मांग है कि परियोजना चले लेकिन उन लोगों को पहले सुरक्षित स्थान में पुनर्वास कराया जाए। ग्रामीणों ने कहा कि प्रबंधन पुनर्वास की आश्वासन देते हैं लेकिन पहल नहीं करते हैं। मोदीडीह कोलियरी के एजेंट संजय सिंह ने कहा कि सिजुआ दस नंबर कॉलोनी के पीछे व पुराने कोलियरी कार्यालय प्रांगण में इन लोगों को जगह दिया गया है। सभी को वहीं बसाया जाएगा।

शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने में काम आई पुलिस-प्रशासन की रणनीति, पिछले दो चुनाव में हुई थीं छिटपुट घटनाएं

रांची, एजेंसी। झारखंड को मतदान के दिन बूथों पर दो पक्षों में मारपीट, बकझक, हिंसा, बूथ कैप्चरिंग व बोगस वोटिंग विरासत में मिली थी। खास तौर पर नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में नक्सलियों का ही फरमान चलता था। धीरे-धीरे इसमें कमी आती गई। इसका सबसे सुखद परिणाम 2024 के लोकसभा चुनाव में दिखा।

चारों चरण का चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। सघन उग्रवाद प्रभावित इलाकों में भी जमकर वोट पड़े। किसी भी चरण में हिंसा की घटना नहीं हुई। चुनाव आयोग की निगरानी में राज्य पुलिस-प्रशासन ने सभी 14 लोकसभा क्षेत्रों में शांतिपूर्ण माहौल में चुनाव संपन्न कराकर बेहतर रणनीति व कौशल का उदाहरण दिया है। 2014 व 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान छिटपुट घटनाएं हुई थीं।

2014 के लोकसभा चुनाव में दुमका संसदीय क्षेत्र के शिकारीपाड़ा विधानसभा क्षेत्र में मतदान कराकर लौट रही पोलिंग पार्टी पर नक्सलियों ने हमला कर दिया था। हमले में 5 पुलिसकर्मी, 3 मतदान कर्मी समेत 8 लोग मारे गए थे। 11 अन्य घायल हुए थे। बोकारो में भी पुलिसकर्मियों पर फायरिंग हुई थी। कई लोग घायल हुए थे। 2019 में भी माओवादियों ने अपना वजूद दिखाया था। पलामू के हरिहरगंज व खरसावां स्थित भाजपा कार्यालय में आग लगा दी थी।

इस बार वहां भी वोट पड़े, जहां लोग बूथ पर नहीं जाते थे

2024 के लोकसभा चुनाव में सबसे बड़ा बदलाव यह देखने को मिला। उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में जम कर वोटिंग हुई। पहले चरण में खूंटी, लोहरदगा, सिंहभूम और पलामू संसदीय क्षेत्रों में मतदान हुआ। ये चारों ही जिले घोर उग्रवाद प्रभावित जिले रहे हैं। लेकिन खूंटी के पत्थलगड़ी इलाके में मतदाताओं ने उत्साह के साथ वोट डाले।

हर चरण के लिए बनाई गई अलग-अलग रणनीति

पुलिस प्रशासन ने शांतिपूर्ण चुनाव कराने के लिए हर चरण में अलग-अलग रणनीति पर काम किया। जिसका परिणाम सामने है। संसदीय क्षेत्र या निकटवर्ती संसदीय क्षेत्र में चिंह्नित किए गए स्थानों पर हेलीपैड का निर्माण किया।

हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी से इंडी को तगड़ा झटका! हर एग्जिट पोल में करारी हार का अनुमान

रांची, एजेंसी। चुनाव के बाद चुनाव सर्वेक्षण एजेंसियों ने एग्जिट पोल जारी दिए हैं। एग्जिट पोल के मुताबिक, भाजपा के नेतृत्व वाली एनडीए को देशभर में 300 प्लस सीटें मिलने का अनुमान है। झारखंड में भी भाजपा की लहर साफ देखी जा सकती है।

झारखंड की बात करें तो यहां पर महागठबंधन राज्य में सत्ता में होने के बावजूद बिल्कुल लाचार दिखा है। एग्जिट पोल के मुताबिक, झारखंड में भाजपा को 10-13 सीटें जीतने का अनुमान है। वहीं, इंडी गठबंधन को महज 4-1 सीटें मिल सकती हैं।

एग्जिट पोल के आंकड़े इस बात की सीधी तस्दीक कर रहे हैं कि जनता ने इंडी गठबंधन को एक तरीके से नकार दिया है। हेमंत सरकार पर लंबे समय से भ्रष्टाचार के आरोप लगते रहे हैं। मंत्री से लेकर आईएएस और खुद तत्कालीन सीएम हेमंत सोरेन जेल जा चुके हैं। भ्रष्टाचार के आरोपों ने राज्य में सत्तारूढ़ गठबंधन को धक्का पहुंचाया है। भ्रष्टाचार के एक के बाद एक लगते आरोपों ने भाजपा को झामुमो सरकार पर बार-बार हमला करने का मौका दिया।

चंपई और कल्पना सोरेन ने रैलियों में मोदी सरकार पर जांच एजेंसियों के दुरुपयोग और झारखंड के साथ भेदभाव और आदिवासियों का अपमान करने का आरोप लगाया, लेकिन चुनाव नतीजों पर इसका कोई भी असर दिखाई नहीं दे रहा है।

इसके अलावा, हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी ने भी इंडी गठबंधन के चुनाव-प्रचार को प्रभावित किया। कल्पना सोरेन और सीएम चंपई सोरेन ने अपनी पूरी ताकत झोंकी, लेकिन शायद जनता तक अपनी बात पहुंचाने में नाकामयाब साबित हुए हैं। रांची में इंडी गठबंधन की महारैली के अलावा, कोई भी ऐसी बड़ी रैली नहीं हुई, जिसमें गठबंधन का कोई बड़ा नेता शामिल हुआ हो। इस कारण भी कार्यकर्ताओं और जनता में गलत संदेश गया।

बारिश होते ही शहर में पांच घंटे बिजली गुल



धनबाद, एजेंसी। धनबाद में शनिवार की शाम पांच बजे बारिश शुरू होते ही कांड्रा ग्रिड व डीवीसी के गणेशपुर वन सर्किट में मामूली खराबी आ गई। इससे धैया, हाउसिंग कॉलोनी, नावाडीह, पॉलिटेक्निक, हीरापुर सब स्टेशन की बिजली पांच घंटे तक बाधित हो गई। पूरी लाइन को पेट्रोलिंग कर क्षेत्र में तीन घंटे के बाद बिजली आपूर्ति शुरू की गई। रात 10 बजे तक अधिकांश क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बहाल कर दी गई। बारिश से क्षेत्र में पांच घंटे से अधिक देर तक बिजली संकट छाया रहा।इधर, गुरुवार को आंधी बारिश के आने से शनिवार को कई क्षेत्रों में मेंटेनेंस कार्य चला। इससे जयप्रकाश नगर, भेलाटांड़, नावाडीह सहित कई क्षेत्रों में सुबह से लेकर शाम तक बिजली नहीं रही।

सब स्टेशन की बिजली बाधित होने से क्षेत्र में छाया अंधेरा : धैया, हाउसिंग कॉलोनी, नावाडीह, पॉलीटेक्निक, हीरापुर सब स्टेशन की बिजली बाधित होने से शहर के धैया, हाउसिंग कॉलोनी, हीरापुर पंडित क्नीनिक रोड, जयप्रकाश नगर, विशनपुर, बाबूडीह, बेकारबांध क्षेत्र में बिजली संकट छाया रहा। इससे लोगों को विभिन्न समस्याओं का सामना करना पड़ा। विभागीय अधिकारी का कहना है कि बारिश के आने से पूरे क्षेत्र में तकनीकी खराबी आ गई थी। जल्द ही समस्या को दूर किया गया। पूरे क्षेत्र में पेट्रोलिंग करने बाद ही सब स्टेशन के 33 केवीए की लाइन चालू की गई। इसके बाद धीरे-धीरे सभी 11केवीए फीडर की लाइन पेट्रोलिंग करने के बाद क्षेत्र में बिजली बहाल की गई।

गणेशपुर वन सर्किट की बिजली बाधित : डीवीसी के गणेशपुर सर्किट वन की बिजली बाधित हो गई। इससे पुराना बाजार, मनईटांड़, बरमसिया, दुहाटांड़, जोड़ाफाटक, धनसार, गांधी नगर सहित आसपास क्षेत्रों में बिजली शाम पांच बजे चली गई, जो रात्रि 9 बजे के बाद लौटी। विभागीय अधिकारी का कहना है कि सर्किट की बिजली बाधित होने से दूसरे सोर्स से वैकल्पिक तौर बिजली आपूर्ति की जा रही। हालांकि देर रात तक डीवीवी सर्किट वन की बिजली खराबी दूर कर दी जाएगी।

पतराकुल्ही में तीन दिन से बिजली संकट : पतराकुल्ही से लेकर भूदा रानी रोड तक रह रहे लोग बिजली संकट से त्रस्त हैं। सहायक अभियंता सुजीत कुमार का कहना है कि गुरुवार को आंधी-बारिश से पतराकुल्ही क्षेत्र में 10 पोल टूटकर गिर गया था। जिसे शनिवार को अधिकांश पोल लगा दिए गए। रविवार को सभी पोल से कनेक्शन जोड़कर बिजली आपूर्ति की।

रांची में दुष्कर्म के खिलाफ पूर्व सैनिकों ने निकाली आक्रोश रैली

धनबाद, एजेंसी। पिछले दिनों लद्दाख में तैनात एक सैनिक की पत्नी के साथ रांची में सामूहिक दुष्कर्म के मामले में आहत पूर्व सैनिकों ने धनबाद में आक्रोश रैली निकाली। अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद सह मातृशक्ति की ओर से यह आक्रोश रैली रणधीर वर्मा चौक से शुरू हुई, जो डीआरएम चौक पर समाप्त हुई। रैली के दौरान पूरी सड़क पर तिरंगा लहराया और भारत माता के जयकारे से गुंजायमान हुआ।

वापस रणधीर वर्मा चौक स्थित धरना स्थल पर पहुंचकर घटना के विरुद्ध पूर्व सैनिकों ने अपना आक्रोश व्यक्त किया। पूर्व सैनिकों ने राज्य सरकार एवं प्रशासन से सैन्य परिवारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की गुहार लगाई। साथ ही अपराधियों को तत्काल गिरफ्तारी कर सजा दिलाने के लिए आवाज उठाई। इसके बाद पूर्व सैनिक उपायुक्त कार्यालय पहुंचे, जहां इस घटना से संबंधित अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपा। आक्रोश रैली की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष रविंद्र कुमार सिंह ने की।

इस मौके पर सैनिक मातृशक्ति समूह की अध्यक्ष निर्मला सिंह, मंजू वर्मा, चंदा देवी, रितु महतो, बर्मन, उत्तम कुमार, चंद्रशेखर सिंह, आरएन मिश्रा, दिम्पज कुमार, आलोक कुमार, राजकिशोर सिंह, अविनाश राम, अभिषेक प्रसाद, बालमुकुंद शर्मा, पवन सिंह, संजय शर्मा सहित अन्य शामिल थे।

झरिया, भौंरा और जोड़ापोखर में आंधी से भारी तबाही, बिजली और पानी सप्लाई रही ठप

धनबाद/भौंरा/जोड़ापोखर, एजेंसी। गुरुवार की रात आंधी के साथ हुई बारिश ने झरिया व आसपास के क्षेत्र के जनजीवन को प्रभावित किया। आंधी का सबसे अधिक असर बिजली व पानी सप्लाई पर पड़ा। कई जगहों पर बिजली के तार टूट गए। पेड़ों की टहनी भी बिजली के तारों और घरों पर भी गिर गए थे। जिसको हटाने में आम लोग व बिजली विभाग के कर्मी लगे रहे। झरिया में गुरुवार रात आठ बजे से लेकर सुबह तीन बजे तक बिजली नहीं रही। इसके बाद शुक्रवार की सुबह नौ बजे से चार बजे तक बिजली गुल रही। बिजली कर्मी भी मरम्मत में जुटे रहे।

भौंरा वाटर ट्रीटमेंट प्लांट से भौंरा मोहलबनी को की जाने वाली पानी की सप्लाई भी बिजली नहीं रहने के कारण ठप रही। लोग साइकिल से पानी ढोते नजर आए। गांधी नगर निवासी देव कुमार दुबे के घर पर एक पेड़ गिर जाने से घर के सदस्य बाल-बाल बच गए। जोड़ापोखर क्षेत्र में भी भारी तबाही मचाई है। क्षेत्र के जियलगोरा, बरारी मोड़ स्थित हनुमान मंदिर के समीप, डिगवाडीह सब्जी बाजार, डिगवाडीह बारह नंबर, अनील टाकिज भागा एवं लोदना मोड़ में कई पेड़ उखड़ गए। कई दुकान की क्षतिग्रस्त हुए हैं। बीसीसीएल के लोदना क्षेत्रीय कार्यालय की चहारदीवारी से सटे शिक्षक कलीम के आवास पर पेड़ गिर गया था।

समय पर इलाज से सर्पदंश पीड़ित की की बच सकती है जान

खूंटी, एजेंसी। खूंटी जिले में गर्मी के कहर से प्रत्येक प्राणी, जीव-जंतु परेशान हैं। इन गर्मी के कारण बिल से सांप भी निकलकर इधर-उधर भटक रहे हैं। इससे सांप काटने के अप्रिय घटना तेजी से घटित हो रही हैं। जागरूकता की कमी के कारण सर्पदंश के मरीजों का ग्रामीण इलाकों में झाड़फूंक और जड़ी बूटी से इलाज कराने लगते हैं। झाड़फूंक के चक्कर में समय पर इलाज नहीं होने के कारण मरीज की स्थिति बिगड़ने लगती है। बाद में लोग अस्पताल तो लाते हैं पर तबतक देर हो चुकी होती है। जागरुकता के अभाव खूंटी जिले में पिछले एक सप्ताह के अंदर सांप के काटने से दो लोगों की मौत हो चुकी है और तीन लोग इलाज कराकर घर जा चुके हैं। जागरुकता के अभाव में पीड़ितों को जान गंवाना पड़ता है। कुछ जागरूक पीड़ित परिवार वाले सर्प दंश के पीड़ित मरीज को अस्पतालों में भर्ती करा देते हैं। इससे उसकी जान बच जाती है।

सांप काटने पर पीड़ित को अविलंब अस्पताल पहुंचाएं - सिविल सर्जन : खूंटी सदर अस्पताल के सिविल सर्जन डॉक्टर नागेश्वर मांझी ने सर्पदंशं से बचाव के संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि यदि कोई व्यक्ति को विषैला या अन्य कोई सांप ने डंस लिया हो तो घबराएं नहीं। जल्द परिजनों को सूचना दें। परिजन सोचने समझने में देर न करें। पीड़ित व्यक्ति को जिस अवस्था में हो, उसे उसी अवस्था में जितना जल्दी हो सके नजदीकी अस्पताल में पहुंचाएं। झांडफूंक, नीम-हकीम, ओझा-गुणी, मति-भगत के चक्कर में न पड़ें। इससे समय की बर्बादी होती हैं। सर्पदंश पीड़ित मरीज की जान भी जा सकती है।

चिकित्सकों से सर्पदंश का शिकार होने से बचने के लिए जरूरी सलाह : डॉ नागेश्वर मांझी ने बताया कि यदि कोई व्यक्ति सर्पदंश के शिकार हो तो घबराएं नहीं इससे हाट अटैक हो सकती हैं। सांप के काटे हुए भाग को चीड़-फाड़ न करें। न ही सांप को मारे। अधिकांश लोग सांप के काटे अंग के ऊपर भाग में मजबूत रस्सी बांधते हैं, ऐसा भी न करें। यदि संभव हो सके तो सांप को पहचान कर सकते हैं। ऐसा करने से डॉक्टर को इलाज करने में आसानी होती हैं। पीड़ित व्यक्ति न दौड़े, इससे ब्लड सर्कुलेशन बढ़ता हैं। जिससे जहर शरीर में और तेजी से फैलता हैं। साथ ही सर्पदंश पीड़ित को खैनी, शराब, गंजा, भांग, अफीम आदि जैसे नशीले पदार्थों के सेवन करने से रोके। ऐसा करने से पीड़ित व्यक्ति के संचेतन होने से बचाया जा सकता हैं।

सावधानी के लिए क्या करें : खूंटी जिला अधिकांश जंगल-झाड़, पहाड़-पर्वत इलाका हैं। ऐसे में इन क्षेत्रों में विषैले सांप के वास करने के सबसे सुरक्षित जगह हैं। जिससें इन क्षेत्रों कई प्रकार के सांप के प्रजाति पाए जाते हैं। अधिकांश जंगल-झाड़ में बसे ग्रामीण लोग सर्पदंश के शिकार हो जाते हैं। गर्मी एवं बरसात के दिनों में सर्पदंश की घटना बढ़ जाती हैं। इन घटनाओं से बचने के लिए ग्रामीण सचेत रहें, जागरूक रहें। घरों के आसपास घास-फूंस, झाड़ियों को साफ रखें। ग्रामीण झाड़ियों के आसपास शौच करने न जाए। अपने घर में बने शौचालय का ही इस्तेमाल करें। अंधरे या रात के समय घर से बाहर जाने से बचें। यदि जरूरी हो तो टॉर्च आदि का लाइट लेकर घर से बाहर निकलें। लोग घरों में जमीन पर ना सोए, संभव हो तो खाट, चौकी या पंलग आदि का उपयोग करें। हमेशा सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करें। यदि किसान खेत को झाड़ियों का साफ-सफाई करनी हो तो पहले झाड़ियों को लकड़ी लंबे डंडा से हिला ले। जंगल में मवेशी चराने वाले किसान पैरों में जूते पहन ले।

विचार-मंथन

संपादकीय

प्राकृतिक आपदा की बढ़ती घटनाओं से सरकार और आमजन को सबक लेने की जरूरत

समुद्र तटीय इलाकों में चक्रवाती तूफान जैसे हर वर्ष का सिलसिला बन चुका है। कभी दक्षिण भारत, तो कभी महाराष्ट्र, गुजरात, पश्चिम बंगाल और ओड़ीशा इसकी तबाही झेलने को अभिशप्त हैं। हालांकि भूवैज्ञानिक अध्ययनों, मौसम विज्ञान विभाग की निरंतर निगरानी और अत्याधुनिक तकनीक की मदद से समुद्री हलचलों का पहले ही पता लगा लिया और सूचना तकनीक के जरिए लोगों को सतर्क कर दिया जाता है। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल और राज्य आपदा प्रबंधन दलों के सहयोग से किसी बड़े नुकसान को रोकने की कोशिश की जाती है। इस तरह काफी हद तक जानमाल का नुकसान रुक जाता है। मगर हर बार तूफान जनजीवन और अर्थव्यवस्था पर अपने गहरे घाव छोड़ ही जाता है। रविवार को बंगाल की खाड़ी से उठे रेमल चक्रवाती तूफान ने पश्चिम बंगाल के साथ-साथ पूर्वोत्तर भारत और बांग्लादेश में भारी तबाही मचाई। अब हालांकि तूफान का वेग धीमा पड़ गया है, मगर इसका असर बिहार और पूर्वोत्तर के कई हिस्सों में अगले कुछ दिनों तक बने रहने की संभावना जताई गई है। पश्चिम बंगाल में इस तूफान ने उनतीस हजार से अधिक घरों को नष्ट कर दिया, हजारों पेड़ उखड़ गए, दो लाख से ऊपर लोगों को करीब साढ़े चौदह सौ आश्रय स्थलों पर पहुंचाना पड़ा। कई लोगों की मौत हो गई। रेमल तूफान ने पश्चिम बंगाल सरकार के सामने एक बार फिर जनजीवन बहाल करने की बड़ी चुनौती खड़ी कर दी है। हजारों घरों की बिजली काट दी गई है। सैकड़ों खंभे टूट कर गिर चुके हैं। पिछले तीन दिन से पश्चिम बंगाल और असम की हवाई तथा रेल सेवाएं रोक दी गई हैं। इस तरह उन इलाकों में कारोबार को कितना नुकसान पहुंचा है, अंदाजा लगाया जा सकता है। जो लोग बेघर हो गए हैं, उनका जीवन कब पटरी पर लौटेगा, उन्हें सरकारी मदद कितनी मिल पाएगी, इस सब का आकलन करना अभी मुश्किल है। कुदरत के कोप के सामने व्यवस्थाएं किस कदर निस्सहाय पड़ जाती हैं, रेमल जैसी घटनाएं इसका उदाहरण हैं। ऐसा नहीं कि यह कोई पहली आपदा है। पिछले कुछ वर्षों में चक्रवाती तूफान, बारिश, बाढ़ और आंधी-तूफान से लगातार तबाही के मंजर सामने आते रहे हैं। उनसे पार पाने के उपाय भी सरकारें जुटाती रही हैं।

मीडिया- दरकते भरोसे को बचाएं कैसे

प्रो. (डॉ.) संजय द्विवेदी

अपने अधिकारों के लिए या अपने शहीदों के प्रति सम्मान प्रदर्शित करने के लिए सड़कों पर आना कतई गलत नहीं है और न ही यहां इसका विरोध किया जा रहा है, बल्कि कहने का आशय यह है कि एक पत्रकार जब अपना फर्ज निभाते हुए मारा जाता है तो उसकी शहादत, उस समाज से भी बदले में कुछ चाहती है, जिसके लिए वह शहादत दी गई। बजाय इसके, हम उसके चरित्र पर सवाल उठाते हैं या उस पर हमले को जायज साबित करने की कोशिश करते हैं।

मीडिया को लोकतंत्र का चौथा स्तम्भ कहा जाता है, तो वह अकारण नहीं है। उसने समय-समय पर लोकतांत्रिक मूल्यों और सामाजिक हितों की रक्षा के लिए बहुत काम किया है और इसके लिए बड़ी कीमत भी चुकाई है। हिंदी पत्रकारिता दिवस मनाते समय हम सवालों से घिरे हैं और जवाब नदारद हैं। पं.जुगुलकिशोर शुकुल ने जब 30 मई ,1826 को कोलकाता से उदंत मार्तण्ड की शुरुआत की तो अपने प्रथम संपादकीय में अपनी पत्रकारिता का उद्देश्य लिखते हुए शीर्षक दिया 'हिंदुस्तानियों के हित के हेत'। यही हमारी पत्रकारिता का मूल्य हमारे पुरखों ने तय किया था। आखिर क्यों हम पर इन दिनों सवालिया निशान लग रहे हैं। हम भटके हैं या समाज बदल गया है कुछ दिनों पहले दिनों, देश के एक प्रतिष्ठित अंग्रेजी दैनिक द्वारा आयोजित एक सम्मान समारोह में मुख्य न्यायाधीश श्री डी.वाई. चंद्रचूड़ ने कहा कि यदि किसी देश को लोकतांत्रिक रहना है, तो प्रेस को स्वतंत्र रहना चाहिए। जब प्रेस को काम करने से रोका जाता है, तो लोकतंत्र की जीवंतता से समझौता होता है। माननीय मुख्य न्यायाधीश, ऐसा कहने वाली पहली विभूति नहीं हैं। उनसे पहले भी कई बार कई प्रमुख हस्तियां प्रेस और मीडिया की स्वतंत्रता को लेकर मिलते-जुलते विचार सार्वजनिक रूप से अभिव्यक्त कर चुकी हैं। मीडिया को लोकतंत्र का चौथा स्तम्भ कहा जाता है, तो वह अकारण नहीं है। उसने समय-समय पर लोकतांत्रिक मूल्यों और सामाजिक हितों की रक्षा के लिए बहुत काम किया है और इसके लिए बड़ी कीमत भी चुकाई है। इसके बदले उसे समाज का, लोगों का भरपूर विश्वास और सम्मान भी हासिल हुआ है। लेकिन दुर्भाग्य से बीते दो-तीन दशकों में यह विश्वास लगातार दरकता गया है, सम्मान घटता गया है। मीडिया की इस घटती प्रतिष्ठा और विश्वसनीयता के पीछे बहुत सारे कारण गिनाये जा सकते हैं। सबसे पहला तो यही है कि उदारीकरण की आंधी से पहले जिस मीडिया ने खुद को एक मिशन बनाए रखा था, उसने व्यावसायिकता की चकाचौंध में बहुत तेजी से अपना 'कॉरपोरेटाइजेशन' कर लिया और खुद को 'मिशन' की बजाए खालिस 'प्रोफेशन' बना लिया। अब जब यह प्रोफेशन बना तो इसकी प्राथमिकताएं भी बदल गईं। 'जन' की जगह 'धन' साध्य बन गया। अधिक से अधिक मुनाफा कमाने के चक्कर में मीडिया प्रतिष्ठानों ने अपने तौर-तरीके पूरी तरह बदल लिए। 'कंटेंट' की बजाय उन्होंने 'आइटम' पर ज्यादा ध्यान देना शुरू कर दिया, ताकि रीडरशिप और टीआरपी में ज्यादा से ज्यादा ऊंचाई पर पहुंचा जा सके। जितनी ज्यादा ऊंचाई, उतना ज्यादा विज्ञापन राजस्व। उसमें भी भारी घालमेल। अधिकतर अखबार और टीवी चैनल, सामग्री की गुणवत्ता की बजाए आंकड़ों की बाजीगरी में अधिक भरोसा करने लगे। लेकिन, या तो उन्होंने इस पर ध्यान नहीं दिया, या फिर परवाह नहीं की, कि इस पूरे चक्र में वे समाज और लोगों का भरोसा खो रहे हैं। अब स्थिति यह है कि मीडिया तो लगातार विस्तार कर रहा है, लेकिन लोगों में उसकी विश्वसनीयता लगातार कम हो रही है। आज मीडिया के बहुत सारे रूप हैं। मनोरंजन को छोड़ दीजिए, तो रेडियो ज्यादा लोग सुनते नहीं, टीवी देखते नहीं, अखबार पढ़ते नहींज अगर यह सब करते भी हैं, तो ये माध्यम उनके मन में कोई सकारात्मकता जगा पाने में सफल नहीं हो पाते। जबकि कालांतर में ऐसे असंख्य अवसर आए हैं, जब मीडिया ने अपने सामाजिक और लोकतांत्रिक दायित्वों का भली-भांति निर्वहन किया है। विश्वसनीयता के मामले में पत्रकारिता को दो वर्गों में बांटा जा सकता है। एक, 21 वीं सदी के आरंभ से पहले की पत्रकारिता और दूसरी इसके बाद की पत्रकारिता। पहले वर्ग में वह पत्रकारिता आती है जो समाज के लिए जयप्रकाश नारायण और विश्वनाथ प्रताप सिंह जैसे नायकों को मजबूती प्रदान करती थी, भ्रष्टाचार के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद करती थी, जनहित के लिए सत्ता की नाक में दम किए रहती थी। दूसरी पत्रकारिता वर्ष 2000 से बाद की पत्रकारिता है, जिसमें सनसनी है, स्टिंग हैं, मीडिया ट्रायल हैं, टीआरपी है, प्रायोजित यात्राएं हैं, निहित स्वार्थ हैं। अगर कुछ नहीं है, तो समाज का विश्वास। अब कोई मीडिया की ओर नहीं देखता। लोग उससे कोई उम्मीद नहीं रखते, उस पर भरोसा नहीं करते। उनके लिए मीडिया पर प्रसारित सामग्री मनोरंजन की चीज बन चुकी है। हालांकि अखबार अभी इस स्थिति तक नहीं पहुंचे हैं, लेकिन धीरे-धीरे बढ़ इसी राह पर रहे हैं। इसकी दूसरी वजह पिछले दस-पंद्रह सालों में वैकल्पिक मीडिया, या डिजिटल मीडिया, का दिनोंदिन फैलता फलक हो सकती है। वैकल्पिक मीडिया ने, आम लोगों को अपनी बात सामने रखने की ऐसी सहूलियत प्रदान की है, जिसने पारंपरिक संचार माध्यमों पर उनकी निर्भरता खत्म कर दी है। अब वे अपनी समस्याएं या चिंताएं लेकर अखबारों-टीवी चैनलों के चक्कर नहीं काटते, बल्कि फेसबुक या ट्विटर पर पोस्ट करते हैं। क्योंकि इनमें उन्हें भरोसा रहता है कि अब उनकी बात बिना किसी बाधा या समस्या के उन तमाम लोगों तक पहुंच जाएगी, जिन तक पहुंचनी चाहिए। तीसरी वजह, खुद वह समाज है जो मीडिया पर उसकी जिम्मेदारी ठीक से न निभाने का दोषारोपण तो करता है, लेकिन कभी किसी संकट के समय उसके साथ खड़ा नजर नहीं आता। 'रिपोर्टर विदआउट बॉर्डर्स' के मुताबिक वर्ष 2003 से 2022 तक, दो दशकों के दौरान दुनिया भर में 1668 पत्रकारों की हत्या हुई। यानि हर साल करीब 84 पत्रकार। इसके अलावा 'कमेटी टू प्रोटेक्ट जर्नलिस्ट्स' की 2022 की रिपोर्ट के मुताबिक इस साल एक दिसंबर तक 363 पत्रकारों को गिरफ्तार कर जेल में डाला गया। 'रिपोर्टर विदआउट बॉर्डर्स' की रिपोर्ट इनकी संख्या 533 बताती है। उनकी ताजा रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि दुनिया भर में पिछले साल 65 पत्रकारों और मीडियाकर्मियों को बंधक बनाकर रखा गया और 49 लापता हैं। अब आप याद कीजिए कि क्या कहीं आपने किसी देश, शहर या समाज में लोगों को इस बात के लिए इकट्ठा होकर कोई सामाजिक आंदोलन या धरना प्रदर्शन करते देखा है कि अमुक पत्रकार को जेल से रिहा किया जाए, या अमुक पत्रकार के हत्यारों को गिरफ्तार किया जाए या अमुक पत्रकार, जिसका अर्से से कोई अता-पता नहीं है, उसका पता लगाया जाए। और तो और, जिन लोगों के हित के लिए पत्रकारों ने अपनी जान जोखिम में डाली है, समाज उनके परिवार की मदद के लिए भी कभी खड़ा नजर नहीं आता। वही समाज जो पानी न आने पर सड़कें जाम कर देता है, किसी सैनिक के शहीद होने पर श्रद्धांजलि यात्राएं निकालता है।

कन्याकुमारी में साधना से निकले नये संकल्प : पीएम नरेन्द्र मोदी

मेरे प्यारे देशवासियों

लोकतंत्र की जननी में लोकतन्त्र के सबसे बड़े महापर्व का एक पड़ाव आज 1 जून को पूरा हो रहा है। तीन दिन तक कन्याकुमारी में आध्यात्मिक यात्रा के बाद, मैं अभी दिल्ली जाने के लिए हवाई जहाज में आकर बैठा ही हूं...काशी और अनेक सीटों पर मतदान चल ही रहा है। कितने सारे अनुभव हैं, कितनी सारी अनुभूतियां हैं...मैं एक असीम ऊर्जा का प्रवाह स्वयं में महसूस कर रहा हूं। वाकई, 24 के इस चुनाव में, कितने ही सुखद संयोग बने हैं। अमृतकाल के इस प्रथम लोकसभा चुनाव में मैंने प्रचार अभियान 1857 के प्रथम स्वतन्त्रता संग्राम की प्रेरणास्थली मेरठ से शुरू किया। माँ भारती की परिक्रमा करते हुए इस चुनाव की मेरी आखिरी सभा पंजाब के होशियारपुर में हुई। संत रविदास जी की तपोभूमि, हमारे गुरुओं की भूमि पंजाब में आखिरी सभा होने का सौभाग्य भी बहुत विशेष है। इसके बाद मुझे कन्याकुमारी में भारत माता के चरणों में बैठने का अवसर मिला। उन शुरुआती पलों में चुनाव का कोलाहल मन-मस्तिष्क में गूंज रहा था। रैलियों में, रोड शो में देखे हुए अनगिनत चेहरे मेरी आंखों के सामने आ रहे थे। माताओं-बहनों-बेटियों के असीम प्रेम का वो ज्वार, उनका आशीर्वाद...उनकी आंखों में मेरे लिए वो विश्वास, वो दुलार... मैं सब कुछ आत्मसात कर रहा था। मेरी आंखें नम हो रही थीं... मैं शून्यता में जा रहा था, साधना में प्रवेश कर रहा था। कुछ ही क्षणों में राजनीतिक वाद विवाद, वार-पलटवार...आरोपों के स्वर और शब्द, वह सब अपने आप शून्य में समाते चले गए। मेरे मन में विरक्ति का भाव और तीव्र हो गया...मेरा मन बाह्य जगत से पूरी तरह अलिप्त हो गया। इतने बड़े दायित्वों के बीच ऐसी साधना कठिन होती है, लेकिन कन्याकुमारी की भूमि और स्वामी विवेकानंद की प्रेरणा ने इसे सहज बना दिया। मैं सांसद के तौर पर अपना चुनाव भी अपनी काशी के मतदाताओं के चरणों में छोड़कर यहाँ आया था। मैं ईश्वर का भी आभारी हूँ कि उन्होंने मुझे जन्म से ये संस्कार दिये। मैं ये भी सोच रहा था कि स्वामी विवेकानंद जी ने उस स्थान पर साधना के समय क्या अनुभव किया होगा! मेरी साधना का कुछ हिस्सा इसी तरह के विचार प्रवाह में बहा। इस विरक्ति के बीच, शांति और नीरवता के बीच, मेरे मन में निरंतर भारत के उज्जवल भविष्य के लिए, भारत के लक्ष्यों के लिए निरंतर विचार उमड़ रहे थे। कन्याकुमारी के उगते हुए सूर्य ने मेरे विचारों को नई ऊंचाई दी, सागर की विशालता ने मेरे विचारों को विस्तार दिया और क्षितिज के विस्तार ने ब्रह्मांड की गहराई में समाई एकात्मकता, का निरंतर ऐहसास कराया। ऐसा लग रहा था जैसे दशकों पहले हिमालय की गोद में किए गए चिंतन और अनुभव पुनर्जीवित हो रहे हों।

साथियों,

कन्याकुमारी का ये स्थान हमेशा से मेरे मन के अत्यंत करीब रहा है। कन्याकुमारी में विवेकानंद शिला स्मारक का निर्माण श्री एकनाथ रानडे जी ने करवाया था। एकनाथ जी के साथ मुझे काफी भ्रमण करने का मौका मिला था। इस स्मारक के निर्माण के दौरान कन्याकुमारी में कुछ समय रहना, वहां आना-जाना, स्वभाविक रूप से होता था।

कश्मीर से कन्याकुमारी... ये हर देशवासी के अन्तर्मन में रची-बसी हमारी साझी पहचान हैं। ये वो शक्तिपीठ है जहां मां शक्ति ने कन्या कुमारी के रूप में अवतार लिया था। इस दक्षिणी छोर पर माँ शक्ति ने उन भगवान शिव के लिए तपस्या और प्रतीक्षा की जो भारत के सबसे उत्तरी छोर के हिमालय पर विराज रहे थे। कन्याकुमारी संगमों के संगम की धरती है। हमारे देश की पवित्र नदियां अलग-अलग समुद्रों में जाकर मिलती हैं और यहां उन समुद्रों का संगम होता है। और यहाँ एक और महान संगम दिखता है- भारत का वैचारिक संगम! यहां विवेकानंद शिला स्मारक के साथ ही संत तिरुवल्लूवर की विशाल प्रतिमा, गांधी मंडपम और कामराजर मणि मंडपम हैं। महान नायकों के विचारों की ये धाराएँ यहाँ राष्ट्र चिंतन का संगम बनाती हैं। इससे राष्ट्र निर्माण की महान प्रेरणाओं का उदय होता है। जो लोग भारत के राष्ट्र होने और देश की एकता पर संदेह करते हैं, उन्हें कन्याकुमारी की ये धरती एकता का अमिट संदेश देती है। कन्याकुमारी में संत तिरुवल्लूवर की विशाल प्रतिमा, समंदर से मां भारती के विस्तार को देखती हुई प्रतीत होती है। उनकी रचना 'तिरुक्कुरल' तमिल साहित्य के रत्नों से जड़ित एक मुकुट के जैसी है। इसमें जीवन के हर पक्ष का वर्णन है, जो हमें स्वयं और राष्ट्र के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ देने की प्रेरणा देता है। ऐसी महान विभूति को श्रद्धांजलि अर्पित करना भी मेरा परम सौभाग्य रहा।

साथियों,

स्वामी विवेकानंद जी ने कहा था- हर राष्ट्र के पास देने के लिए एक संदेश है, पूरा करने के लिए एक मिशन है, पहुंचने के लिए एक नियति है।

भारत हजारों वर्षों से इसी भाव के साथ सार्थक उद्देश्य को लेकर आगे बढ़ता आया है। भारत हजारों वर्षों से विचारों के अनुसंधान का केंद्र रहा है। हमने जो अर्जित किया उसे कभी अपनी व्यक्तिगत पूंजी मानकर आर्थिक या भौतिक मापदण्डों पर नहीं तौला। इसीलिए, 'इदं न मम' यह भारत के चरित्र का सहज एवं स्वाभाविक हिस्सा हो गया है।

भारत के कल्याण से विश्व का कल्याण, भारत की प्रगति से विश्व की प्रगति, इसका एक बड़ा उदाहरण हमारी आज़ादी का आंदोलन भी है। 15 अगस्त 1947 को भारत स्वतंत्र हुआ। उस समय दुनिया के कई देश गुलामी में थे। भारत की स्वतन्त्रता से उन देशों को भी प्रेरणा और बल मिला, उन्होंने आजादी प्राप्त की। अभी कोरोना के कठिन कालखंड का उदाहरण भी हमारे सामने है। जब गरीब और विकासशील देशों को लेकर आशंकाएं व्यक्त की जा रही थीं, लेकिन, भारत के सफल प्रयासों से तमाम देशों को हौसला भी मिला और सहयोग भी मिला।

आज भारत का गवर्नेंस मॉडल दुनिया के कई देशों के लिए एक उदाहरण बना है। सिर्फ 10 वर्षों में 25 करोड़ लोगों का गरीबी से बाहर निकलना अभूतपूर्व है। प्रो-पीपल गुड गवर्नेंस,

आकांक्षी जिला, आकांक्षी ब्लॉक

जैसे अभिनव प्रयोग की आज विश्व में चर्चा हो रही है। गरीब के सशक्तिकरण से लेकर लास्ट माइल डिलीवरी तक, समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को प्राथमिकता देने के हमारे प्रयासों ने विश्व को प्रेरित किया है। भारत का डिजिटल इंडिया अभियान आज पूरे विश्व के लिए एक उदाहरण है कि हम कैसे टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल गरीबों को सशक्त करने में, पारदर्शिता लाने में, उनके अधिकार दिलाने में कर सकते हैं। भारत में सस्ता डेटा आज सूचना और सेवाओं तक गरीब की पहुँच सुनिश्चित करके सामाजिक समानता का माध्यम बन रहा है। पूरा विश्व तकनीकी के इस जनतंत्रीकरण को एक शोध दृष्टि से देख रहा है और बड़ी वैश्विक संस्थाएं कई देशों को हमारे मॉडल से सीखने की सलाह दे रही हैं।

आज भारत की प्रगति और भारत का उत्थान केवल भारत के लिए बड़ा अवसर नहीं है। ये पूरे विश्व में हमारे सभी सहयात्री देशों के लिए भी एक ऐतिहासिक अवसर है। G-20 की सफलता के बाद से विश्व भारत की इस भूमिका को और अधिक मुखर होकर स्वीकार कर रहा है। आज भारत को ग्लोबल साउथ की एक सशक्त और महत्वपूर्ण आवाज़ के रूप में स्वीकार किया जा रहा है। भारत की ही पहल पर अफ्रीकन यूनियन G-20 ग्रुप का हिस्सा बना। ये सभी अफ्रीकन देशों के भविष्य का एक अहम मोड़ साबित हुआ है।

साथियों,

नए भारत का ये स्वरूप हमें गर्व और गौरव से भर देता है, लेकिन, साथ ही ये 140 करोड़ देशवासियों को उनके कर्तव्यों का अहसास भी करवाता है। अब एक भी पल गँवाए बिना हमें बड़े दायित्वों और बड़े लक्ष्यों की दिशा में कदम उठाने होंगे। हमें नए स्वप्न देखने हैं। अपने सपनों को अपना जीवन बनाना है, और उन सपनों को जीना शुरू करना है।

हमें भारत के विकास को वैश्विक परिप्रेक्ष्य में देखना होगा, और इसके लिए ये जरूरी है कि हम भारत के अंतर्भूत सामर्थ्य को समझें। हमें भारत की शक्तियों को स्वीकार भी करना होगा, उन्हें पुष्ट भी करना होगा और विश्व हित में उनका सम्पूर्ण उपयोग भी करना होगा। आज की वैश्विक परिस्थितियों में युवा राष्ट्र के रूप में भारत का सामर्थ्य हमारे लिए एक ऐसा सुखद संयोग और सुअवसर है जहां से हमें पीछे मुड़कर नहीं देखना है।

21वीं सदी की दुनिया आज भारत की ओर बहुत आशाओं से देख रही है। और वैश्विक परिदृश्य में आगे बढ़ने के लिए हमें कई बदलाव भी करने होंगे। हमें reform को लेकर हमारी पारंपरिक सोच को भी बदलना होगा। भारत रिफोर्म को केवल आर्थिक बदलावों तक सीमित नहीं रख सकता है। हमें जीवन में हर क्षेत्र में reform की दिशा में आगे बढ़ना होगा। हमारे रिफोर्म 2047 के विकसित भारत के संकल्प के अनुरूप भी होने चाहिए।

हमें ये भी समझना होगा कि किसी भी देश के लिए reform कभी एकाकी प्रक्रिया नहीं हो सकती। इसीलिए, मैंने देश के लिए सुधार, अभिनय करना और अभिनय करना का विज़न सामने रखा। सुधार का दायित्व नेतृत्व का होता है। उसके आधार पर हमारी ब्यूरोक्रेसी perform करती है और फिर जब जनता जनार्दन इससे जुड़ जाती है, तो परिवर्तन होते हुए देखते हैं।

भारत को विकसित भारत बनाने के लिए हमें श्रेष्ठता को मूल भाव बनाना होगा। हमें गति, स्केल, लक्ष्य और मनाकों, चारों दिशाओं में तेजी से काम करना होगा। हमें मैन्युफैक्चरिंग के साथ-साथ क्वालिटी पर जोर देना होगा, हमें शून्य दोष-शून्य प्रभाव के मंत्र को आत्मसात करना होगा।

साथियों,

हमें हर पल इस बात पर गर्व होना चाहिए कि ईश्वर ने हमें भारत भूमि में जन्म दिया है। ईश्वर ने हमें भारत की सेवा और इसकी शिखर यात्रा में हमारी भूमिका निभाने के लिए चुना है।

हमें प्राचीन मूल्यों को आधुनिक स्वरूप में अपनाते हुये अपनी विरासत को आधुनिक ढंग से पुनर्परिभाषित करना होगा।

हमें एक राष्ट्र के रूप में पुरानी पड़ चुकी सोच और मान्यताओं का परिमार्जन भी करना होगा। हमें हमारे समाज को पेशेवर निराशावादियों के दबाव से, पेशेवर निराशावादी के दबाव से बाहर निकालना है। हमें याद रखना है, नकारात्मकता से मुक्ति, सफलता की सिद्धि तक पहुंचने के लिए पहली जड़ी-बूटी है। सकारात्मकता की गोद में ही सफलता पलती है।

भारत की अनंत और अमर शक्ति के प्रति मेरी आस्था, श्रद्धा और विश्वास भी दिन-प्रतिदिन बढ़ते जा रहे हैं। मैंने पिछले 10 वर्षों में भारत के इस सामर्थ्य को और ज्यादा बढ़ते देखा है और ज्यादा अनुभव किया है।

जिस तरह हमने 20वीं सदी के चौथे-पांचवे दशक को अपनी आज़ादी के लिए प्रयोग किया, उसी तरह 21वीं सदी के इन 25 वर्षों में हमें विकसित भारत की नींव रखनी है। स्वतंत्रता संग्राम के समय देशवासियों के सामने बलिदान का समय था। आज बलिदान का नहीं निरंतर योगदान का समय है।

स्वामी विवेकानंद ने 1897 में कहा था कि हमें अगले 50 वर्ष केवल और केवल राष्ट्र के लिए समर्पित करने होंगे। उनके इस आह्वान के ठीक 50 वर्ष बाद, 1947 में भारत आज़ाद हो गया।

आज हमारे पास वैसा ही स्वर्णिम अवसर है। हम अगले 25 वर्ष केवल और केवल राष्ट्र के लिए समर्पित करें। हमारे ये प्रयास आने वाली पीढ़ियों और आने वाली शताब्दियों के लिए नए भारत की सुदृढ़ नींव बनकर अमर रहेंगे। मैं देश की ऊर्जा को देखकर ये कह सकता हूँ कि लक्ष्य अब दूर नहीं है। आइए, तेज कदमों से चलें...मिलकर चलें, भारत को विकसित बनाएं।

-श्री नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

सुडोकू पहेली — क्रमांक- 5389

5	4	2	6			9	7	3
				4			8	
	1	3	9					
						5		
	3		2	1	4		9	
		4						
					9	1	6	
	5			7				
1	7	9			2	4	3	5

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

सुडोकू पहेली क्र. 5388

9	5	2	1	3	4	8	6	7
3	1	7	5	6	8	2	9	4
4	6	8	7	9	2	5	3	1
2	8	5	6	7	1	9	4	3
1	3	4	8	5	9	7	2	6
7	9	6	2	4	3	1	8	5
6	2	1	4	8	5	3	7	9
5	4	9	3	2	7	6	1	8
8	7	3	9	1	6	4	5	2

वर्ग पहेली 5389

1		2	■	3		4	■
	■	5			■	6	
7	8		■	9			■
10		■	11		■	12	13
14		15		■	16	■	
	■	17		18		■	
■	19		■		■	20	
21			■	22			

संकेतः बाएं से दाएं

1. ब्रायन लारा पहले ऐसे क्रिकेटर है जिसने टेस्ट मैच में सबसे ज्यादा 400 रन बनाए, यह स्कोर इस देश के खिलाफ बनाए थे (3)
3. 14 वीं-15 वीं शताब्दी के प्रसिद्ध सूफी संत जिन्हें नीरूनमीमा नामक जुलाहे दंपत्ति ने पाला था (3)
5. काव्य मर्मज्ञ, रस पान करने वाला (3)
6. गाए जाने वाले वेदमंत्र (2)
7. जागृत होना, नींद से उठना (3)
9. जीवन, जिंदगी (3)
10. मेरा या मेरी (संस्कृत)(2)
11. ब्रह्म, विद्या, आगे की ओर (2)
12. छोटा, निःसार, तीन प्रकार के प्राणायामों में से एक (2)
14. वायुयान में चालक के बैठने की सीट (4)
17. अपने अधिकारों का दुरूपयोग करने वाला, स्वेच्छाचारी (4)
19. एक बार सांस लेने का समस, कश (2)
20. यह वाराणसी का पुराना नाम है (2)
21. जिसने कोई घटना अपनी आंखों से देखी हो, साक्ष्य (3)
22. अग्नि बुझाने का यंत्र (4)

ऊपर से नीचे

1. इंतजाम करने वाला (6)
2. भयभीत होना, खौफ जदा होना (3)
3. क से ह तक की वर्णमाला (4)
4. पुराणानुसार सात लोकों में से छठे लोक का नाम जहां की भूमि पथरीली है (4)
8. खुशबू, सुगंध, महक (3)
11. बिहार के इस शहर का पुराना नाम पाटलिपुत्र था (3)
13. किसी द्रव्य या पानी में घुलने वाला (5)
15. पिता का पिता, दादा, बाबा (4)
16. अनुराग, प्रेम, लालसा, इच्छा (2)
18. संभव है कि, कदाचित (3)
19. औषधि, उपचार (2)
20. कौआ पक्षी, काग (2)

वर्ग पहेली 5388 का हल

ला	हौ	र	■	ब	र	ग	द
म	ज	मा	■	ह	मा	रा	■
बं	■	ना	म	क	■	रा	पी
दी	न	■	स	ना	थ	■	प
■	म	ह	ल	■	प	ह	ल
ता	क	■	ना	पा	क	■	■
■	ख्वा	ब	■	ता	ना	बा	ना
शा	र	दा	■	ल	■	द	ल

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, उप संपादक- **साकेत अम्बष्ट** फोन/फैक्स-०6186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, **RNI-BIHHIN/1998/3009**

संक्षिप्त समाचार

प्रथम ज्योतिर्लिंग के दर्शन करने पहुंचे अमित शाह, बोले- सनातन संस्कृति के गौरव के प्रतीक हैं श्री सोमनाथ

अहमदाबाद, एजेंसी। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि भगवान सोमनाथ सनातन संस्कृति में गौरव के प्रतीक हैं। शाह ने कहा कि उन्होंने शुक्रवार को गुजरात में भगवान शिव के ज्योतिर्लिंग मंदिर में पूजा-अर्चना करते हुए सभी की समृद्धि की कामना की। मंदिर का प्रबंधन करने वाले श्री सोमनाथ ट्रस्ट के न्यासियों में से एक अमित शाह ने शुक्रवार शाम को ध्वज पूजा की थी। अनुष्ठान के बाद ध्वज मंदिर के शीर्ष पर फहराया था।अमित शाह ने शनिवार को एक्स पर पोस्ट किया, जय श्री सोमनाथ। प्रथम ज्योतिर्लिंग श्री सोमनाथ महादेव अविरल, अमिट और अडिग सनातन संस्कृति के गौरव प्रतीक हैं। ये हमें अनेक संघर्षों के बाद भी दृढ़ रहने की प्रेरणा देते हैं। बाबा सोमनाथ के दर्शन व पूजन-अर्चन कर सभी के कल्याण व भारत की निरंतर समृद्धि की कामना की। भाजपा ने कहा कि गांधीनगर के सांसद अमित शाह ने जिलाधिकारी को गांधीनगर क्षेत्र में हैजा के प्रसार को रोकने के लिए आवश्यक निवारक उपाय करने का निर्देश दिया।

रिजल्ट से पहले भाजपा उम्मीदवार पर भड़की किरण खेर

चंडीगढ़, एजेंसी। चंडीगढ़ लोकसभा से भाजपा सांसद रहीं किरण खेर ने चुनाव परिणाम से पहले भाजपा उम्मीदवार पर जमकर भड़ास निकाली है। उन्होंने पार्टी उम्मीदवार संजय टंडन और उनकी टीम पर निशाना साधते हुए कहा कि कई पार्टी कार्यक्रमों में उन्हें निमंत्रण तक नहीं मिलता। खेर का यह बयान तब सामने आया है कि जब उन पर आरोप लगे हैं कि वे पार्टी कार्यक्रमों से दूरी बनाकर रखती हैं। उन्होंने कहा कि यह पार्टी नहीं कुछ लोगों द्वारा मेरी लगातार की जा रही उपेक्षा है। खेर ने यह भी कहा कि परिणाम पर मेरी कोई जिम्मेदारी नहीं है। चंडीगढ़ में वोट डालने पहुंची भाजपा नेता और अभिनेत्री किरण खेर ने यह भी कहा कि अगर संजय टंडन जीतते हैं तो उन्हें बहुत खुशी होगी। आगे कहा, मुझे नहीं पता कि उन्होंने कितना प्रचार किया है। कई जगहों पर तो हमें यह भी नहीं पता चला कि कोई समारोह हो रहा है या नहीं। भाजपा नेताओं के किरण खेर पर आरोप लगते रहे हैं कि वह हमारे साथ हैं, लेकिन वह समारोहों में ज्यादा नजर नहीं आतीं। जवाब में खेर का कहना है, मैं भाजपा के साथ हूं, लेकिन कई समारोहों के लिए उन्हें संदेश भी नहीं मिलता। हालांकि जब भी मुझे मैसेज मिला, मैं वहां गई। बता दें कि किरण खेर को केवल तब सार्वजनिक कार्यक्रमों में देखा गया जब राष्ट्रीय तबके के नेता भाजपा उम्मीदवार संजय टंडन के लिए प्रचार कर रहे थे।

बसपा उम्मीदवार ने वोट डालने का बनाया वीडियो

फिरोजपुर, एजेंसी। पंजाब की सभी 13 सीटों पर शनिवार को हुए मतदान के दौरान चुनाव आयोग के निर्देशों का उल्लंघन सामने आया है। फिरोजपुर लोकसभा क्षेत्र से बहुजन समाज पार्टी उम्मीदवार सुरिंदर सिंह कंबोज का वोट डालते समय का वीडियो सामने आया है। सुरिंदर सिंह कंबोज वीडियो में ईवीएम दिखाते हुए वोट डालते दिखाई दे रहे हैं। वीडियो में वो ईवीएम का बटन दबाते साफ दिखाई दे रहे हैं। ईवीएम का बटन दबाने के बाद पर्ची निकलना तक वीडियो में दिखाया गया है। इस वीडियो को सोशल मीडिया पर शेयर भी किया गया। बीएसपी के उम्मीदवार सुरिंदर सिंह कंबोज की इस हरकत पर एफआईआर दर्ज की गई है। फिरोजपुर के डिप्टी कमिश्नर राजेश धीमान ने बताया कि बहुजन समाज पार्टी के उम्मीदवार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। सुरिंदर कंबोज के बेटे जगदीप सिंह गोल्डी जलालाबाद से आम आदमी पार्टी के विधायक हैं, जबकि पिता बीएसपी की तरफ से लोक सभा चुनाव लड़ रहे हैं। फिरोजपुर क्षेत्र से बसपा के टिकट पर चुनाव लड़ रहे उम्मीदवार सुरिंदर सिंह कंबोज ने गुरुहरसहाए के गांव जीवां अराई में वोट डाला।

जयपुर हाईवे पर मुंबई एक्सप्रेसवे का सफर जेब पर पड़ेगा भारी

एनएचएआई की 3 जून से टोल टैक्स बढ़ाने की तैयारी

नइदिल्लीध एजेंसी।
दिल्ली-जयपुर हाईवे और एक्सप्रेसवे पर सफर करना सोमवार से महंगा हो जाएगा। गुरुग्राम से रेवाड़ी और जयपुर तक जाने के लिए अब ज्यादा पैसे देने होंगे। सोहना-नूंह-अलवर या दिल्ली मुंबई एक्सप्रेसवे से होकर जयपुर तक जाने के लिए भी अतिरिक्त टोल देना होगा। हालांकि, बढ़ी हुई टोल दरें 1 अप्रैल से लागू होनी थी, लेकिन लोकसभा चुनावों को देखते हुए भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने इसे टाल दिया था। हाईवे और एक्सप्रेसवे पर टोल की अलग-अलग दरें निर्धारित की गई हैं। सबसे महंगा सफर सोहना हाईवे का रहने वाला है। कार से एक तरफ यात्रा के लिए 125 रुपये टोल के रूप में वसूल किए जाएंगे।

मुंबई एक्सप्रेसवे पर सफर के लिए 125 रुपये में इस एक्सप्रेसवे का टोल भी जोड़ा जाएगा। यहां अलग-अलग दूरी के हिसाब से टोल रेट निर्धारित किया गया है। खेड़की दौला टोल पर कार सवार को पहले से पांच रुपये अधिक देने होंगे। एनएचएआई ने राष्ट्रीय सड़क शुल्क विनियम 2008 के अनुसार टोल दरें बढ़ाई गई है। गुरुग्राम की सीमा में दिल्ली-जयपुर हाईवे पर खेड़की दौला, गुरुग्राम-सोहना हाईवे पर घामडोज तथा मुंबई एक्सप्रेसवे पर अलीपुर के बाद हिलालपुर पर टोल प्लाजा हैं।

वहीं, वाहन चालकों को दो जून की रात 12:00 बजे से डीएनडी-केएमपी एक्सप्रेसवे के किरंज टोल प्लाजा, दिल्ली-आगरा हाईवे के गदपुरी और होडल टोल प्लाजा पर 10 रुपये तक बढ़ा हुआ टोल टैक्स देना होगा।

दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे : अलीपुर से हिलालपुर खलीलपुर तक कार के लिए 90 की जगह अब 95 रुपये देने होंगे। एनएचएआई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर आकाश पहाड़ी ने बताया कि मुख्यालय ने 3 जून से नई टोल दरें लागू करने का निर्देश दिया है। अधिसूचना मिल गई है और 3 जून से टोल पर नए रेट लागू हो जाएंगे। वहीं. वाहन चालकों को 2 जून की रात 12;00 बजे से डीएनडी-केएमपी एक्सप्रेसवे के किरंज टोल प्लाजा, दिल्ली-आगरा हाईवे के गदपुरी और

होडल टोल प्लाजा पर 10 रुपये तक बढ़ा हुआ टोल टैक्स देना होगा। टोल टैक्स में न्यूनतम पांच रुपये की बढ़ोतरी की गई है।

एनएचएआई 59 किलोमीटर लंबे डीएनडी-केएमपी एक्सप्रेसवे को दिल्ली में डीएनडी फ्लाईओवर से लेकर पलवल के मंडकौला तक बना रहा है। मंडकौला में यह दिल्ली- मुंबई एक्सप्रेसवे और केएमपी एक्सप्रेसवे से जुड़ जाता है। एनएचएआई प्रबंधन ने गत वर्ष इस एक्सप्रेसवे को सेक्टर-65 से लेकर मंडकौला तक चालू कर दिया था। इस हिस्से की लंबाई करीब 26 किलोमीटर है। इस पर गत वर्ष ही टोल टैक्स भी वसूला जा रहा है। सेक्टर-65 से लेकर दिल्ली तक यह एक्सप्रेसवे निर्माणाधीन है। एनएचएआई ने कार, जीप, हल्के वाहन के मासिक पास की दर 1,650 रुपये तक की है। मिनी बस का मासिक पास 2,665 रुपये में, बस-ट्रक का 5,580 रुपये, थ्री एक्सल वाहन का 6,090 रुपये, छह एक्सल वाहन का 8,750 रुपये और सात एक्सल या इससे ज्यादा वाले वाहन का मासिक पास 10,655 रुपये में बनेगा। उधर, एनएचएआई प्रबंधन ने दिल्ली-आगरा हाईवे के गदपुरी टोल प्लाजा पर हल्के वाहन कार, वैन, जीप के लिए पांच रुपये, हल्के और भारी व्यावसायिक वाहनों को 10 रुपये अधिक देने होंगे। होडल-करमन टोल प्लाजा पर भी बढ़ी हुई टोल दरें लागू होंगी। किरंज टोल प्लाजा के प्रबंधक संजीव कुमार ने बताया कि दो जून की रात 1200 बजे से बढ़ी दरें लागू हो जाएंगी।

ध्रुव राठी का आप से लिंक, लीडरशिप का करीबी; स्वाति मालीवाल ने बताया कनेक्शन

नइदिल्लीध एजेंसी।
आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल एक तरफ जहां मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के करीबी बिभव कुमार पर मारपीट का आरोप लगाया तो दूसरी तरफ उनकी यूट्यूबर ध्रुव राठी से भी ठन गई है। आम आदमी पार्टी और उसके समर्थकों पर अपने चरित्रहनन की कोशिश का आरोप लगा रहीं स्वाति मालीवाल का दावा है कि जब से ध्रुव राठी ने उनके खिलाफ एकतरफा वीडियो बनाया तब से उन्हें रेप और हत्या की धमकियां मिल रही हैं। दिल्ली महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष ने अब दावा किया है कि खुद को स्वतंत्र पत्रकार बताने वाले ध्रुव राठी असल में आम आदमी पार्टी से जुड़े हुए हैं।

लंबे समय से अरविंद केजरीवाल की करीबी रहीं स्वाति मालीवाल ने एक ताजा इंटरव्यू में कहा कि ध्रुव राठी आम आदमी पार्टी के वॉलंटियर रह चुके हैं और अब भी लीडरशिप के साथ उनकी नजदीकी है। मालीवाल ने यह भी कहा कि वह भी ध्रुव राठी को काफी पसंद करती थीं, लेकिन अब नहीं। राठी को लेकर मालीवाल से सवाल किया गया कि क्या आम आदमी पार्टी ने ध्रुव राठी का उनके खिलाफ इस्तेमाल किया, इस पर मालीवाल ने कहा, जी मैं ऐसा मानती हूं। मैं ध्रुव राठी को बहुत पसंद करती आई हूं, हमारे घर में तो सभी उनको लाइक करते थे। लेकिन इस बार जो उन्होंने किया मैं उसके खिलाफ हूं। वह बहुत बड़ी पोजीशन में हैं, पूरा देश उनको देखता-सुनता है। ऐसे में एकतरफा वीडियो करना, क्योंकि वह लीडरशिप के बहुत क्लोज हैं, वह वॉलंटियर भी रह चुके हैं, उनका ऐसा वीडियो करना बहुत खराब है।

एक अन्य सवाल के जवाब में स्वाति मालीवाल ने कहा कि हो सकता है कि टॉप लीडरशिप ने बात ना की हो, लेकिन उनसे नीचे के किसी व्यक्ति ने किया होगा। मालीवाल ने यह भी कहा कि वह लीडरशिप के करीब है और सबको जानता है, पहले से साथ काम करते आए हैं। स्वाति मालीवाल के ताजा आरोपों पर ध्रुव राठी की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। इससे पहले स्वाति मालीवाल ने दावा किया था कि ध्रुव राठी की वजह से उन्हें धमकियां मिल रही हैं।

बदरीनाथ धाम में भक्तों को अब नहीं मिलेगी वन तुलसी, औषधीय गुणों से है भरपूर

देहरादून, एजेंसी।
बदरीनाथ धाम में दर्शन करने को जा रहे तीर्थ यात्रियों को जोरदार झटका लग सकता है। उत्तराखंड में मौसम के बदलाव का असर अब ऊंचाई वाले क्षेत्रों में भी साफतौर से देखने को मिल सकता है। मौसम में आ रहे बदलाव से औषधीय गुणों से भरपूर बदरीनाथ धाम में स्वतः उगने वाली वन तुलसी अब विलुप्ति के कगार पर है।

प्रसाद बेचने वाले अब लामबगड़, हनुमान चट्टी, पांडुकेश्वर, बडागांव और उदगम घाटी से वन तुलसी के पत्ते मंगवाकर माला तैयार कर रहे हैं। 10500 फिट की ऊंचाई पर स्थित बदरीनाथ धाम में पाई जाने वाली वन तुलसी की माला से भगवान बदरी विशाल का श्रृंगार किया जाता है।

इस वर्ष भी बदरीनाथ धाम और आस पास के जंगलों में तुलसी काफी कम मात्रा में उगी है। यहां पर वन तुलसी धीरे-धीरे विलुप्त हो रही है। बदरीनाथ में कई दशकों से तुलसी माला बेच रहे विनोद डिमरी का कहना है कि इस वर्ष धाम में तुलसी काफी कम मात्रा में उगी है।

तुलसी माला बेचने वाले जोशीमठ क्षेत्र से तुलसी मंगवा रहे हैं। बदरीनाथ

मंदिर के पूर्व धर्माधिकारी आचार्य भुवन उनियाल का कहना है कि भगवती वृंदा ही बदरीनाथ धाम में तुलसी के रूप में विराजमान हैं। वृंदा ही महालक्ष्मी हैं। बदरीनाथ उपवन सरक्षक सर्वेश कुमार दुबे कहना है कि जिस समय तुलसी उगनी शुरू होती है उस समय धाम में भारी बर्फबारी हुई थी। जिसके चलते इस वर्ष अभी तक तुलसी काफी कम उगी है। जबकि इससे पूर्व वर्षों में बर्फबारी दिसंबर-जनवरी माह में होती थी तो वन तुलसी के उगने का अवसर मिलता था। लेकिन इस वर्ष फरवरी-मार्च माह में बर्फबारी हुई है। विदित हो कि 10 मई से शुरू चारधाम यात्रा में भारी संख्या में तीर्थ यात्री दर्शन करने को उत्तराखंड पहुंच रहे हैं।

पीएम मोदी ने कांग्रेस की घटिया राजनीति पर ताला लगाया : नायब सैनी

चंडीगढ़, एजेंसी। हरियाणा के मुख्यमंत्री एवं प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी ने कहा कि देश और प्रदेश की जनता को 4 जून का इंतजार है। उन्होंने कहा जनता उस प्रतीक्षा में है जब नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री की शपथ लेंगे और भारत को विकसित बनाने की राह पर तेजी से लेकर आगे बढ़ेंगे। सैनी शनिवार को रोहतक प्रदेश कार्यालय मंगल कमल में विस्तारकों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। सैनी ने कहा कि विस्तारक पार्टी की बेहद ही महत्वपूर्ण कड़ी होते हैं। विस्तरकों के माध्यम से बूथ स्तर तक कार्य योजनाओं का क्रियान्वयन मजबूती से किया जाता है। बैठक में संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा, प्रदेश महामंत्री मोहन लाल बड़ौली, महामंत्री डा. अर्चना गुप्ता, विस्तारक योजना के प्रदेश संयोजक भारत भूषण मिड्ढा आदि उपस्थित रहे।

पंचकूला और चंडीगढ़ में पदाधिकारियों की बैठक के बाद रोहतक पहुंचे सीएम सैनी ने विस्तारकों से भी लोकसभा चुनाव का फीडबैक लिया और आगामी कार्य योजनाओं और संगठनात्मक विषयों पर जरूरी दिशा निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि प्रचंड गर्मी के बावजूद लोकसभा चुनाव में कार्यकर्ताओं ने कड़ी मेहनत की है। चार जून को परिणाम

भाजपा के पक्ष में आने वाले हैं। कार्यकर्ताओं की मेहनत के दम पर भाजपा 10 की 10 लोकसभा सीटें और करनाल विधानसभा की सीट जीत रही है।

नायब सैनी ने कहा कि मोदी सरकार 10 सालों में गरीबों की अपेक्षाओं पर खरा उतरी है। महिलाओं और किसानों को सशक्त करने का काम इन 10 वर्षों में डबल इंजन सरकार ने किया है। उन्होंने कहा कि मोदी ने 10 वर्षों में जितने कालेज, मेडिकल कॉलेज, आईआईटी, ऐम्स खोले हैं उतने कांग्रेस के 60 साल के शासन में भी नहीं खुल पाए। रेलवे को 100 प्रतिशत इलेक्ट्रिफाई करना, ओवर ब्रिज व अंडरपास बनाना तथा देश और प्रदेश के इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत कर मोदी सरकार ने इतिहास रचा है।

सैनी ने कहा कि कांग्रेस के शासन में समस्याएं बढ़ी हैं जिनका खामियाजा जनता को भुगतना पड़ा है। कांग्रेस के समय की समस्याओं का समाधान प्रधानमंत्री मोदी ने किया है। कांग्रेस ने धारा-370 और राम मंदिर को लेकर सदा राजनीति की है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने धारा 370 को खत्म किया और अयोध्या में भगवान श्रीराम का भव्य और दिव्य मंदिर बनाकर रामलला को विराजमान किया।

गर्मी से बचने के लिए कोचिंग कक्षाएं ऑनलाइन मोड पर

जयपुर, एजेंसी।
राजस्थान में भजनलाल सरकार ने प्रचंड गर्मी और हीट वेव के मद्देनजर अब कोचिंग कक्षाएं भी ऑनलाइन मोड पर ही संचालित के निर्देश जारी किए है। इस संबंध में उच्च शिक्षा विभाग ने सभी जिला कलेक्टर को निर्देश जारी किए हैं। हालांकि निर्देशों में ये स्पष्ट किया गया है कि यदि किसी कारणवश कुछ कक्षाएं ऑफलाइन मोड पर लेने की जरूरत पड़े, तो उसका समय सुबह 11:00 से दोपहर 2:00 बजे के बीच ना हो। उच्च शिक्षा विभाग के प्रमुख शासन सचिव सुबीर कुमार ने बताया कि निर्देशों में स्पष्ट किया गया है कि यदि किसी कारण से कुछ कक्षाएं ऑफलाइन मोड पर संचालित करने की आवश्यकता हो तो छात्रों को सुबह 11:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे के बीच किसी भी स्थिति में कोचिंग सेंटर पर नहीं बुलाया जाए। कोचिंग सेंटर से बच्चों को हीट वेव से बचाने के लिए

सभी प्रबंध करना भी सुनिश्चित करना होगा। इन निर्देशों की तत्काल पालना सुनिश्चित कर की गई कार्रवाई से विभाग को अवगत कराने के भी निर्देश दिए गए हैं। बता दें कि नौतपा में सूर्य की तपिश और हीट वेव से लोगों का हाल बेहाल है. सड़कों पर सन्नाटा पसरा हुआ है। प्रदेश में बीकानेर, जयपुर और भरतपुर संभाग के कुछ भागों में तीव्र हीट वेव भी दर्ज की गई है। हालांकि, मौसम विभाग अब यहां नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने की बात कर रहा है। इससे प्रदेश में शनिवार से तीन दिन तक कुछ स्थानों पर आंधी और बारिश की संभावना रहेगी, जिससे लोगों को कुछ हद तक राहत मिलने के आसार हैं।

छत्तीसगढ़ में बढ़ा बिजली का दाम, नई दरें कब से लागू; आयोग ने बताया

रायपुर, एजेंसी।
छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग (सीएसईआरसी) ने शनिवार को सभी श्रेणियों के उपभोक्ताओं के लिए बिजली दरों में औसतन 8.35 प्रतिशत की बढ़ोतरी की घोषणा की है। नई दरें एक जून से प्रभावी हो गई हैं। सीएसईआरसी ने पिछले साल बिजली दरों में संशोधन नहीं किया था। सीएसईआरसी के सचिव एसपी शुक्ला ने बताया कि सभी उपभोक्ता श्रेणियों में पिछली दरों की तुलना में बिजली दरों में औसतन 8.35 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई है।

राज्य में बिजली उत्पादन, पारेषण और वितरण के लिए तीन सरकारी कंपनियों द्वारा बिजली सेवाओं का प्रबंधन किया जाता है। शुक्ला ने बताया कि राज्य सरकार ने वितरण कंपनी के सकल राजस्व घाटे को कम करने के लिए 2024-25 के लिए एक हजार करोड़ रुपये की प्रतिपूर्ति करने का फैसला किया है। नतीजतन, वितरण कंपनी को 2024-25 के लिए मौजूदा दर पर 1819 करोड़ रुपये का राजस्व घाटा होने का अनुमान है।

आयोग द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है कि घरेलू और गैर-घरेलू उपभोक्ताओं के लिए बिजली खपत की सभी श्रेणियों में 20 पैसे प्रति यूनिट की दर से वृद्धि की गई है। कृषि पंप कनेक्शन के लिए टैरिफ में 25 पैसे प्रति यूनिट की वृद्धि की गई है। गैर-सब्सिडी वाले कृषि पंप कनेक्शन के लिए ऊर्जा शुल्क पर 20 प्रतिशत की रियायत जारी रहेगी। एलवी-पांच और एचवी-पांच श्रेणियों के तहत पोहा और मुरमुरा मिलों के लिए ऊर्जा

शुल्क पर पांच प्रतिशत की छूट लागू रहेगी। उच्च वोल्टेज स्टील उद्योगों की बिजली दरों में 25 पैसे प्रति यूनिट की वृद्धि की गई है।

बयान में कहा गया है कि राज्य में पर्यावरण के अनुकूल परिवहन प्रणाली को प्रोत्साहित करने के लिए, इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग इकाइयों के लिए टैरिफ 6.92 रुपये प्रति यूनिट रखा गया है। ग्रामीण और आदिवासी बहुल सरगुजा (उत्तर छत्तीसगढ़) और बस्तर (दक्षिण छत्तीसगढ़) क्षेत्रों में अस्पतालों, नर्सिंग होम और डायग्नोस्टिक सेंटर के लिए पांच प्रतिशत की छूट जारी रहेगी।

नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में एक अप्रैल, 2019 के बाद मोबाइल टावरों की स्थापना पर ऊर्जा शुल्क पर दी जा रही 50 प्रतिशत छूट को घटाकर 25 प्रतिशत कर दिया गया है। पंजीकृत महिला स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) द्वारा संचालित औद्योगिक और व्यावसायिक गतिविधियों को ऊर्जा शुल्क पर 10 प्रतिशत की छूट जारी रहेगी। रक्षा प्रतिष्ठानों के लिए ऊर्जा शुल्क पर 15 प्रतिशत की छूट जारी रहेगी। राज्य में घरेलू उपभोक्ताओं को पिछली कांग्रेस सरकार द्वारा शुरू की गई 'बिजली बिल हाफ' योजना में आधी छूट का लाभ मिलता है। बिजली दरों में बढ़ोतरी के लिए सत्ताधारी दल भाजपा की आलोचना करते हुए छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के संचार विभाग के प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि राज्य सरकार के प्रस्ताव पर विद्युत नियामक आयोग ने विद्युत के दामों में बढ़ोतरी को मंजूरी दे दिया है।

केरल ऑर्गन ट्रैफिकिंग मामले का मास्टरमाइंड गिरफ्तार, ईरान से रहा है गहरा कनेक्शन

कोच्चि। केरल में ऑर्गन ट्रैफिकिंग का मामला तूल पकड़ रहा है। वहीं अब इस मामले में शामिल अंतरराष्ट्रीय मानव तस्करी नेटवर्क के कथित मास्टरमाइंड को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने ये जानकारी दी है। बताया जा रहा है, 41 साल का बल्लमकोंडा राम प्रसाद इस मामले का मास्टरमाइंड है और ये हैदराबाद के एक होटल में छिपा हुआ था।

राम प्रसाद आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा का निवासी है, इसे प्रतापन के नाम से भी जाना जाता है, इसे केरल पुलिस की विशेष जांच टीम ने गिरफ्तार किया है।

बता दें कि आंध्र निवासियों के माध्यम से किडनी ट्रांसप्लांट से संबंधित लेन-देन किया गया है। दावा किया गया कि प्रतापन सबसे पहले अपनी किडनी दान करने के लिए अंग तस्करी माफिया के संपर्क में आया था,लेकिन कुछ बीमारियों से पीड़ित होने के कारण उसका अंग नहीं लिया गया। बाद में फिर वह एक ग्रुप में शामिल हो गया, और उस ग्रुप का मुख्य व्यक्ति बन गया। सोशल मीडिया के माध्यम से अंग प्राप्तकर्ताओं से संपर्क किया, पुलिस ने इसका दावा किया है।

अमेरिकी क्रिकेटर ने रचा इतिहास

टी-20 वर्ल्डकपः 2024

टी-20 वर्ल्डकप के ओपनिंग मैच में रिकॉर्ड्स की बरसात

नईदिल्ली, एजेंसी। टी-20 विश्व कप 2024 का धमाकेदार आगाज हुआ है। टूर्नामेंट के ओपनिंग मैच में मेजबान यूएसए ने कनाडा को 14 गेंद पहले सात विकेट से हरा दिया। यूएसए के सामने 195 रन का विशाल लक्ष्य था, लेकिन 29 साल के दाएं हाथ के बल्लेबाज आरोन जोन्स की तूफानी 94 रन की पारी के आगे यह टोटल बौना साबित हो गया। जोन्स ने अपनी इस विस्फोटक पारी से एक के बाद एक कई रिकॉर्ड तोड़े। सिर्फ 40 गेदों में 10 गगनचुंबी छक्के और चार चौके की मदद से उन्होंने कनाडाई गेंदबाजों के होश उड़ा दिए। टी-20 विश्व कप के इतिहास में यह तीसरा सबसे बड़ा रनचेज भी है। चलिए एक नजर डालते हैं इस मैच में बने रिकॉर्ड्स पर...

सबसे बड़ी पार्टनरशिप

इस मैच में आरोन जोन्स ने सिर्फ 40 गेंदों पर 4 चौके, 10 छक्के की मदद से नाबाद 94 रन बनाए। इस दौरान एंड्रीज गौस के बीच उन्होंने तीसरे विकेट के लिए 131 रन की पार्टनरशिप की। यह अमेरिका के लिए टी-20 क्रिकेट में सबसे बड़ी साझेदारी का रिकॉर्ड है। गौस ने सात चौके और तीन छक्के की मदद से 46 गेंदों पर 65 रन बनाए।

टी-20 वर्ल्डकप में तीसरा सबसे सफल रनचेज

195 रन के लक्ष्य को यूएसए ने किसी मजाक की तरह चेज कर दिया। यह टी-20 विश्व कप के इतिहास में तीसरा सबसे बड़ा रन चेज है। सबसे बड़ा रन चेज इंग्लैंड के नाम है, जब उसने 2016 वर्ल्ड कप में साउथ अफ्रीका के खिलाफ वानखेड़े स्टेडियम में 230 रन बनाए थे। दूसरे नंबर पर साउथ अफ्रीका का नाम है, जोबर्ग में वेस्टइंडीज के खिलाफ 206 रन का लक्ष्य साधा था।

क्रिस गेल की बराबरी

आरोन जोन्स ने इस मैच में 10 छक्के लगाकर खतरनाक कैरेबियाई बल्लेबाज क्रिस गेल की बराबरी कर ली। 2007 टी-20 विश्व कप में गेल ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ 117 रन की पारी के दौरान 10 छक्के मारे थे। हालांकि टी-20 विश्व कप के एक मैच में सबसे ज्यादा 11 छक्के लगाने का कीर्तिमान भी गेल के ही नाम है, जो उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ 2016 एडिशन में लगाए थे।

T20 WC के एक ओवर में सबसे महंगा ओवर

कनाडा के जेरेमी गॉर्डन ने मैच के 14वें ओवर में 32 रन लुटा दिए। इस ओवर में उन्होंने कुल 11 गेंदें फेंकी, जिसमें तीन छक्के, दो चौके, तीन वाइड और दो नो बॉल शामिल रहे। इस तरह जेरेमी ने टी-20 विश्व कप का दूसरा सबसे महंगा ओवर फेंका। पहले नंबर पर स्टुअर्ट ब्रॉड बरकरार है, जिन्होंने युवराज सिंह से लगातार छह गेंदों में छह छक्के खाकर 36 रन लुटाए थे।

एसोसिएट टीम के पहले बल्लेबाज

टी-20 वर्ल्ड कप के एक मैच में आज तक एसोसिएट टीम के किसी बल्लेबाज ने 10 छक्के नहीं मारे हैं। जोन्स यह कारनाम करने वाले पहले बल्लेबाज बने। इतना ही नहीं जोन्स टी-20 में यूएसए के लिए सबसे तेज अर्धशतक बनाने वाले बल्लेबाज बन चुके हैं।

चैम्पियन लीग

डॉर्टमुंड को एकतरफा अंदाज में हराकर रियल मैड्रिड बना चैंपियन

15वीं बार जीता खिताब

नई दिल्ली, एजेंसी। रियल मैड्रिड के लिए डानी ने टोनी क्रूस के कॉर्नर पर 74वें मिनट में गोल कर टीम को बढ़त दिलाई। इसके बाद विनिसियस जूनियर ने 83वें गोल कर रियल मैड्रिड की बढ़त को दोगुना किया। डानी कारवाजल और विनिसियस जूनियर के एक-एक गोल की मदद से रियल मैड्रिड ने फाइनल में बोरुसिया डॉर्टमुंड को हराकर यूएफा चैंपियंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब जीत लिया है। रियल मैड्रिड ने डॉटमुंड को 2-0 से हराया और 15वीं बार इस टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम किया।

इस तरह रियल मैड्रिड ने अपने पिछले नौ यूरोपियन कप फाइनल्स जीते हैं और पिछले 11 सीजन में से छह बार टूर्नामेंट जीता है। रियल मैड्रिड के लिए डानी ने टोनी क्रूस के कॉर्नर पर 74वें मिनट में गोल कर टीम को बढ़त दिलाई। इसके बाद विनिसियस जूनियर ने 83वें गोल कर रियल मैड्रिड की बढ़त को दोगुना किया। अंतिम सीटी बजने तक डॉर्टमुंड की टीम एक भी गोल नहीं कर सकी और उसे हार का सामना करना पड़ा।

निकलास फुएलक्रुग के पोस्ट पर करीम अदेयेमी गोल करने में नाकाम रहे। डॉर्टमुंड ने कई मौके गंवाए जिसका खामियाजा टीम को भुगतना पड़ा।

पहले हाफ में रियल मैड्रिड को करना पड़ा संघर्ष

मैड्रिड को पहले हाफ में संघर्ष करना पड़ा लेकिन इसके बाद उसने मैच में दबदबा बनाए रखा। उसकी तरफ से डैनी कार्वाजल और विनीसियस जूनियर ने गोल दागे। डॉर्टमुंड ने पहले हाफ में अच्छा खेल दिखाया। उसने कुछ मौके भी बनाए लेकिन इसका फायदा उठाने में नाकाम रहा। कार्वाजल, लुका मोड्रिक, टोनी क्रूस और नाचो ने छठी बार ट्रॉफी जीती और इस तरह से उन्होंने मैड्रिड के स्टार खिलाड़ी रहे पाको गेंटो की बराबरी की।

मैड्रिड का कोच रहते एंसेलोटी ने तीसरी बार जीता खिताब

रियल मैड्रिड के कोच कार्लो एंसेलोटी का कोच के रूप में चैंपियंस लीग में यह पांचवा खिताब है। इस तरह से उन्होंने अपने रिकॉर्ड में सुधार किया। जिनेदिन जिदान, पेप गार्डियोला और बॉब पैस्ले ने कोच के रूप में तीन-तीन बार चैंपियंस लीग जीती है।

रियल मैड्रिड का कोच रहते हुए एंसेलोटी ने तीसरी बार चैंपियंस लीग जीती। वेंबले स्टेडियम में खेले गए फाइनल में अपनी टीम की जीत के बाद एंसेलोटी ने कहा, हमें इसकी आदत पड़ती जा रही है। हमारा स्वप्निल सफर जारी है। यह बेहद मुश्किल मैच था। हमने जितना सोचा था यह उससे अधिक कड़ा मैच था। पहले हाफ में हम थोड़ा सुस्त थे लेकिन इसके बाद हमने अच्छा खेल दिखाया।

फ्रेंच ओपन

सितसिपास फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट के चौथे दौर में

पेरिस , एजेंसी। अमेरिका की सोफिया केनिन को हार का सामना करना पड़ा। केनिन को डेनमार्क की गैरवरीयता प्राप्त खिलाड़ी क्लारा टूसन ने 6-2, 7-5 से हराया। टूसन का अगला मुकाबला विंबलडन में दो बार उपविजेता रही ओंस जेबुर से होगा।

स्टेफानोस सितसिपास ने सीधे सेटों में जीत दर्ज करके कार्लोस अल्कारेज और इगा स्वियातेक के साथ फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट के चौथे दौर में प्रवेश किया। सितसिपास ने झांग झिझेन को 6-3, 6-3, 6-1 से पराजित किया। उनका अगला मुकाबला इटली के गैर वरीयता प्राप्त माटेओ अर्नाल्डी से होगा जिन्होंने छठी वरीयता प्राप्त आंद्रे रुबलेव को 7-6 (6), 6-2, 6-4 से हराया था। इटली के दूसरी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी सिनर ने पावेल कोटोव को 6-4, 6-4, 6-4 से हराया। ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन सिनर का अगला मुकाबला फ्रांस के कोरेंटिन मौटेट से होगा। दो बार के ग्रैंडस्लैम विजेता कार्लोस अल्कारेज ने भी 27वीं वरीयता प्राप्त अमेरिकी सेबेस्टियन कोर्डा को 6-4, 7-6 (5), 6-3 से हराकर चौथे दौर में जगह बनाई। अल्कारेज पिछले साल फ्रेंच ओपन के सेमीफाइनल में नोवाक जोकोविच से हार गए थे।महिला वर्ग में शीर्ष वरीयता प्राप्त स्वियातेक ने मैरी बौज़कोवा को 6-4, 6-2 से हराकर चौथे दौर में प्रवेश किया। उनका अगला मुकाबला गैर वरीयता प्राप्त अनास्तासिया पोटापोवा से होगा।

अमेरिका की सोफिया केनिन को हार का सामना करना पड़ा। केनिन को डेनमार्क की गैरवरीयता प्राप्त खिलाड़ी क्लारा टूसन ने 6-2, 7-5 से हराया। टूसन का अगला मुकाबला विंबलडन में दो बार उपविजेता रही ओंस जेबुर से होगा।

बांग्लादेश को लगा झटका, टी20 विश्व कप के पहले मैच में चोटिल शोरफुल का खेलना मुश्किल

नईदिल्ली, एजेंसी। आईसीसी टी20 विश्व कप 2024 की शुरुआत से पहले बांग्लादेश को एक बड़ा झटका लगा जब उनके स्टार तेज गेंदबाज शोरफुल इस्लाम शनिवार को न्यूयॉर्क में भारत के खिलाफ अभ्यास मैच के दौरान चोटिल हो गए। चोट के कारण शोरफुल का 6 जून को श्रीलंका के खिलाफ बांग्लादेश के शुरुआती मैच में खेलना संदिग्ध है।

3.5 ओवर में सिर्फ 26 रन देकर एक विकेट लेने वाले बाएं हाथ के तेज गेंदबाज शोरफुल खेल के दौरान बांग्लादेश के सबसे प्रभावी गेंदबाज थी। शुरुआती सूजन और उसके बाद की मेडिकल जांच से पता चला कि उनकी हथेली और तर्जनी के बीच टांके लगाने पड़े। शोरफुल का 7 जून को डलास में श्रीलंका के खिलाफ बांग्लादेश के शुरुआती मैच में खेलना संदिग्ध है, क्योंकि मेडिकल स्टाफ ने संकेत दिया है कि उन्हें ठीक होने में कम से कम एक सप्ताह का समय लगेगा। तंजीम शाकिब, तस्कीन अहमद और मुस्तफिजुर रहमान के साथ गेंदबाजी लाइनअप के एक महत्वपूर्ण सदस्य शोरफुल का ना होना टीम के लिए एक बड़ी बाधा है। संभावित चोटों की आशंका को देखते हुए बांग्लादेश के प्रबंधन ने समझदारी से दो रिजर्व खिलाड़ियों को शामिल किया था, जिसमें तेज गेंदबाज हसन महमूद भी शामिल थे। यह एहतियात अब समझदारी भरा कदम लगता है, क्योंकि अगर शोरफुल टूर्नामेंट के लिए समय पर ठीक नहीं हो पाते हैं, तो हसन को टीम में शामिल किया जा सकता है। टीम तस्कीन अहमद की रिकवरी पर भी नजर रख रही है, क्योंकि उन्हें पहले मैच के लिए तैयार रहना चाहिए।

टी20 विश्व कप के लिए बांग्लादेश की टीम

नजमुल हुसैन शांतो (कप्तान), तस्कीन अहमद, लिटन दास, सौम्या सरकार, तंजीद हसन तमीम, शाकिब अल हसन, तौहीद हृदोय, महमूद उल्लाह रियाद, जैकर अली अनिक, तनवीर इस्लाम, शाक महेदी हसन, रिशाद हुसैन, मुस्तफिजुर रहमान, शोरीफुल इस्लाम, तंजीम हसन साकिब।

रिजर्वः अफीफ हुसैन, हसन महमूद।

ओलंपिक क्वालिफायर

मुक्केबाजी में भारत हासिल कर सकता है एक और ओलंपिक कोटा, जैस्मीन का शानदार प्रदर्शन

नई दिल्ली, एजेंसी। निशांत देव (71 किग्रा) के अलावा महिला वर्ग में निकहत जरीन (50 किग्रा), प्रीति पवार (54 किग्रा) और लवलीना बोरगोहेन (75 किग्रा) पहले ही पेरिस के लिए अपना स्थान पक्का कर चुके हैं।

मुक्केबाजी में भारत को एक और ओलंपिक कोटा मिल सकता है क्योंकि राष्ट्रमंडल खेलों की कांस्य पदक विजेता जैस्मीन लम्बोरिया विश्व ओलंपिक मुक्केबाजी क्वालीफायर के 57 किग्रा क्वार्टर फाइनल में स्विट्जरलैंड की एना मारिजा मिलिसिक पर शानदार जीत दर्ज करके पेरिस ओलंपिक कोटा हासिल करने के करीब पहुंच गई हैं। भारत की इस 22 साल की खिलाड़ी ने अंतिम 16 मुकाबले में जजों के सर्वसम्मत निर्णय (5-0) से मिलिसिक को शिकस्त दी।

निशांत देव (71 किग्रा) के अलावा महिला वर्ग में निकहत जरीन (50 किग्रा), प्रीति पवार (54 किग्रा) और लवलीना बोरगोहेन (75 किग्रा) पहले ही पेरिस के लिए अपना स्थान पक्का कर चुके हैं।

क्वार्टर फाइनल में जीत दिलाएगा ओलंपिक कोटा

क्वालीफाइंग टूर्नामेंट में महिलाओं के 57 किग्रा भार वर्ग में चार कोटा स्थान है। जैस्मीन को पेरिस खेलों में अपनी जगह पक्की करने और भारत के लिए 57 किग्रा कोटा पुनः प्राप्त करने के लिए रविवार को अपना क्वार्टर फाइनल जीतना होगा। परवीन हुड्डा ने 2023 एशियाई खेलों में 57 किग्रा कोटा हासिल किया था, लेकिन पिछले महीने डोपिंग के आरोप में उन्हें निलंबित कर दिया गया था, जिससे भारत को कोटा छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ा।

सचिन का सफर सेमीफाइनल में समाप्त

पुरुषों के 57 किग्रा में पूर्व युवा विश्व चैंपियन सचिन सिवाच ने 57 किग्रा सेमीफाइनल में अच्छी कोशिश की, लेकिन टोक्यो ओलंपिक के रजत पदक विजेता फिलीपींस के कार्लो पालम से 0-5 से हार गए।

जैस्मीन ने तकनीकी श्रेष्ठता का प्रदर्शन किया

जैस्मीन ने एशियाई खेलों और ओलंपिक के पहले क्वालीफायर में 60 किग्रा में चुनौती पेश की थी लेकिन टूर्नामेंट में रिजर्व के रूप में सूचीबद्ध होने के कारण उन्हें 57 किग्रा में भाग लेने की अनुमति मिल गई। जैस्मीन और मिलिसिक ने शुरुआत में एक-दूसरे को आंकने पर ध्यान दिया। जैस्मीन ने इसके बाद अपनी तकनीकी श्रेष्ठता का प्रदर्शन किया और मिलिसिक लगातार मुक्के बरसाये। स्विट्जरलैंड की खिलाड़ी ने वापसी की कोशिश की लेकिन जैस्मीन उनसे दूरी बनाए रखने में सफल रहीं।

विरोधी पर ध्यान देने के बजाय अपनी क्षमता से खेले भारतीय टीमः युवराज

न्यूयॉर्क, एजेंसी। अपनी आक्रामक बल्लेबाजी के लिए मशहूर रहे युवराज सिंह का मानना है कि भारतीय टीम में कौशल और आत्मविश्वास की कोई कमी नहीं है और अगर वह टी20 विश्व कप में विरोधी टीम पर ध्यान देने के बजाय अपनी क्षमता के साथ खेले तो वह आईसीसी ट्रॉफी जीतने का लंबा इंतजार खत्म कर सकती है। भारत ने अपना अंतिम आईसीसी टूर्नामेंट 2013 में चैंपियंस ट्रॉफी के रूप में जीता था।

इससे दो साल पहले युवराज के शानदार प्रदर्शन से भारत ने वनडे विश्व कप जीता था। भारत ने 2007 में पहला टी20 विश्व कप भी जीता था जिसमें युवराज ने इंग्लैंड के खिलाफ लीग मैच में तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड के ओवर में छह छक्के लगाए थे। युवराज से जब भारत के पिछले एक दशक से भी अधिक समय से आईसीसी ट्रॉफी नहीं जीत पाने के बारे में पूछा गया, उन्होंने कहा, 'मेरा मानना है कि बड़े टूर्नामेंट जीतने के लिए हमारे पास आत्मविश्वास है। अगर भारत खुद पर विश्वास रखे और अपनी पूरी क्षमता से खेले तो वह खिताब जीत सकता है। टी20 विश्व कप के लिए आईसीसी के एंबेसडर युवराज ने कहा, 'अतीत में हमने इन्हीं चीजों पर गौर करके जीत हासिल की। हमने अपने मजबूत पक्षों पर ध्यान दिया।

हमें इस पर ध्यान नहीं देना चाहिए कि विपक्षी टीम हमें कहां नुकसान पहुंचा सकती है। हमें अपने मजबूत पक्षों पर गौर करना होगा। हमारे पास कई मैच विजेता खिलाड़ी हैं। उन्होंने कहा, 'आईसीसी विश्व कप की तैयारी के लिए आईपीएल सबसे बेहतरीन मंच है और मुझे पूरी आशा है कि यह शानदार टूर्नामेंट होगा। युवराज ने कहा, 'अगर भारत जीतता है तो यह हमारे लिए शानदार पल होगा। भारत को आईसीसी ट्रॉफी जीते हुए लंबा समय हो गया है। उम्मीद है कि इस बार हमारी टीम यह इंतजार खत्म कर देगी।

39 साल के दिनेश कार्तिक ने क्रिकेट को कहा अलविदा, जन्मदिन पर लिखा भावुक पोस्ट

नईदिल्ली, एजेंसी। स्टार क्रिकेटर दिनेश कार्तिक ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से रिटायरमेंट ले लिया है. विकेटकीपर बल्लेबाज कार्तिक ने 1 जून (शनिवार) को अपने 39वें जन्मदिन पर संन्यास का ऐलान किया. कार्तिक हालिया आईपीएल सीजन में आरसीबी के लिए खेलते दिखे थे. कार्तिक ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करके अपने दो दशक से ज्यादा लंबे क्रिकेटिंग करियर को याद किया है. कार्तिक ने लिखा, पिछले कुछ दिनों में मुझे जो स्नेह, समर्थन और प्यार मिला है, उससे मैं अभिभूत हूं. इस चीज को संभव बनाने वाले सभी प्रशंसकों के प्रति मेरी गहरी कृतज्ञता और हार्दिक धन्यवाद. काफी समय तक इस पर विचार करने के बाद मैंने क्रिकेट से हटने का निर्णय लिया है. मैं आधिकारिक तौर पर अपने संन्यास की घोषणा करता हूं.अपने खेल के दिनों को पीछे छोड़कर आगे आने वाली नई चुनौतियों के लिए तैयार हो रहा हूं.

कार्तिक कहते हैं, मैं अपने कोचों, कप्तानों, चयनकर्ताओं, टीममेट्स और सपोर्ट स्टाफ के सदस्यों को धन्यवाद देना चाहता हूं जिन्होंने इस लंबी यात्रा को सुखद और आनंददायक बनाया है. मैं खुद को उन कुछ भाग्यशाली लोगों में से एक मानता हूं जिन्हें देश का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिला. इतने सारे प्रशंसकों और दोस्तों की सद्भावना अर्जित करने के लिए मैं और भी भाग्यशाली हूं. कार्तिक ने आगे कहा, इन सभी वर्षों में मेरे माता-पिता मेरी ताकत और समर्थन के स्तंभ रहे हैं और उनके आशीर्वाद के बिना मैं आज जो कुछ भी हूं, वह नहीं होता. मैं दीपिका (पत्नी) का भी बहुत आभारी हूं, जो खुद एक पेशेवर खिलाड़ी हैं. हमारे महान खेल के सभी प्रशंसकों को बहुत-बहुत धन्यवाद. आपके समर्थन और शुभकामनाओं के बिना क्रिकेट और क्रिकेटर्स का अस्तित्व वैसा नहीं होता.

कार्तिक ने आईपीएल 2024 में भी दमदार प्रदर्शन किया और फिनिशर की भूमिका निभाते हुए 15 मैचों में 326 रन बनाए. कार्तिक ने अपने प्रदर्शन से खुद को टी20 वर्ल्ड कप टीम में जगह बनाने की दौड़ में वापस ला दिया था. भारत के कप्तान रोहित शर्मा ने अनुभवी विकेटकीपर के साथ मैदान पर मजाक में कार्तिक से यह भी कहा था कि डीके अभी वर्ल्ड कप खेलना है, यह वीडियो खूब वायरल हुआ था.

देखा जाए तो दिनेश कार्तिक ने अपने आईपीएल करियर में छह टीमों का प्रतिनिधित्व किया. 2011 में पंजाब जाने से पहले उन्होंने 2008 में दिल्ली डेयरडेविल्स के साथ शुरुआत की. 2014 में दिल्ली वापस जाने से पहले उन्होंने अगले दो सीजन मुंबई के साथ बिताए. 2015 में आरसीबी ने शामिल किया. इसके बाद चार सीजन बिताने से पहले वो 2016 और 2017 में गुजरात लायंस के लिए खेले. फिर वो केकेआर टीम में वापस आए, इस टीम का उन्होंने नेतृत्व भी किया. कार्तिक 2022 में आरसीबी में लौटे और फिनिशर की भूमिका को बखूबी निभाया.

दिनेश कार्तिक ने आईपीएल में अपनी उम्र को केवल नंबर गेम बनाकर रख दिया था. आरसीबी में शामिल होने के बाद तो डीके अलग ही अंदाज में खेल रहे थे. आरसीबी के साथ आईपीएल 2022 में कार्तिक का अविश्वसनीय प्रदर्शन रहा था.

धोनी से पहले किया टीम इंडिया के लिए डेब्यू

दिनेश कार्तिक का इंटरनेशनल क्रिकेट में डेब्यू एमएस धोनी से पहले हुआ था. कार्तिक ने नवंबर 2004 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपना टेस्ट डेब्यू किया था. वहीं वनडे डेब्यू 5 सि?तंबर 2004 को इंग्लैंड के खिलाफ लॉर्ड्स में किया. वहीं टी20 डेब्यू 1 दिसंबर 2006 को साउथ अफ्रीका के खिलाफ जोहालिसबर्ग में किया था. वहीं धोनी ने अपना टेस्ट डेब्यू चेन्नई में श्रीलंका के खिलाफ दिसंबर 2005 में किया. धोनी का वनडे डेब्यू दिसंबर 2004 में बांग्लादेश के खिलाफ चटगांव में था. हालांकि टी20 डेब्यू धोनी और डीके का एक ही मैच में था, जो साउथ अफ्रीका के खिलाफ खेला गया था.

एक नजर

दरवाजे से बाइक उड़ा ले गए उचक्के

अंबा(औरंगाबाद) (नि.सं.)। कुटुंबा थाना क्षेत्र के ओरडीह निवासी अशोक मेहता की बाइक उचक्के उड़ा ले गए। बाइक उनके दरवाजे पर लगी। इस मामले में उनके पुत्र कुंदन मेहता ने पुलिस का आवेदन देते हुए बताया है कि रात को दरवाजे पर बाइक लगाकर सो गए। सुबह उठे तो बाइक गायब थी। काफी खोजबीन के बाद भी कुछ पता नहीं चल सका है। थाना अध्यक्ष अक्षयवर सिंह ने कहा कि इस मामले में आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

युवक की लू की चपेट में आकर मौत

ओबरा (औरंगाबाद) (नि.सं.)। ओबरा प्रखंड के कारा बाजार निवासी रामजी प्रसाद के 18 वर्षीय पुत्र गुड्डु कुमार की मौत हो गई है। परिजनों का मानना है कि वह लू चपेट में आ गया था। गुड्डु औरंगाबाद में डीएलएड की पढ़ाई करता था। मतदान को लेकर वह घर आया था। चुनाव में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। मतदान के बाद घर जाकर स्नान किया। देर रात उसकी तबीयत खराब होने लगी। उसे कई बार उल्टी हुई। परिजन उसे इलाज के लिए औरंगाबाद ले जा रहे थे। इसी क्रम में उसने रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। उसके निधन की खबर से घर में कोहराम सा मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। घटना की जानकारी मिलने पर पैक्स अध्यक्ष विवेक दुबे, अतुल दुबे, सर्वोत्तम कुमार, निलोतम कुमार, चंदन कुमार, संतोष खत्री, विनोद गुप्ता, पूर्व मुखिया प्रतिनिधि अरुण सिंह, सरपंच संजय सिंह उर्फ उमा यादव आदि उसके घर पहुंचे और परिजनों को सांत्वना दी। विदित हो कि वह पांच भाई और पांच बहन था। छह माह पूर्व बड़े भाई की मौत की बीमारी से हो गई थी। परिवार अत्यंत गरीब है। दुकान चलाकर परिवार का भरण-पोषण होता है। युवक का अंतिम संस्कार पुनपुन दोमुहान में किया गया। यहां पहुंचे सभी लोगों की आंखें नम थी।

हीट वेव से बचाव को लगाया ग्लूकोज का स्टॉल

गोह (औरंगाबाद) (नि.सं.)। गोह गांधी स्मारक इंटर स्कूल के समीप आईटीबीपी जवानों ने राहगीरों को ग्लूकोज पिलाया। रविवार को कमांडेंट शैलेश कुमार उपाध्याय के नेतृत्व में यह कार्यक्रम जवानों द्वारा चलाया गया। कमांडेंट ने बताया कि भीषण गर्मी को देखते हुए ठंडे पानी में ग्लूकोज मिलाकर आम लोगों को पिलाया गया है। इससे उनकी प्यास बुझेगी और हीटवेब के शिकार होने से बचेंगे। विदित हो कि जिले में गर्मी से हालत खराब है। भारी संख्या में लोग बीमार पड़ रहे हैं और जान जा रही है। ज्यादातर लोग की तबियत शरीर में पानी की कमी की वजह से खराब हो रही है। चिकित्सक भी लगातार पानी पीने की सलाह दे रहे हैं।

नौ बाल मजदूर ठेकेदार के चंगुल से हुए मुक्त

सासाराम(रोहतास) (नि.सं.)। रोहतास जिले के काराकाट थाना क्षेत्र के चिकसिल बाल गांव के एक मुसहर परिवार के नौ बच्चे करीब एक साल बाद ठेकेदार के चंगुल से मुक्त होकर रविवार को अपने गांव पहुंचे। रविवार की सुबह करीब साढ़े आठ बजे ठेकेदार बच्चों को आरा स्टेशन पर छोड़कर भाग गया। परिजन जब अपने बच्चों को गांव लाए तो उन्हें देखने के लिए पूरा गांव उमड़ पड़ा। इस संबंध में एसआई दया शंकर साह ने बताया कि बच्चों का बयान दर्ज कर लिया गया है। सभी बच्चे सकुशल घर पहुंच गए हैं। आगे की कार्रवाई की जाएगी। इस मामले में पुलिस ने भोजपुर जिले के आयर थाना क्षेत्र के बरनावा गांव निवासी विमल राम मुसहर और अगिआंव थाना क्षेत्र के जमुआंव गांव निवासी दिनेश यादव पर दबाव बनाकर रविवार को बच्चों को मुक्त कराया। सभी नौ बच्चे सरोज कुमार उम्र करीब 16 वर्ष पिता जयराम, बुला मुसहर उम्र करीब 22 वर्ष पिता भरथ राम, शंकर राम उम्र करीब 22 वर्ष पिता भरथ राम, धनजी राम उम्र करीब 12 वर्ष पिता चवनी राम, दशई राम उम्र करीब 11 वर्ष पिता गांधी मुसहर, सन्नी मुसहर उम्र करीब 12 वर्ष पिता त्रिभुवन मुसहर, किशोरी मुसहर उम्र करीब 12 वर्ष पिता दिनेश मुसहर, मोटक मुसहर उम्र करीब 12 वर्ष पिता दिनेश मुसहर व सुनर मुसहर उम्र करीब 11 वर्ष पिता स्व। अदल मुसहर अपने गांव पहुंचे। बताते चलें कि 21 मई 2024 को चिकसील बाल गांव निवासी जयराम पिता सुसु राम ने थाना में आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज करने की गुहार लगाई थी। तब मामले का खुलासा हुआ था। उस समय जयाराम ने बताया थी कि दोनों ठेकेदार करीब एक वर्ष पहले नौ बच्चों को अपने साथ ले गए थे।

मतगणना की तैयारी की डीआरओ ने की समीक्षा, चार जून को 8 बजे से 84 टेबल पर होगी मतों की गिनती

कार्यालय संवाददाता

औरंगाबाद। लोकसभा आम निर्वाचन-2024 के तहत औरंगाबाद संसदीय सीट के लिए 4 जून को होने वाली मतगणना को लेकर रविवार को औरंगाबाद के जिला निर्वाचन अधिकारी सह जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री एवं पुलिस अधीक्षक स्वपना गौतम मेश्राम ने मतगणना की तैयारी की समीक्षा की। अधिकारीद्वय ने मतगणना स्थल पहुंचकर तैयारी का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कई दिशा निर्देश दिए। जिला निर्वाची पदाधिकारी ने बताया कि मतगणना की सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई है। मतगणना शहर के सच्चिदानंद सिंहा कॉलेज में होगी। मतगणना प्रातः 8 बजे से शुरू होगी जो परिणाम आने तक जारी रहेगा। मतगणना के लिए कुल 84 टेबल बनाएं गए। है। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र वार मतों की गिनती अलग-अलग विधानसभा वार बनाए गए मतगणना कक्ष में होगी। प्रत्येक मतगणना कक्ष में 14 टेबल बनाएं गए है, जिनपर चरण वार मतों की गिनती होगी। प्रत्येक चरण में एक-एक टेबल पर एक-एक बूथ के मतों की गिनती होगी। इसी प्रकार सभी विधानसभा क्षेत्रों के लिए क्षेत्रवार बनाए गए मतगणना कक्ष में मतों की गिनती है। औरंगाबाद के सभी 6 विधानसभा क्षेत्रों के मतों की गिनती चरणवार संपन्न होने के बाद चरणवार परिणाम की घोषणा की जाएगी, जिससे यह पता चलेगा कि हर चरण की गिनती में किस प्रत्याशी ने कितने मत प्राप्त किए है। इवीएम के मतों की गणना आरंभ होने के पहले सर्वप्रथम डाक मत पत्रों की गिनती होगी। डाक मतों की गिनती दो हॉल में 5-5 टेबल पर की जाएंगी तथा डाक मत पत्रों की गणना के बाद इसके परिणाम घोषित किए जाएंगे। सभी गणना टेबल पर एक-एक सहायक निर्वाची पदाधिकारी तैनात रहेंगे। मतगणना के लिए प्रत्येक टेबल पर एक माइक्रो प्रेक्षक, एक काउंटिंग सुपरवाईजर, एक काउंटिंग सहायक, प्रेक्षक को सहयोग हेतु एक अतिरिक्त मतगणना सहायक एवं एक माइक्रो प्रेक्षक नियुक्त रहेंगे। साथ ही टेबलवार बज्रगृह से ईवीएम लाने हेतु अलग से ग्रुप डी कर्मियों को नियुक्त किया गया है। इस प्रकार एक विधानसभा क्षेत्र के काउंटिंग हॉल में 58 कर्मी तैनात रहेंगे। इस हिसाब से कुल 6 विधानसभा क्षेत्रों की मतगणना के लिए कुल 348 मतगणना कर्मी कार्यरत रहेंगे। इसके अलावा कैटेगरी वार 20 प्रतिशत मतगणना कर्मी सुरक्षित रखे जाएंगे, जिन्हे जरूरत पड़ने पर मतगणना कार्य में लगाया जाएगा। इसी प्रकार पोस्टल बैलेट की गणना हेतु प्रत्येक टेबल पर दो मतगणना सहायक, एक मतगणना सुपरवाईजर एवं एक माइक्रो प्रेक्षक की तैनाती की गई है। साथ ही डाक मतों की गिनती हेतु सभी प्रस्तावित 10 मतगणना टेबल पर पोस्टल बैलेट की गिनती के लिए एक सहायक निर्वाची पदाधिकारी भी प्रतिनियुक्त रहेंगे। इस प्रकार पोस्टल बैलेट काउंटिंग टेबल पर प्रति टेबल 4 के हिसाब से कुल 40 मतगणना कर्मी एवं दस सहायक निर्वाची पदाधिकारी मौजूद रहेंगे। वही पुलिस अधीक्षक ने बताया कि मतगणना के दौरान पूरे मतगणना परिसर में तीन लेयर सिक्यूरिटी की व्यस्था की गई है। मतगणना परिसर के अंदर बिना प्रधिकार पत्र के किसी का भी प्रवेश निषेध रहेगा। साथ ही मतगणना परिसर के आसपास भी सुरक्षा के चाक चौबंद प्रबंध रहेंगे। समीक्षा और मतगणना परिसर का जायजा लेने के दौरान औरंगाबाद नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी, नगर भवन निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता, पीएचईडी के कार्यपालक अभियंत एवं उप निर्वाचन पदाधिकारी मो। गजाली मौजूद रहे।

प्रचंड गर्मी से लोग हलकान, सूर्यदेव से कर रहे रहम की गुजारिश

कार्यालय संवाददाता

औरंगाबाद। औरंगाबाद में लोग प्रचंड गर्मी से हलकान और परेशान हैं। लोग सूर्यदेव से रहम की गुजारिश कर रहे हैं। इस वक्त औरंगाबाद राज्य के सबसे गर्म जिलों में शुमार हो रहा है। यहां का तापमान 47।7 डिग्री सेल्सियस तक दर्ज किया गया है। वहीं औरंगाबाद जिला प्रशासन और चिकित्सकों ने इस भीषण गर्मी से बचाव के लिये एडवाइजरी जारी की है। लोगों को बेवजह घर से न निकलने की सलाह दी है। फौरी तौर पर राहत और बचाव की जानकारी के लिए चिकित्सक डॉ। राजीव कुमार ने बताया कि ग्लूकोज का सेवन न करे, ओआरएस और तरल पेय पदार्थों का ज्यादा से ज्यादा सेवन करें। वही राहगीरों ने बताया कि लोग गर्मी से छटपटा रहे हैं और गर्मी अपना रिकार्ड तोड़ रही है।बहरहाल इस जानलेवा गर्मी से लोगों को राहत नहीं मिलनेवाली है, तबतक लोगो को खुद ब खुद इससे बचना होगा। गौरतलब है कि औरंगाबाद में अबतक हिट स्ट्रोक से 12 लोगों की जान चली गई है। जबकि सूत्रों के अनुसार लू ने 25 से अधिक लोगो की जान ली है। ऐसा लग रहा है कि आसमान से आग बरस रहा हो। रात में भी ठंडी हवा नही चल रही है और टंकी का पानी इतना गर्म हो रहा है कि अगले दिन सुबह तक भी गर्म ही रह रहा है। ऐसे में भीषण गर्मी और कितने लोगो की जान लेगी और लोगों को राहत कब मिलेगी, यह मौसम के मिजाज पर निर्भर है।

मैत्री परियोजना के तहत बच्चों के नामांकन की कवायद

कार्यालय संवाददाता

औरंगाबाद। ग्राम निर्माण मंडल सर्वोदय आश्रम के द्वारा मैत्री परियोजना के तहत प्रखंड समन्वयक एवं क्षेत्रीय कार्यकर्ताओं के तीन दिवसीय प्रशिक्षण की शुरुआत रविवार को अंबा में हुई। इस परियोजना के तहत समाज के 7 से 14 आयु वर्ग के ड्रॉप आउट व आनामांकित बच्चों का सर्वे किया जाएगा और उनका नाम नजदीकी सरकारी विद्यालय में लिखाया जाएगा। इसके लिए आवश्यक ट्रेनिंग दी गई। बताया गया कि जिले के ओबरा, देव, नवीनगर व कुटुंबा में पांच हजार बच्चों का नामांकन कराने का लक्ष्य रखा गया है। इसी उद्देश्य की प्राप्ति के लिए यह प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया है। परियोजना निदेशक डॉ भारत भूषण शर्मा ने समन्यवको एवं कार्यकर्ताओं को इससे जुड़ी विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि समाज में कई ऐसे बच्चे हैं जो विद्यालय तक नहीं पहुंच पाते हैं। सभी समाज के निर्माण के लिए सभी बच्चों का विद्यालय तक पहुंचाना और उनका शिक्षित होना जरूरी है। इस मौके पर सुभादीप भंडारी, विजय कुमार समेत अन्य लोग थे।

नोटिस के बाद भी नहीं हटा सड़क से अतिक्रमण

- **नोटिस उन्हें पिछले महीने ही दी गई थी और 8 मार्च तक अतिक्रमण हटा लेने का हटाने कर समय दिया गया था।**

निज संवाददाता

गोह (औरंगाबाद)। गोह बाजार में अंचल कार्यालय से नोटिस देने के बाद भी लोगों ने सड़क से अतिक्रमण नहीं हटाया। यह नोटिस उन्हें पिछले महीने ही दी गई थी और 8 मार्च तक अतिक्रमण हटा लेने का हटाने कर समय दिया गया था। अंचल कार्यालय से नोटिस मिलने और अतिक्रमणकारियों पर इसका कोई असर नहीं होने के बावजूद प्रशासन मौन है। इस दिशा में कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। विदित हो कि अतिक्रमण के चलते यहां हमेशा जाम की समस्या बनी रहती है। स्थानीय निवासी अवधेशनन्दन द्विवेदी, रोहित कुमार, अनुज कुमार, बृजमोहन वर्मा, मंजीत राणा, अमरेंद्र कुमार, अनिल शर्मा, मिथलेश यडब्ज, चितरंजन गुप्ता, संजय कुमार, विजय प्रजापति आदि ने कहा कि प्रशासन का ध्यान इस और आकृष्ट कराया है और सड़क को अतिक्रमण मुक्त करने की बात कही है ताकि सहज आवागमन बहाल हो सके।

सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे होने से आवागमन में परेशानी

निज संवाददाता

नवीनगर (औरंगाबाद)। नवीनगर प्रखंड के टंडवा से सरैया बेला होते हुए खपरमंडा तक जाने वाली सड़क की हालत काफी जर्जर है। कई जगहों बड़े-बड़े गड्ढे उभर आए हैं। ऐसे में लोगों को आवागमन करने में काफी परेशानी हो रही है। यह सड़क प्रमुख धर्मस्थल गजना धाम को भी जोड़ती है। सड़क पर आवागमन भी सघन है। सड़क में बड़े-बड़े गड्ढों के कारण अक्सर दुर्घटनाएं होती रहती हैं। स्थिति यह है कि पैदल चलने में भी लोगों को कठिनाई हो रही है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा सड़क के मरम्मत कार्य को लेकर विभाग के कई बार पत्राचार किया गया पर अब तक किसी तरह की कोई कार्रवाई नहीं की गई। ग्रामीणों ने प्रशासन का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराया है और सड़क के जीर्णोद्धार की मांग की है।

चिकित्सक पर हमले की आईएमए ने निंदा की

पटना (नि।सं।)। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने आपात बैठक कर पावापुरी में चिकित्सक पर हुए हमले की निंदा की है। संघ ने स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव को इस बाबत पत्र भी भेजा है। संघ के राज्य सचिव डॉ। संतोष कुमार सिंह ने कहा कि एक जून को पावापुरी में ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक के साथ मरीज के परिजनों ने मारपीट की। इस घटना के दोषियों को अविलंब गिरफ्तारी हो। साथ ही अस्पताल में समुचित पुलिस बल की तैनाती कर चिकित्सकों की सुरक्षा सुनिश्चित कराई जाए। इस घटना की उच्चस्तरीय जांच भी कराई जाए।

फलदार वृक्ष लगाने पर किसानों को दिया जाएगा अनुदान

कार्यालय संवाददाता

औरंगाबाद। फलदार वृक्ष लगाने पर किसानों को अनुदान दिया जाएगा। ये बातें जिला सहायक उद्यान निदेशक डॉ श्रीकांत ने कही है। उन्होंने बताया कि किसान आंवला, अमरूद, नींबू, नारियल आदि फलदार वृक्ष लगा सकते हैं। मधुमक्खी पालन व मशरूम उत्पादन के लिए भी किसानों को अनुदान दिया जाएगा। इन सबके लिए किसानों को ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करना होगा। उन्होंने बताया कि जिले में 50-50 हेक्टेयर में आंवला व अमरूद तथा 60 हेक्टेयर में नीबू लगाने का लक्ष्य है। एक किसान को कम से कम 10 पौधे लगाने होंगे और वे अधिकतम 4 हेक्टेयर भूमि में इसकी खेती कर सकते हैं। एक हेक्टेयर भूमि को एक यूनिट माना गया है जिसमें तकरीबन एक लाख रुपए अनुमानित खर्च है। 50 प्रतिशत राशि किसानों को अनुदान के रूप में दो किस्तों में वापस की जाएगी। जिले में 800 नारियल के पौधे लगाने का लक्ष्य है। एक किसान कम से कम 5 और अधिक से अधिक 712 पौधे के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। प्रति पौधा 85 रुपया खर्च आता है जिसमें 63।35 कृपया अनुदान के रूप में मिलेगा। मधुमक्खी पालन व मशरूम उत्पादन के लिए किसानों को प्रशिक्षित होना जरूरी है। पंजीकृत किसान इसके लिए आवेदन कर सकते हैं। उनके पास जमीन होना जरूरी नहीं है। मधुमक्खी पालन के लिए जिले में 1200 बॉक्स कल अच्छे हैं। एक व्यक्ति को 10 से 20 बॉक्स दिया जा सकता है। एक बक्से का कीमत 4000 रुपए है जिसमें 75 प्रतिशत अनुदान दिया जाएगा। मधुमक्खी का पालन समूह में करने की बात कही गई है। मशरूम कट योजना के तहत 20 हजार किट उपलब्ध है। एक व्यक्ति अधिकतम सौ किट के लिए ऑनलाइन कर सकता है। इसमें किसान को 90 प्रतिशत अनुदान मिलेगा। एक यूनिट की लागत 179500 रूपए है जिसमें 50 प्रतिशत राशि अनुदान दिया जाएगा। जिले में प्याज के भंडारण के लिए आठ गोदाम बनाने का भी लक्ष्य है। एक गोदाम की लागत 6 लाख रुपए है जिसमें 75 प्रतिशत अनुदान दिया जाएगा।

नल-जल योजना बंद रहने के पेयजल की किल्लत

ओबरा (औरंगाबाद)(नि.सं.)। ओबरा के मदरसा मुहल्ले के वार्ड 10 में पिछले 15 दिनों से नल-जल योजना बंद है जिससे यहां के लोगों को पानी की समस्या से जूझना पड़ रहा है। पूर्व पंस सदस्य मो नसरुद्दीन, जमुना सोनी, बैजनाथ विश्वकर्मा, मो. सदीक, प्रमोद प्रसाद, मो. चांद, संजय प्रसाद, मो. मुख्तार आदि ने बंद पड़े नल-जल घर के समीप प्रशासन के प्रति आक्रोश जताया। उन्होंने कहा कि पिछले 15 दिनों से योजना पूरी तरह बंद है। चालू कराने के लिए संबंधित लोगों से कहा जाता है तो केवल आश्वासन मिलता है। गर्मी में मोहल्लावासियों को पानी नहीं मिलने से परेशानी हो रही है। कहा कि यदि यही स्थिति रही तो वे आंदोलन करने को बाध्य होंगे। उन्होंने डीएम का ध्यान आकृष्ट कराते हुए बंद पड़े योजना को शीघ्र चालू कराने की मांग की है।

लूम की आवाज थमने से वीरान हुई गलियां, बुनकरों का पलायन, नमक-रोटी की समस्या उत्पन्न

निज संवाददाता

कुटंबा (औरंगाबाद)। कुटुंबा प्रखंड के उदयगंज समेत कई अन्य गांवों में कपड़ा बुनाई का उद्योग विकसित था। हर घर में हैंडलूम या पावरलूम चलता था। पुरुष तो पुरुष गांव की महिलाएं भी कुशल बुनकर थी। यहां बुने गए कपड़ों का निर्यात महानगरों में होता था। परिवार स्वावलंबी और खुशहाल होता था। परिवार का हर व्यक्ति कुशल बुनकर था और कपड़े की बुनाई कर आजीविका चलाता था। कालक्रम में परिस्थितियों कुछ यूं बदली कि सारे के सारे लूम बंद हो गए। कुशल कारीगर बेरोजगार हो गए। उनके सामने नमक-रोटी की समस्या उत्पन्न हो गई। ऐसे में उन्होंने अपना रुख महानगरों की ओर किया। उनकी कारीगरी से मुंबई और भिवंडी की गलियां गुलजार हुई। बुनकर महानगरों में मजदूरी पर काम करने लगे। इससे उन्हें तथा परिवार के लोगों के सामने कई तरह की समस्याएं उत्पन्न हो गई है। घर में जब यह उद्योग चलता था तब परिवार के सभी सदस्यों को काम करने का मौका मिलता था, पर अब तो एक ही कमाई पर पूरा परिवार आश्रित हो गया है। यदि इस कुटीर उद्योग को पुनर्जीवित किया जाए तो बुनकरों को फिर से स्वावलंबी होने का मौका मिल सकता है। जरूरत इस बात की है कि सरकार इस पर अमल करें और मृत पड़े इस उद्योग को पुनर्जीवित करें। प्रखंड के बेसिक स्कूल रामपुर परसा में अब बच्चों को तकली और चरखा चलाने के लिए नहीं सिखाया जाता है। एक समय यहां बच्चों को योग, खेती, अनुशासन, स्वावलंबन और मूल्यों की शिक्षा दी जाती थी। बच्चे चरखा, तकली और धुनकी चलाते थे। स्कूल के खेत में काम करते थे। चटाई बुनने से लेकर घर-गृहस्थी से जुड़े काम बच्चों को सिखाए जाते थे। बढ़ईगिरी और लोहारगिरी का काम भी बच्चों का सिखाया जाता था।

भूमि विवाद को ले हुई मारपीट, प्राथमिकी दर्ज

निज संवाददाता

रफीगंज (औरंगाबाद)। रफीगंज प्रखंड के चरकावां ढाढर गांव में भूमि विवाद को लेकर मारपीट के मामले में निरंजन कुमार ने प्राथमिकी दर्ज कराई है। उसने गांव के ही रामेश्वर यादव, बसंती देवी, हिमांशु कुमार, सोनी कुमारी, सुनीता कुमारी को नामजद आरोपी बनाया। उल्लेख किया कि बसंती देवी के पिता रामकिशुन यादव ने जमीन रजिस्ट्री के लिए पैसा ले लिए थे। उनकी मौत हो गयी है। उनकी पुत्री बसंती देवी जमीन की रजिस्ट्री नहीं कर रही है। थानाध्यक्ष गुफरान अली ने बताया कि दोनों पक्षों के आवेदन के आलोक में प्राथमिकी दर्ज कर मामले की तहकीकात की जा रही है।

ट्रैक्टर शो रूम का ताला तोड़ कर एक लाख रुपए की चोरी

निज संवाददाता

मदनपुर (औरंगाबाद)। ट्रैक्टर शोरूम से चोरी होने के मामले में एक प्राथमिकी नगर थाना में दर्ज की गई है। मदनपुर थाना क्षेत्र के महुआइन गांव निवासी संजीव कुमार ने बताया कि उनके द्वारा एक ट्रैक्टर शोरूम का संचालन एनएच-19 पर पिपरडीह मोड़ के समीप किया जाता है। शनिवार की रात शोरूम की खिड़की तोड़कर अज्ञात चोरों ने उसमें प्रवेश किया। इसके बाद गोदरेज का ताला तोड़कर उसमें रखें लगभग एक लाख रुपए चुरा लिए। शोरूम में लगे सीसीटीवी कैमरा और डिजिटल वीडियो रिकॉर्डर को भी चोर अपने साथ ले गए। रविवार को इसकी सूचना सुबह 7:30 बजे गार्ड मुकेश कुमार यादव ने उन्हें दी जो शनिवार को एक दिन की छुट्टी से लौटा था। वह सुबह शोरूम के पास गया तो खिड़की का ग्रिल उखड़ा हुआ था। इसकी सूचना उसने दी तो वे लोग यहां पहुंचे। मामले की सूचना पुलिस टीम को दी गई। प्राथमिकी दर्ज कराते हुए कार्रवाई की मांग की गई है।

मानवाधिकार संवैधानिक सुरक्षा संघ का स्थापना दिवस मना

कार्यालय संवाददाता

औरंगाबाद। रविवार को मानवाधिकार संवैधानिक सुरक्षा संघ के स्थापना दिवस का आयोजन औरंगाबाद कमांड कार्यालय में किया गया। यह एक संगठन है जो पूरी मानवता के लिए समर्पित है। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष, संस्थापक और राष्ट्रीय सचिव लालवर्ती सिंह के साथ, संस्था के संस्थापक सदस्य और मंडल प्रभारी अमर दीप पांडे तथा जिला सहयोगी सचेतनानंद मिश्रा की उपस्थिति में केक काटा गया। इस मौके पर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने सभी को संस्था के उद्देश्यों के लिए कड़ी मेहनत करने की प्रेरणा दी और संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने का संकल्प लिया। राष्ट्रीय सचिव लालवर्ती सिंह ने भारत के प्रत्येक नागरिक के मानवाधिकारों की सुरक्षा के लिए आग्रह किया। कार्यक्रम में शिवराज माली, प्रिया गुप्ता, रमा शंकर सिंह, कृष्ण मुरारी, गणेश प्रसाद, रोशन अली, डॉ. बी. नाथ, भुवनेश्वर प्रसाद, इंद्रावती देवी, उर्मिला देवी, वंदना देवी, अजय कुमार, कन्हैया गुप्ता, प्रखंड अध्यक्ष कमलेश मिश्रा, बारुन प्रखंड के उपाध्यक्ष मनोज मिश्रा, बारुन प्रखंड के सचिव अनीस सिन्हा, सदस्य अनसु पांडे, रेनू देवी, मीडिया प्रभारी मुना पाठक आदि मौजूद थे जिन्होंने समूचे कार्यक्रम की सफलता सुनिश्चित की।

जन-जन की वाणी...
सोन वर्षा वाणी
2 राज्य | 4 संस्करण
केंद्र सरकार के डी.ए.वी.पी. तथा बिहार, झारखंड एवं उत्तराखंड राज्य सरकार के आईपीआरडी से मान्यता प्राप्त
औरंगाबाद, पटना, आरा एवं रांची (झारखंड) से प्रकाशित हिंदी दैनिक
प्रकाशन के गौरवपूर्ण 25 वर्ष रजत जयंती
आवश्यकता :
25 वर्षों से निरंतर प्रकाशित हो रहे प्रतिष्ठित हिंदी दैनिक समाचारपत्र सोन वर्षा वाणी को पेजिनेटर, कॉपी एडिटर, विज्ञापन प्रबंधक, मार्केटिंग प्रतिनिधि एवं प्रत्येक जिले से पत्रकार / संवाददाता की आवश्यकता है।
इच्छुक सम्पर्क करें : 7766886433, mail : svvpress@gmail.com
नोट : अनुभव के आधार पर पद सृजित किये जायेंगें.
प्रधान कार्यालय : सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) | मो. 9934957121
आरा कार्यालय : जयहिंद कॉलोनी, नाला मोड़, आरा (भोजपुर) बिहार | मो. 9142681546
रांची कार्यालय : 204, निर्मला एन्क्लेव, रानी बागान, बरियातू हाउसिंग कॉलोनी, बरियातू, रांची (झारखंड) | मो. 7766886433

नदियों के सूखने से सिंचाई संकट गहराया

औरंगाबाद (का.सं.)। प्रखंड क्षेत्र से गुजरने वाली बतरे व बटाने नदियां सूखी हैं। नदियों में झाड़ उग आए हैं। बुजुर्ग बताते हैं कि पहले इन नदियों में वर्ष भर पानी होता था। हाल के वर्षों में ये नदियां गर्मी के दिनों में सूखने लगी। अब स्थिति यह है कि इनमें सिर्फ बरसात में ही पानी दिखता है। यदि बारिश नहीं हुई तो नदियां बरसात में भी सूखी दिखती हैं। नदियों के सूखने से सिंचाई संकट गहरा गया है। पहले इन नदियों में बांध लगाकर सिंचाई का कार्य होता था। पहाड़ी नदी होने के बावजूद खरीफ और रबी मौसम में नहर और पईन के जरिए नदी का पानी खेत तक पहुंचता था। परता के समीप बटाने नदी में वेयर बनाकर नहर निकाली गई थी। इसी नदी में मटपा में जमींदार बांध था जिससे सैकड़ों एकड़ भूमि की सिंचाई होती थी। बतरे नदी में ब्रिटिश जमाने का पक्का बांध था। यहां से पईन निकालकर कई गांव की सिंचाई होती थी।